नई दिल्ली

सोमवार, 7 जुलाई 2025

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 83

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम अधि. 36 न्यून. 30

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## एलन मस्क की ट्रंप से अब आर-पार की लड़ाई

# अमेरिका पार्टी बनाई, कहा- अमेरिकियों को उनकी आज़ादी 'वापस' दिलाऊंगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क ने अमेरिकियों को उनकी आज़ादी वापस दिलाने के लिए एक नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा की है। एलन मस्क ने पहले अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर एक पोल चलाया था, जिसमें लोगों से पूछा गया था कि क्या अमेरिका को एक नई राजनीतिक पार्टी मिलनी चाहिए। रविवार की सुबह एलन मस्क ने पोस्ट किया- 66 फीसदी लोग नई राजनीतिक पार्टी चाहते हैं और आपको यह मिल जाएगी। जब हमारे देश को बर्बादी और भ्रष्टाचार से दिवालिया बनाने की बात आती है, तो हम एक-पक्षीय प्रणाली में ▶▶ शेष पेज 5 पर

## आय समानता मामले में भारत का नया कीर्तिमान

: वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत 25.5 के गिनी स्कोर के साथ आय समानता में विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर पहुंच गया

# अत्यधिक गरीबी भी घट गई.. 17.1 करोड़ भारतीय इससे बाहर निकले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समानता के पैमाने पर भारत ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देश का गिनी सूचकांक 25.5 पर पहुंच गया है। स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस के बाद भारत समानता के मामले में चौथे स्थान पर आ गया है। गिनी इंडेक्स का मतलब यह है कि किसी देश में आय, संपत्ति या उपभोग किस तरह से घरों या व्यक्तियों में समान रूप से वितरित किया जाता है। इस मामले में भारत ने चीन और अमेरिका जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

*भारत ने चीन (35.7) अमेरिका (41.8) सहित सभी जी 7 और जी 20 देशों को पीछे छोड़ दिया*

*भारत का स्कोर उन सभी 167 देशों से बेहतर है, जिनके लिए विश्व बैंक ने डेटा जारी किया*






### आर्थिक प्रगति देश की जनसंख्या में समान रूप से साझा

केंद्र सरकार का कहना है कि यह भारत के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह दर्शाता है कि आर्थिक प्रगति किस प्रकार देश की जनसंख्या में समान रूप से साझा की जा रही है। इस सफलता के पीछे गरीबी को कम करने, वित्तीय पहुंच का विस्तार करने और सबसे अधिक जरूरतमंद लोगों तक सीधे कल्याण पहुंचाने पर केंद्रित नीतिगत ध्यान है। गिनी इंडेक्स में 0 पूर्ण समानता और 100 पूर्ण ▶▶ शेष पेज 5 पर

### केवल 30 देश कम असमानता श्रेणी में

वैश्विक स्तर पर, केवल 30 देश मध्यम रूप से कम असमानता श्रेणी में आते है। इसमें मजबूत कल्याणकारी व्यवस्था वाले कई यूरोपीय देश शामिल हैं। इनमें आइसलैंड, नॉर्वे, फिनलैंड और बेल्जियम शामिल हैं। इसमें पोलैंड जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं और संयुक्त अरब अमीरात जैसे धनी देश भी शामिल हैं। 2011 में भारत का गिनी स्कोर 28.8 था, जो अब घटकर 25.5 हो गया है। यह दर्शाता है कि देश में आर्थिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

## संभवतः 10 को हो सकता है फैसला

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए रेस में 6 नाम, जल्द फैसला



मनोहर लाल | भूपेंद्र यादव | सुनील बंसल | विनोद तावड़े | धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी जल्द ही अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कर सकती है क्योंकि पार्टी ने अपने संविधान के अनुसार आवश्यक संख्या में राज्य अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली है। वर्तमान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आधिकारिक तौर पर जनवरी 2023 में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया था, लेकिन आम चुनावों के मद्देनजर इसे जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था। उसके बाद से उनका ▶▶ शेष पेज 5 पर

■ 6 दिग्गजों में मप्र से शिवराज सिंह का नाम भी


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### बर्मिंघम में पहली बार जीता भारत




नई दिल्ली। भारत ने इंग्लैंड को 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरे मैच में रविवार को हराकर इतिहास रचा और बैजबॉल की हेकड़ी निकाल दी। भारतीय टीम को शुभमन गिल की कप्तानी में पहली जीत मिली। 58 साल का सूखा खत्म करते हुए बर्मिंघम में भारतीय टीम पहली बार जीती। यह जीत भारत के कोच गौतम गंभीर के लिए संजीवनी का काम करेगी।

### श्री रामायण यात्रा ट्रेन 17 दिन में करें 30 तीर्थ



नई दिल्ली। अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन के बाद धार्मिक पर्यटन को मिली लोकप्रियता को देखते हुए आईआर सीटीसी 25 जुलाई 2025 से महज 1.17 लाख रु. में श्री रामायण यात्रा ट्रेन शुरू कर रहा है। सफदरजंग स्टेशन से यात्रा शुरू होकर अयोध्या, नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर आदि जगह जाएगी।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का बदलेगा नाम



नई दिल्ली। रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग अब तेज हो गई है। कुछ दिन पूर्व दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन करने के मांग की थी। अब भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर इसका नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर करने की मांग की है।

## पीएम मोदी ने ब्रिक्स समिट में भारत को ग्लोबल साउथ की आवाज बताया और संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं पर तंज कसते हुए कहा कि बदलाव अब जरूरी है वरना ये सिर्फ शोपीस बनकर रह जाएंगी

# पीएम मोदी ने ब्रिक्स में भारत को बनाया 'ग्लोबल साउथ का नेता' यूएन पर निशाना

■ पीएम ने कहा- मोबाइल में सिम है पर नेटवर्क नहीं

■ भारत को बताया ग्लोबल साउथ की आवाज और समाधान का केंद्र

■ एआई के युग में हर हफ्ते तकनीक अपडेट होती है- पीएम मोदी

### पीएम मोदी ने ब्रिक्स मंच से यूएन जैसी संस्थाओं पर बोला हमला




एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स सम्मेलन के मंच से सिर्फ भाषण नहीं दिया बल्कि यह साफ संदेश दिया कि भारत अब ग्लोबल साउथ यानी विकासशील देशों की आवाज बनने को तैयार है। उन्होंने अपने पूरे संबोधन में भारत को एक जिम्मेदार, निर्णायक और नेतृत्वकारी भूमिका में पेश किया, जो सिर्फ अपने लिए नहीं, पूरे विश्व के लिए सोचता है।

सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी मौजूद थे जो लंबे समय से खुद को ग्लोबल साउथ का प्रतिनिधि बताने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इस बार पीएम मोदी ने यह दिखाया कि भारत का दृष्टिकोण सिर्फ रणनीति का नहीं, संवेदनशीलता और समाधान का है। उनका हर वाक्य ग्लोबल साउथ के लिए था और हर तंज उन संस्थाओं के लिए जो इस हिस्से की उपेक्षा करती रही हैं। ब्रिक्स समिट में ब्राजील के राष्ट्रपति लूला की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रिक्स को जो नई ऊर्जा मिली है, वो एसप्रेसो नहीं, डबल एसप्रेसो शॉट है! इस मजेदार लाइन पर हॉल में मौजूद नेताओं की हंसी भी सुनाई दी, लेकिन इसके पीछे का संदेश सीधा था- ब्रिक्स में बदलाव की भूख है, और नेतृत्व को दिशा देने वाले लीडर्स की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने बीसवीं सदी में बनी वैश्विक संस्थाओं पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा, ये संस्थाएं ऐसी हैं जैसे मोबाइल में सिम हो लेकिन नेटवर्क नहीं। इस एक वाक्य में उन्होंने यह जता दिया कि संयुक्त राष्ट्र, विश्व व्यापार संगठन और विकास बैंक जैसे संस्थान अब बिना बदलाव के अकारथ हो चुके हैं। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ब्रिक्स के मंच से आगे बढ़ेगी मानवता की बात

*पीएम मोदी ने कहा कि भारत हमेशा मानवता के हित को अपने राष्ट्रीय हित से ऊपर रखता आया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भारत ब्रिक्स जैसे मंचों पर रचनात्मक योगदान देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ब्रिक्स का यह मंच भारत और चीन दोनों के लिए अपने प्रभाव को दिखाने का अवसर रहा है। लेकिन जहां चीन लोन और कंस्ट्रक्शन के सहारे अपना प्रभाव बढ़ा रहा है। वहीं भारत ने मूल्य, विचार और समावेश के रास्ते से विश्व के दक्षिणी हिस्से का भरोसा जीतने की कोशिश की।*

### दोहरे मानदंडों का शिकार रहा है ग्लोबल साउथ

*इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'ग्लोबल साउथ अक्सर दोहरे मानदंडों का शिकार रहा है। चाहे विकास की बात हो, संसाधनों के वितरण की बात हो या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ के हितों को प्राथमिकता नहीं दी गई है। जलवायु वित्त, सतत विकास और प्रौद्योगिकी पहुंच जैसे मुद्दों पर ग्लोबल साउथ को अक्सर सिर्फ औपचारिक इशारे ही मिले हैं'। पीएम मोदी ने आगे कहा '20वीं सदी में बनी वैश्विक संस्थाएं 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में असमर्थ हैं। चाहे दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे संघर्ष हों, महामारी हो, आर्थिक संकट हो या साइबरस्पेस में नई उभरती चुनौतियां हों, इन संस्थाओं के पास कोई समाधान नहीं है।*

### दुनिया को एक नई व्यवस्था की जरूरत है

*17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा, आज दुनिया को एक नई, बहुध्रुवीय और समावेशी विश्व व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थाओं में व्यापक सुधारों से करनी होगी। सुधार केवल प्रतीकात्मक नहीं होने चाहिए, बल्कि उनका वास्तविक प्रभाव भी दिखना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 20वीं सदी में गठित वैश्विक संस्थाओं में मानवता के दो तिहाई हिस्से को पर्याप्त प्रतिनिधित्व* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को लिखा पत्र

# चंद्रचूड़ ने रिटायर होने के बाद खाली नहीं किया बंगला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**वे 6 महीने तक रह सकते थे उनको 8 महीने हो गए**

**5, कृष्णा मेनन मार्ग देश के मुख्य न्यायाधीश का आधिकारिक निवास**



पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का सरकारी बंगले में ज्यादा दिन तक रुकना अब विवाद का कारण बन गया है। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि 5, कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला तुरंत खाली करवाया जाए। यह बंगला देश के मुख्य न्यायाधीश का आधिकारिक निवास है। चंद्रचूड़ नवंबर 2024 ▶▶ शेष पेज 5 पर

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे उद्योग जगत से सीधा संवाद

# लुधियाना में वर्ष के तीसरे रोड शो का आयोजन आज



***मुख्यमंत्री लुधियाना स्थित वर्धमान टैक्सटाइल और दीपक फास्टनर जैसे प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों का दौरा भी करेंगे***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बेंगलुरु और सूरत के सफल रोड शो के बाद अब मध्यप्रदेश के निवेश संवादों की तीसरी कड़ी के रूप में 7 जुलाई को लुधियाना में रोड शो करेंगे। प्रमुख औद्योगिक शहरों में शुमार लुधियाना में यह आयोजन टैक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग और आईटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश साझेदारी के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

लुधियाना में यह रोड शो मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, नीतिगत स्थिरता और निवेश-अनुकूल वातावरण को देश के अग्रणी उद्योग समूहों के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रभावी मंच बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और उद्योग जगत की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वन टू वन बैठकें भी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लुधियाना के प्रमुख उद्यमियों और औद्योगिक समूहों के पदाधिकारियों के साथ व्यक्तिगत बैठकों में भी भाग लेंगे। इन संवादों में उद्योग प्रतिनिधियों से संभावित निवेश प्रस्तावों, साझेदारी के क्षेत्रों और आवश्यक सरकारी सहयोग जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। इन बैठकों का उद्देश्य व्यावहारिक और परिणाममूलक संवाद के माध्यम से दीर्घकालिक औद्योगिक सहयोग को मजबूत करना है।

## वेटिंग रूम निजी हाथों को सौंपे जा रहे

# प्लेटफॉर्म के वेटिंग रूम में 1 घंटा बैठने के लगेंगे 10 रुपए

बच्चा यात्री के लिए लगेंगे 5 रुपए, 15 जुलाई से नई व्यवस्था



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेल के इस बड़े फैसले से यात्रियों की जेब पहले के मुकाबले और ढीली होगी। ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन पहुंचने पर अब वेटिंग कक्ष में बैठने के लिए आपको व्यवस्थापक को 10 रुपए देने होंगे। इसके पीछे कारण वेटिंग रूम की व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपे जाने को बताया जा रहा है। एक ▶▶ शेष पेज 5 पर

# नेटग्रिड बढ़ाएगा पुलिस की ताकत अपराधियों पर कसेगा शिकंजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ खुफिया सेवाओं और जांच के लिए वास्तविक समय की जानकारी साझा करने वाले 'नेटग्रिड' ने सभी राज्य पुलिस बलों से उसके साथ संपर्क बढ़ाने, अपराध नियंत्रण तथा आपराधिक गतिविधियों की जांच के लिए उसके डेटाबेस का सक्रिय रूप से इस्तेमाल करने को कहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के सीधे अधीन कार्यरत 'नेटग्रिड' अन्य जानकारी के अलावा, गतिविधियों, संगठित आपराधिक गिरोहों, वित्तीय लेनदेन, आव्रजन, जाली मुद्रा और मादक पदार्थों के प्रचलन पर अपने डेटाबेस से वास्तविक समय की जानकारी 11 केंद्रीय एजेंसियों और सभी राज्य पुलिस बलों के साथ साझा करता है। नैटग्रिड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ▶▶ शेष पेज 5 पर

# जेएनयू दिसंबर में शुरू करेगा दूसरा पीएचडी प्रवेश चक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए पीएचडी प्रवेश के दूसरे चक्र की घोषणा की है। यह संभवतः दिसंबर में आयोजित किया जाएगा। विवि ने एक परिपत्र में कहा कि यह प्रक्रिया यूजीसी/सीएसआईआर-जेआरएफ-नेट, डी बी टी - जे आ र ए फ, आईसीएमआर-जेआरएफ और अन्य ऐसी फेलोशिप के माध्यम से संचालित की जाएगी। एक अलग अधिसूचना में जेएनयू के कुलसचिव ने शोधपत्र जमा करने के करीब वाले पीएचडी छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास सुविधा में विस्तार की अनुमति दी। परिपत्र के अनुसार, छात्र /"संबंधित विद्यालयों के पर्यवेक्षक, अध्यक्ष और डीन से विधिवत हस्ताक्षरित वचनबद्धता/" प्रस्तुत करके छात्रावास विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रशासन ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

## गडकरी ने दिल्ली के ट्रैफिक जाम से निपटने का बनाया प्लान

# अब दिल्ली से गुरुग्राम के बीच जमीन के 'नीचे' बनेगी सड़क

टनल से 15 मिनट में पूरा होगा 30 किमी का सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ट्रैफिक जाम न केवल दिल्ली में बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आने वाले कई शहरों में यही समस्या है। अब केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार दिल्ली से लेकर गुरुग्राम तक टनल सड़क बनाने की योजना पर काम कर रही है। गडकरी ने बताया कि यह टनल दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से लेकर गुरुग्राम तक बनाई जाएगी। इससे यात्रियों का काफी समय बचेगा। गडकरी ने बताया कि अभी दिल्ली से गुरुग्राम तक जाने के लिए 1 घंटे का समय लगता ▶▶ शेष पेज 5 पर



फाइल फोटो

### 30-40 हजार करोड़ रुपए का बजट

गडकरी ने बताया कि परिवहन मंत्रालय के पास दिल्ली के लिए 30-40 हजार करोड़ रुपए का बजट है। इस टनल योजना का अध्ययन हो चुका है।

## आईसीएआई सीए रिजल्ट 2025

# सीए फाइनल परीक्षा में राजन काबरा ने किया ऑल इंडिया टॉप, वृंदा ने सीए फाउंडेशन में रहीं टॉपर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रविवार को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) मई 2025 में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) फाइनल, फाउंडेशन और इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। वहीं सीए फाइनल में राजन काबरा ने ऑल इंडिया टॉप किया है।

सीए फाउंडेशन में आल इंडिया में पहली रैंक हासिल करने वाली वृंदा ने बिना कोचिंग के ही यह सफलता हासिल की। पढ़ने में हमेशा से ही अव्वल रहीं वृंदा को पिता के टैक्स एडवोकेट होने के अनुभव का भी काफी फायदा मिला। उन्होंने बताया कि इंटरनेट से भी उनको काफी कुछ मदद मिली। सोशल मीडिया से उन्होंने दूरी बनाकर रखी। राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी सोसाइटी की रहने वाली वृंदा के पिता नितिन अग्रवाल टैक्स अधिवक्ता हैं। उनकी छोटी बेटी वृंदा ने 400 में से 362 अंक हासिल किए। बेटी की इस सफलता से वह काफी खुश नजर आए। वृंदा अग्रवाल ने भी अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने पिता को दिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने इसी साल कोमर्स वर्ग में 98 फीसदी अंकों के साथ छबीलदास स्कूल से 12वीं पास की थी। इसी के साथ उन्होंने सीए फाउंडेशन की तैयारी भी शुरू कर दी। रोजाना 10-11 घंटे की पढ़ाई की। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह मायने नहीं रखता कि आप कितने घंटे पढ़ें, बल्कि आपने कितनी एकाग्रता से विषय को समझा। इसको समझने की जरूरत है। आईसीएआई ने जो सिलेबस जारी किया था, उसमें से भी उनको काफी कुछ मदद मिली। ▶▶ शेष पेज 5 पर



### काबरा और दिशा भी रहीं टॉपर



सीए फाइनल परीक्षा में मुंबई के राजन काबरा ने आल इंडिया रैंक 1 हासिल किया, वहीं सीए इंटरमीडिएट में भी मुंबई की ही दिशा आशीष गोखरू ने टॉप रैंक प्राप्त की। सीए फाउंडेशन परीक्षा में गाजियाबाद की वृंदा अग्रवाल ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। एआईआर 2 पर देवीदान यश संदीप रहे, जबकि एआईआर 3 की रैंक साझा रूप से यामिश जैन और निलय डांगी को प्राप्त हुई।

## मोरी गेट इलाके में रोडरेज का मामला

# श्रमिक को पीट पीटकर उतारा मौत के घाट, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मोरी गेट इलाके में सड़क पर हुए झगड़े में नशे में धुत तीन लोगों ने एक मजदूर की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। तीनों आरोपियों को कश्मीरी गेट और स्पेशल स्टाफ टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मरने वाले की पहचान बंटी के तौर पर की गयी है। इस सिलसिले में जिन तीन लोगों को पकड़ा गया है, उनके नाम रितेश कुमार (27), विक्की (25) और अनिल (33) है।

डीसीपी राजा बंथिया के अनुसार यह घटना 30 जून की शाम हुई थी, जब बंटी और उसका सहकर्मी गोकर्ण उर्फ राजा पीवीसी वायर रोल की डिलीवरी के बाद नया बाजार से एक तीन पहिया वाहन में लौट रहे थे। रात करीब आठ बजकर 35 मिनट पर वे नित्यनंद मार्ग स्थित खोया मंडी के पास पहुंचे, तभी एक ई-रिक्शा जिसमें तीन युवक सवार थे, उनके वाहन के सामने आ गया। तेज और लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर बहस शुरू हुई जो बाद में हिंसक हो गई। अधिकारी ने बताया कि ई-रिक्शा में बैठे एक युवक ने गोकर्ण को थप्पड़ मारा, जबकि अन्य दो ने बंटी को वाहन से बाहर निकालकर बुरी तरह पीटा, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया। भीड़ जुटती देख तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। गोकर्ण ने एक राहगीर की मदद से बंटी को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने एक जुलाई को कश्मीरी गेट थाने में मामला दर्ज किया और ई-रिक्शा के रूट को ट्रैक करने के लिए कई सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया। तीनों आरोपी लाहौरी गेट इलाके की मेवे की दुकानों में काम करते हैं और मृतक से उनका कोई पूर्व परिचय नहीं था। यह रोडरेज का मामला था।

# कैब ड्राइवरों की सीरियल किलिंग का मास्टरमाइंड किया अरेस्ट

**हत्या के बाद पहाड़ी इलाकों में ठिकाने लगाता था शव, नेपाल में बेची जाती थी कैब चालकों से लूटी गाड़ियां**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे सीरियल किलर को गिरफ्तार किया है जिसने कई कैब ड्राइवरों को मौत के घाट उतार उनकी गाड़ी नेपाल में बेची। आरोपी पहले कैब बुक करता था और रास्ते में ड्राइवरों की हत्या कर उनके शव पहाड़ी इलाकों में ठिकाने लगाता था। आरोपी अजय लांबा उर्फ बंसी इस पूरे रैकेट का सरगना बताया गया है और इसे 25 साल बाद गिरफ्तार किया गया है। 10 साल तक यह नेपाल में छिपा रहा। इसके दो साथी पहले ही सलाखों के पीछे धकेले जा चुके हैं, जो आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार आरोपी को 2021 में 100 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया था। एक साल जेल में रहने के बाद उसने बीते वर्ष उड़ीसा में अपने साथियों के साथ मिलकर ज्वैलरी की दुकान में डकैती डाली थी। इसके साथ ही अजय लांबा पर हल्द्वानी, अलमोड़ा, लोहा घाट और न्यू अशोक नगर में कैब ड्राइवरों की हत्या कर उनके शव पहाड़ों से फेंकने के मामले दर्ज हैं। पुलिस इससे पूछताछ कर यह पता लगा रही है कि उसने अब तक कितने ड्राइवरों की हत्या की है। दिल्ली और उत्तराखंड में डकैती और हत्या के 4 मामलों में यह वांछित पाया गया है। हत्या का एक केस दिल्ली के न्यू अशोक नगर थाने में 2001 में दर्ज हुआ था। अजय लांबा मूलरूप से दिल्ली के कृष्णा नगर का रहने वाला है। 1976 में जन्मे अजय ने छठी कक्षा के बाद स्कूल छोड़ दिया था और किशोरावस्था में ही आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया था। 1996 में इसने बंशी से अपना नाम बदलकर अजय लांबा रख लिया और उत्तर प्रदेश के बरेली चला गया था। वहां पर धीरेंद्र और दिलीप नेगी के साथ मिलकर इन्होंने एक हिंसक योजना चलाई, जिसमें टैक्सियां किराए पर ली जाती थी और ड्राइवरों की हत्या कर उनके वाहनों को लूटा जाता था। बाद में वाहनों को नेपाल में बेचा जाता था। लांबा 2008 से 2018 तक लगभग दस साल नेपाल में रहा और फिर अपने परिवार के साथ देहरादून चला गया। 2020 में वह कथित तौर पर ओडिशा से दिल्ली सहित भारत के अन्य हिस्सों में गांजा आपूर्ति श्रृंखला में शामिल हो गया। इसे 2021 में सागरपुर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में और फिर 2024 में उड़ीसा के बेहरामपुर में एक आभूषण की दुकान में डकैती के मामले में गिरफ्तार किया गया था। वह इन मामलों में जमानत पर था।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र निर्माण में निभाई अहम भूमिका : राजा इकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




■ सिविक सेंटर में स्थित प्रतिमा पर अर्पित की श्रद्धांजलि

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय इतिहास में एक प्रमुख व्यक्ति थे, जिनके राष्ट्रवादी विचारों और सांस्कृतिक चेतना ने राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा और सेंट्रल जोन की अध्यक्ष योगिता सिंह के साथ प्रसिद्ध राष्ट्रवादी नेता और विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी गणमान्य व्यक्ति फिरोजशाह कोटला मैदान के समीप और दिल्ली नगर निगम मुख्यालय, सिविक सेंटर में स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर एकत्र हुए, जहां उन्होंने सम्मान और स्मृति के प्रतीक के रूप में प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि हम सभी का यह भाव डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के मूल्यों और आदर्शों को बनाए रखने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम महान राष्ट्रवादी नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। महापौर राजा इक़बाल सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श और सिद्धांत पीढ़ियों को प्रेरित करते रहे हैं, और यह अवसर उनकी विरासत और योगदान को नमन करने का है। आज का यह कार्यक्रम उनकी स्मृति के लिए एक भावभीनी श्रद्धांजलि थी, जिसमें भारतीय समाज और राजनीति पर उनके स्थायी प्रभाव को उजागर किया गया। सत्या शर्मा ने कहा कि उन्होंने राष्ट्र के विकास और उसके नागरिकों के कल्याण के प्रति अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। यह कार्यक्रम डॉ. मुखर्जी के योगदान और देश की प्रगति और समृद्धि के लिए प्रयास जारी रखने की आवश्यकता की याद दिलाता है।

# चीनी मांझे पर पुलिसिया एक्शन, 1226 रोल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ तीन अलग-अलग जगहों पर हुई कार्रवाई

चीनी मांझे पर क्राइम ब्रांच ने एक्शन तेज कर दिया है। पिछले एक सप्ताह में चीनी मांझे के 1226 से अधिक रोल जब्त किए गए हैं। पुलिस ने तीन जगहों पर यह कार्रवाई की है। तीन अलग अलग एफआईआर दर्ज कर तीन आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार पहली कार्रवाई 26 जून को कमला मार्केट में, दूसरी कार्रवाई 27 जून को जीवन पार्क, उत्तम नगर और तीसरी कार्रवाई 5 जुलाई को संगम विहार, वजीराबाद में की गई। यादव के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) और रक्षा बंधन के नजदीक आने के साथ दिल्ली पुलिस ने खतरनाक चीनी मांझे की बिक्री और उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। एक नायलॉन-आधारित पतंग की डोरी जो लोगों, पक्षियों और जानवरों को कई चोटों और मौतों का कारण बन चुकी है, प्रतिबंधित होने के बावजूद बाजार में आ रही है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पहले ही कार्रवाई करते हुए इसकी अवैध बिक्री और वितरण में शामिल कई लोगों को गिरफ्तारर किया है। हम जनता से सतर्क रहने का आग्रह करते हैं। अगर आपको चीनी मांझे की बिक्री, भंडारण या उपयोग के बारे में कोई जानकारी मिलें, तो कृपया तुरंत अपने स्थानीय पुलिस स्टेशन को इसकी सूचना दें या 112 डायल करें। आपकी सूचना कई लोगों की जान बचाने में मददगार साबित हो सकती है।

पुलिस के अनुसार एक आरोपी राजू चौरसिया (51) को पकड़ा और जीवन पार्क, उत्तम नगर के एक गोदाम से प्रतिबंधित चीनी मांझे के 922 रोल बरामद किए। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह प्रतिबंधित मांझे को जाने-माने दुकानदारों को ऑफलाइन और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए बेच रहा था। आरोपी पहले अपने घर के भूतल से एक दुकान चलाता था। दूसरे मामले में सेंट्रल रेंज, क्राइम ब्रांच की एक टीम ने अरीब खान निवासी दरियागंज को उस समय पकड़ा, जब वह सेंट्रल दिल्ली में प्रतिबंधित चीनी मांझा बेचने की कोशिश कर रहा था। उसके कब्जे से प्रतिबंधित मांझे के 248 रोल बरामद किए गए। इसे कमला मार्केट से पकड़ा गया। आरोपी पहले दरियागंज में एक कपड़े की दुकान पर काम करता था। अवैध व्यापार में शामिल उच्च मार्जिन के कारण चीनी मांझा बेचना शुरू किया। तीसरे मामले में दानिश (28) को उत्तरी दिल्ली में प्रतिबंधित चीनी मांझा बेचने की कोशिश करते समय पकड़ा। उसके कब्जे से मांझे के 56 रोल बरामद किए गए। इसे संगम विहार, वजीराबाद में जाल बिछाकर पकड़ा गया। आरोपी के पिता का नाम असलम खान है और वह बबनपुरी, यूपी का रहने वाला है।

# आईएसबीटी कर्मियों में दिल्ली सरकार के प्रति रोष व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर लिखा एलजी और सीएम को पत्र

दिल्ली सरकार के कश्मीरी गेट स्थित अंतर्राज्यीय बस अड्डा (आईएसबीटी) में अनुकंपा आधार पर कार्यरत कर्मियों में दिल्ली सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। दिल्ली परिवहन विभाग के अंतर्गत संचालित दिल्ली परिवहन अवसंरचना विकास निगम (डीटीआईडीसीएल) के कर्मियों की करीब तीन दशक पुरानी मांगे पूरी नहीं हो रही हैं। परिवहन विभाग (आईएसबीटी) कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान लक्ष्मण कुकरेजा का कहना है कि पहले कांग्रेस ने हम कर्मियों की नहीं सुनी और उसके बाद आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली सरकार भी सिर्फ आश्वासन ही देती रही लेकिन उन्हें उनका हक नहीं दिया गया। एसोसिएशन द्वारा उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री को लिखे पत्र के अनुसार डीडीए से 179 कर्मियों को परिवहन विभाग भेजा गया और फिर इन्हें करीब दो दशक बाद सहमति पत्र के माध्यम से दिल्ली सरकार में स्थायी रूप से विलय कर दिया और अब इन कर्मियों का मूल विभाग परिवहन विभाग है और पदोन्नति आदि सभी संबंधित लाभ दिए जा रहे हैं। एसोसिएशन के प्रधान लक्ष्मण ने बताया कि जीएम आईएसबीटी द्वारा आयुक्त परिवहन, दिल्ली की मंजूरी से अनुकम्पा आधार पर नियुक्त 10 कर्मियों को कोई स्थायी विभाग नहीं दिया गया। एक कर्मचारी की मृत्यु के बाद बचे 9 कार्य प्रभारित नियमित कर्मियों को परिवहन विभाग यानी दिल्ली सरकार में विलय नहीं किया जा रहा है और इन कर्मियों का भविष्य अंधकार में है क्योंकि इन्हें पदोन्नति जैसे कोई लाभ नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि केवल सेवानिवृत्ति लाभ दिल्ली सरकार के कर्मियों को दिया जा रहा है, लेकिन आज तक किसी भी कर्मचारी को पदोन्नति नहीं दी गई है, जिस पद पर लगे थे उसी पद पर सेवानिवृत्ति हो कर जा रहे हैं जो इन कर्मियों के साथ अन्याय है।

# मुनिरका में स्टोर के बाहर फायरिंग करने वाले दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ इनके तीसरे साथी की तलाश जारी

दक्षिण पश्चिम जिले की किशनगढ़ पुलिस ने चार जुलाई को मुनिरका इलाके में एक स्टोर के बाहर फायरिंग करने के मामले में दो आरोपियों को पकड़ा है। इनमें एक नाबालिग शामिल है। पकड़े गए आरोपी का नाम वहार अहमद उर्फ बल्लू बताया गया है। केस में इनका तीसरा साथी फरार बताया गया है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, एक कारतूस और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार चार जुलाई को मुनिरका स्थित जेप्टो स्टोर के बाहर दो युवकों ने पत्थरबाजी की थी और एक राउंड फायर किया था। इस वारदात में कोई घायल नहीं हुआ था। पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। केस में वहार अहमद को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया है कि यह वारदात अपने किशोर साथी के साथ मिलकर की थी। आरोपी वहार ने बताया कि उसे शक था कि जेप्टो स्टोर के कर्मचारी उसकी बहन के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इसी बात से नाराज होकर उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर शराब पीने के बाद स्टोर के बाहर फायरिंग करने की योजना बनाई थी। इस वारदात में इनका तीसरा साथी ध्रुव भी शामिल था, जिसकी तलाश अभी भी जारी है।

# कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग का बदमाश पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ हरिद्वार में गोलीबारी की सनसनीखेज घटना में था शामिल

स्पेशल सेल की उत्तरी रेंज टीम ने कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग के सक्रिय बदमाश को नरेला इलाके से गिरफ्तार किया है। इस पर हरिद्वार में फायरिंग की एक घटना में शामिल होने का आरोप है। आरोपी ने पीड़ित को प्रतिद्वंद्वी मंजीत महल गैंग के प्रमुख सदस्य का चचेरा भाई होने के कारण निशाना बनाया था। 2 जून की इस घटना के बाद आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए नेपाल भाग गया था। इसके कब्जे से एक पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए हैं।

डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार इंस्पेक्टर अनुज नौटियाल और चंदन कुमार के नेतृत्व में कपिल सांगवान गैंग के बदमाश समी खान उर्फ सनी पुत्र इम्तियाज खान निवासी फगवाड़ा, पंजाब को गिरफ्तार किया है। बदमाश की उम्र महज साढ़े 18 साल बताई गई है। 2 जून को सुखी नदी, खड़खड़ी, हरिद्वार के पास एक होटल व्यवसायी पर गोलीबारी की गई थी। इस घटना के संबंध थाना कोतवाली, हरिद्वार में केस दर्ज किया गया था। जांच में यह गैंगस्टर कपिल सांगवान गैंग का काम पाया गया, जिसने अपने शूटरों को प्रतिद्वंद्वी मंजीत महल गिरोह के एक प्रमुख सदस्य का करीबी रिश्तेदार होने के कारण सांपला, रोहतक निवासी अरुण उर्फ सुखा को खत्म करने के लिए भेजा था। कपिल सांगवान उर्फ नंदू और मंजीत महल के बीच दिल्ली में गैंगवार का लंबा इतिहास रहा है। दिसंबर 2016 में मंजीत महल ने कपिल सांगवान के साले सुनील उर्फ डॉक्टर की हत्या की थी। इससे गिरोहों के बीच हिंसक प्रतिद्वंद्विता भड़क उठी। नजफगढ़ और दिल्ली एनसीआर के आसपास के इलाकों में दोनों गिरोहों के बीच संघर्ष में एक दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी हैं। वर्तमान में मंजीत महल तिहाड़ जेल में बंद है, जबकि कपिल सांगवान उर्फ नंदू विदेश से अपनी गतिविधियां चला रहा है। आरोपी सामी खान उर्फ सनी का जन्म नेपाल के बीरगंज में हुआ था, जहां उसके पिता की डेंटिंग-पेंटिंग की वर्कशॉप थी। 2015 में आए भूकंप के बाद, जिसमें काफी नुकसान हुआ, परिवार पंजाब के फगवाड़ा में स्थानांतरित हो गया। वहां उसके पिता ने जालंधर में एक वर्कशॉप में काम करना शुरू कर दिया। सामी खान ने फगवाड़ा के एक सरकारी स्कूल से 10वीं की शिक्षा पूरी की। अपने स्कूली दिनों के दौरान वह गैंगस्टरों के प्रति आकर्षित हो गया, जिसके कारण उसकी पढ़ाई में रुचि कम हो गई। वह छोटी-मोटी लड़ाइयों में शामिल होने लगा और इलाके में अपना दबदबा कायम करने की कोशिश में उसने हिमांशु नामक एक कुख्यात अपराधी से दोस्ताना संबंध बनाए। फगवाड़ा के एक स्थानीय अपराधी से अपना हिसाब चुकता करने के लिए सामी खान नंदू गिरोह में शामिल हो गया।

## किशोर ने की नाबालिग रिश्तेदार की हत्या

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके में झगड़े के बाद अपने 15 वर्षीय रिश्तेदार की कांच के टुकड़े से हत्या करने के आरोप में एक किशोर को पकड़ा गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस को रविवार को एलबीएस अस्पताल से रात करीब 12:06 बजे एक मृत लड़के इमरान के मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) के बारे में सूचना मिली। वे तुरंत अस्पताल पहुंचे और पीड़ित की बहन शबाना से मिले। पुलिस के अनुसार, शबाना ने बताया कि एक लड़के ने इमरान पर कांच के नुकीले टुकड़े से हमला किया था, जिससे उसके बाएं हाथ के नीचे गंभीर चोट आई। इलाज के दौरान इमरान की मौत हो गई। देर रात पुलिस ने नियमित गश्त के दौरान प्रीत विहार में एक लड़के को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने झगड़े के दौरान पीड़ित पर चाकू से हमला करने की बात कबूल की। उसे तुरंत हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई के लिए मंडावली थाने को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि पीड़ित और आरोपी एक ही समुदाय से हैं और रिश्तेदार हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

## जल्द से जल्द दिल्ली सरकार और एमसीडी को देना चाहिए ध्यान

# आदर्श नगर : खुला नाला हो सकता है जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम का प्रशासन आगामी मानसून में जलभराव नहीं हो सके, इसको लेकर दिन-रात सातों दिन तैयारी में जुटा हुआ है लेकिन इस तैयारी के दौरान इन दिनों भी जगह- जगह अनियमितताएं भी देखने को मिल रही है। ताजा मामला आदर्श नगर बस स्टैंड के आसपास के क्षेत्र से सामने आया है। यहां दो दिन पहले हुई बारिश के दौरान खुला हुआ नाला जलभराव के चलते किसी को नजर नहीं आ रहा था जिसके चलते नाले में एक गाय गिर गई और इसके साथ ही एक माता व बेटा भी बाल बाल बचे।

जानकारी के अनुसार बता दें कि करीब तीन सप्ताह के पहले जहांगीर पुरी मेट्रो बस स्टैंड से आदर्श नगर बस स्टैंड की तरफ मुख्य सड़क के साथ लगने वाले बड़े नाले से स्लैब को उखाड़कर गहराई से नाले की सफाई की गई है और वहीं साइड में ही सिल्ट डाली हुई है लेकिन अभी तक सिल्ट नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुक्रवार को आदर्श नगर इलाके में जमकर बारिश हुई तो यह उखाड़ा गया बड़ा नाला जलभराव के चलते पता नहीं चला।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि समय रहते यदि यहां बड़े नाले को ढ़का नहीं गया और भारी बारिश में जलभराव हुआ तो यहां सब कुछ एक जैसा ही हो जाएगा और पता ही नहीं चल पाएगा कि खुला नाला कहां है और वाहन चालक या आवारा पशु इसमें गिर सकते हैं। लोगों ने बताया कि दिल्ली सरकार को जल्द से जल्द इस पर ध्यान देना चाहिए ताकि मानसून में अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# कटोरा लेकर बेरोजगार बस मार्शलों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित पालिका बाजार पर दिल्ली सिविल डिफेंस के बेरोजगार बस मार्शलों ने अपने सुनिश्चित रोजगार की मांग को लेकर कटोरा लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व बस मार्शल करीब 20 महीने से भाजपा के आश्वासन पर प्रदर्शन कर रहे हैं। अब दिल्ली में भाजपा सरकार बने हुए 5 महीने हो चुके हैं, इसके बाद भी अभी तक भाजपा सरकार ने रोजगार नहीं दिया है लेकिन अब सब्र का बांध टूट चुका है दिल्ली में अलग-अलग स्थान पर जाकर अपने रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। पूर्व बस मार्शल ने बताया कि धरना प्रदर्शन के दौरान भगवान दास, अशोक पासवान, मुकेश कुमार, सोनिया, रेखा, पंकज गौतम, भावना, प्रेमजीत सिंह, बड़ी संख्या में बेरोजगार मार्शल मौजूद रहे।

### जेपी नड्डा और सीएम रेखा ने आयुष्मान भारत रजिस्ट्रेशन वैन को किया

# दिल्ली सरकार ने 1429 स्वास्थ्य कर्मियों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में 1,388 नर्सिंग अधिकारियों एवं 41 पैरा-मेडिकल स्टाफ को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। ये नियुक्ति पत्र केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खुद अपने हाथों से कर्मचारियों को प्रदान किए। इस अवसर पर आयुष्मान भारत पंजीकरण वैन को भी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद प्रवीण खंडेलवाल, रामवीर सिंह बिधूड़ी, बांसुरी स्वराज, तथा कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा एवं रविंद्र इंद्राज सिंह सहित अनेक विधायक व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि यह केवल नियुक्ति अभियान नहीं, बल्कि दिल्ली की सार्वजनिक स्वास्थ्य भर्ती प्रणाली में 15 वर्षों की रिक्तता को भरने की ऐतिहासिक पहल है। ये नियुक्तियां राजधानी की स्वास्थ्य प्रणाली में विशेषज्ञ मानव संसाधन के एक नए युग की शुरुआत हैं। यह सब दिल्ली की जनता के हालिया जनादेश की बदौलत संभव हुआ है। आपने जो बटन दबाया, उसी ने इस बदलाव का रास्ता खोला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने दिल्ली के लिए 1,700 करोड़ रुपए का बजट आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के लिए दिया था।

दुर्भाग्यवश, 2021 से फरवरी 2025 तक उस राशि में से एक भी रुपया खर्च नहीं किया गया। अब एक सक्रिय सरकार के आने से हमें पूरी आशा है कि यह राशि आगामी आठ महीनों में दिल्ली की जनता के हित में पूरी तरह उपयोग हो जाएगी। नड्डा ने इस अवसर पर कहा कि हम अब उपचार से रोकथाम की ओर बढ़ रहे हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से नागरिकों के लिए उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर आदि की निशुल्क जांच सुनिश्चित कर रहे हैं। यह एक समग्र, संवेदनशील और पूर्व-निरोधात्मक दृष्टिकोण है, जो पहले की दिखावटी योजनाओं जैसे मोहल्ला क्लीनिक से कहीं आगे है। इस अवसर र मुख्यमंत्री ने रेखा गुप्ता ने कहा कि आज का दिन दिल्ली के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में याद किया जाएगा, जब वर्षों बाद इतने बड़े स्तर पर लगभग 1,400 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। यह उनकी सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब दिल्ली के प्रत्येक अस्पताल को अपना अलग मेडिकल सुपरिटेंडेंट मिला है, जबकि पहले एक एमएस को कई अस्पतालों की जिम्मेदारी निभानी पड़ती थी जिससे सेवा की गुणवत्ता प्रभावित होती थी। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि यह नियुक्तियां केवल रोजगार नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा के पवित्र अवसर हैं।

उन्होंने नव नियुक्त कर्मियों से आह्वान किया कि वे इस जिम्मेदारी को सेवा-भाव, करुणा और प्रतिबद्धता के साथ निभाएं और एक मजबूत व उत्तरदायी स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण में भागीदार बनें। इन नियुक्तियों से दिल्ली के अस्पतालों में वर्षों से चली आ रही स्टाफ की कमी को दूर किया गया है। आज नियुक्त हुए सभी नर्सिंग अधिकारियों और पैरामेडिकल स्टाफ का दिल्ली की स्वास्थ्य सेवा में हार्दिक स्वागत है। यह केवल सेवा नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सुनहरा अवसर है। हर मरीज को करुणा और समर्पण के साथ देखें। यही हमारे कार्य का उद्देश्य होना चाहिए। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये सभी नव नियुक्त कर्मी दिल्लीवासियों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि सरकार दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं को समावेशी, आधुनिक और नागरिक केंद्रित बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह शुरुआत भर है, असली परिवर्तन अभी बाकी है।

### ये नियुक्ति पत्र केवल नौकरी नहीं, बल्कि एक पवित्र जिम्मेदारी का हैं प्रतीक : नड्डा

जेपी नड्डा ने कहा कि आज दिए गए नियुक्ति पत्र केवल नौकरी नहीं, बल्कि एक पवित्र जिम्मेदारी का प्रतीक हैं। नर्सें और स्वास्थ्यकर्मी धरती पर ईश्वर के दूत होते हैं। इसे केवल रोजगार नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का माध्यम समझा जाना चाहिए। नड्डा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में एम्स की संख्या बढ़कर 22 हो गई है, मेडिकल कॉलेज 387 से बढ़कर 780 हो गए हैं और मेडिकल सीटें 51,000 से बढ़कर 1.18 लाख तक पहुंच गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले पांच वर्षों में केंद्र सरकार का लक्ष्य और 75,000 सीटें जोड़ने का है और दिल्ली को इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

### आयुष्मान योजना के तहत अब तक 4 लाख से अधिक लोगों का हो चुका पंजीकरण : रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी सरकार ने अपने पहले ही दिन की पहली कैबिनेट बैठक में आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दी थी। उन्होंने इसे तत्काल प्राथमिकता दी और त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया, जिसका सकारात्मक असर अब साफ तौर पर देखा जा सकता है। अब तक दिल्ली में 4 लाख से अधिक पात्र नागरिकों का पंजीकरण हो चुका है, जिनमें से 2 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिक वय वंदना योजना के तहत शामिल हुए हैं। इसके अतिरिक्त, 2,258 से अधिक मरीजों को योजना के तहत अस्पताल में मुफ्त उपचार मिल चुका है। वर्तमान में दिल्ली के 108 अस्पताल आयुष्मान भारत के तहत पैनल में शामिल हैं और यह संख्या निरंतर बढ़ रही है।

# मुनक नहर पर लगेंगे सोलर पैनल : प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार जल संरक्षण और नवीकरणनीय ऊर्जा उत्पादन की दिशा में एक साहसिक और दूरदर्शी पहल करते हुए दिल्ली क्षेत्र में आने वाली मुनक नहर के दोनों किनारों पर चार फीट ऊंची दीवार बनाकर सोलर पैनल लगाएगी। इस बात की जानकारी रविवार को दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दी है। प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि पिछले सप्ताह उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली क्षेत्र की मुनक नहर का दौरा किया और स्थिति की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के बाद यह तय किया गया कि दिल्ली सीमा में आने वाले हिस्से में नहर के दोनों किनारों पर चार फीट ऊंची दीवार बनाई जाएगी, जिन पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। मंत्री प्रवेश ने कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना फिलहाल व्यवहार्यता आकलन के चरण में है और इसका उद्देश्य भारी जल हानि को रोकना, स्वच्छ बिजली का उत्पादन करना और नहर के किनारे की सफाई व सुरक्षा को बेहतर बनाना है। प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि मुनक नहर दिल्ली की जलापूर्ति की जीवन रेखा है। लेकिन मौजूदा स्थिति में यह भारी जल हानि, प्रदूषण और दुर्घटनाओं का स्त्रोत भी बन चुकी है।

इसे सोलर पैनलों से ढकने की हमारी योजना जल बचाने, स्वच्छ ऊर्जा पैदा करने और नहर को सुरक्षित व आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि यह पहल केवल पानी बचाने की नहीं है, यह लोगों की जान बचाने, स्वच्छ ऊर्जा पैदा करने और दिल्ली की जल संरचना को स्मार्ट और सुरक्षित बनाने का अभियान है। हम ऐसे नवाचारों के लिए प्रतिबद्ध हैं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए संसाधनों की रक्षा करें और जनता की सेवा में उपयोगी साबित हों।फिलहाल इस परियोजना पर विस्तृत तकनीकी अध्ययन और योजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसके अगले कुछ महीनों में पूरा होने की उम्मीद है।

मंत्री प्रवेश ने बताया कि निरीक्षण के दौरान नहर में गंभीर जल हानि सामने आई। दो मुख्य शाखाओं दिल्ली सब ब्रांच (डीएसबी) और कैरीयर लाइनड चैनल (सीएलसी)में काफी रिसाव और गैर-प्रभावी जल प्रवाह पाया गया। मंत्री ने बताया कि डीएसबी में लगभग 30 प्रतिशत पानी रिसाव और वाष्पीकरण के कारण नष्ट हो रहा है। वहीं सीएलसी में लगभग 5 प्रतिशत पानी की हानि हो रही है, जो संख्यात्मक रूप से कामी है। वहीं मंत्री प्रवेश ने बताया कि इसके अतिरिक्त, मुनक नहर के खुले और असुरक्षित हिस्सों में कचरा फेंकने और डूबने की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं, जो राहगीरों और आसपास के लोगों के लिए खतरा बनती जा रही हैं।

### डीटीसी पेंशन धारकों को समय पर नहीं मिल रही पेंशन, दिल्ली सरकार से की अपील

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के सेवानिवृत्त करीब 18 हजार पेंशनधियों को समय पर पेंशन नहीं मिलने से कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर डीटीसी संगठन, डीटीसी सेवानिवृत कर्मचारी संघ ने दिल्ली सरकार से अपील करते हुए आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस मुद्दे पर संगठन के महामंत्री बाला दत्त ने बताया कि यह सही है कि डीटीसी पेंशन धारकों को समय सीमा बीतने के लगभग एक सप्ताह बाद भी जून महीने की पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है। अप्रैल की पेंशन का भुगतान भी मई में 13 तारीख को हुआ था। उन्होंने कहा पिछली केजरीवाल सरकार के समय भी पेंशन लगातार देरी से मिल रही थी। उस समय सांसद व वर्तमान में उप मुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा ने उपराज्यपाल महोदय से मीटिंग कर पेंशन के लिए फंड जारी करवाया था।

### बिजली व जल संकट से जूझ रहे हैं दिल्लीवासीः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के आवास पर टिप्पणी करते हुए कहा कि दिल्लीवासी भीषण गर्मी में बिजली और जल संकट से जूझ रहे हैं, तब भाजपा नेता जनता के टैक्स के पैसों से शाही ठाठ-बाट में डूबे हुए हैं। यादव ने विधानसभा पर कहा कि वो अपने लिए शौच महल बना रहे है। उन्होंने कहा कि मैंने स्पीकर के करोड़ों से बन रहे आवास को शौच महल नाम दिया है। जबकि इससे पहले सीएम रेखा गुप्ता के नए बंगले को फूलकुमारी निवास नाम दिया था। यादव ने आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता के सरकारी आवास (बंगला नः 9, श्यामनाथ मार्ग) पर अब तक 2.35 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। जिसमें से 94.69 लाख रुपये सिर्फ शौचालय और स्नान गृह के नवीनीकरण पर खर्च हुए हैं।

### डीयू में सिखों के संघर्ष पर आधारित पाठ्यक्रम शुरू होने पर पीएम का जताया आभार : सिरसा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय इतिहास में सिख शहादत (1500–1765) से जुड़े स्नातक पाठ्यक्रम शुरू करने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। सिरसा ने कहा कि डीयू का यह कदम सिख समुदाय की न्याय, स्वतंत्रता और मानव गरिमा के लिए अडिग संघर्ष को सम्मान देने वाला एक ऐतिहासिक कदम है। मंत्री सिरसा ने कहा कि यह सिर्फ एक पाठ्यक्रम नहीं है, यह हमारे गुरुओं को दी गई एक सभ्यतागत श्रद्धांजलि है। खासकर गुरु तेग बहादुर जी को, जिनका संदेश आज भी हमें सत्य के पक्ष में खड़े होने और दूसरों के अधिकारों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। यह पाठ्यक्रम छात्रों को सिख इतिहास, पहचान और बलिदान से परिचित कराएगा, जिसमें समाज सेवा, नेतृत्व और आध्यात्मिक साहस को विशेष रूप से शामिल किया जाएगा। इसके अंतर्गत फील्ड विज़िट, आर्काइव रिसर्च और डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग्स जैसी गतिविधियां भी होंगी ताकि छात्र-छात्राएं सिख इतिहास को गहराई से समझ सकें।

### गुरुद्वारा कमेटी ने कहा डीयू में सिख इतिहास पर अंडर ग्रेजुएट कोर्स शुरू करना सराहनीय कदम

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीपीसी) ने बयान जारी कर कहा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) द्वारा सिख शहादतों और बहादुरी के इतिहास पर अंडर ग्रेजुएट कोर्स शुरू करना मोदी सरकार का सराहनीय कदम है। इसके लिए कमेटी पीएम नरेंद्र मोदी विशेष तौर पर धन्यवाद करती है। इस बारे में कमेटी अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों न संयुक्त बयान में कहा कि सिख इतिहास पर कोर्स से पूरी दुनिया को सिख गुरु साहिबान और सिख योद्धाओं द्वारा मुगलों और अंग्रेजों से किए गए संघर्ष की जानकारी मिल सकेगी। पहले सिख गुरु गुरु नानक देव से लेकर दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह द्वारा खालसा की स्थापना, गुरु साहिबान और सिख जनरलों द्वारा दी गई शहादतें और मुगलों व अंग्रेजों से किया गया संघर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण इतिहास है। उन्होंने कहा कि अकादमिक स्तर पर इसे सही तरीके से नहीं पढ़ाया गया, पर यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल है कि सिख इतिहास को पढ़ाने की दिशा में प्रयास किए गए और अब दिल्ली यूनिवर्सिटी द्वारा एक पूर्ण अंडरग्रेजुएट कोर्स शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे युवा पीढ़ी को सिखों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी जो अब अकादमिक विषयों का हिस्सा बनेगी।

# सहकारिता आंदोलन विकसित भारत की एक मजबूत आधारशिला : विजेंद्र

### विधानसभा अध्यक्ष ने दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन अब विकसित भारत की एक मजबूत आधारशिला के रूप में उभर रहा है। यह विचार रविवार को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किए। वहीं अध्यक्ष ने इस अवसर पर आयोजित दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत आज जब एक समावेशी और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, ऐसे में सहकारिता क्षेत्र को भी अपनी भूमिका का विस्तार करते हुए नए-नए क्षेत्रों में सक्रियता से भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति में यूनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटीज फेडरेशन ऑफ दिल्ली लिमिटेड द्वारा 'सहकारिता वर्ष, संग्रह और सहयोग सम्मान समारोह' के अंतर्गत आयोजित किया गया था। अपने संबोधन में विजेंद्र गुप्ता ने सहकारी संस्थाओं से आग्रह किया कि वे पारदर्शिता बनाए रखें, आधुनिक तकनीकों को अपनाएं, और नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें, ताकि वे वर्तमान सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का प्रभावी रूप से सामना कर सकें। उन्होंने सहकारी नेताओं और सदस्यों से आह्वान किया कि वे इस अंतरराष्ट्रीय वर्ष को एक अवसर के रूप में लें, ताकि सहकारिता मॉडल के लाभों के प्रति जनजागरूकता बढ़े और युवाओं को एक अधिक न्यायपूर्ण और सतत भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया जा सके।

### पहले बैठक के लिए जगह ढूंढनी होती थी, अब जिला स्तर पर हैं कार्यालय : सचदेवा

नई दिल्ली। पहले बैठक के लिए हमें कोई ना कोई जगह ढूंढनी होती थी लेकिन आज हमारा जिला स्तर पर कार्यालय है यह हमारा सौभाग्य है। हमारा कार्यालय एक कार्य पद्धति का अंग है और हमारे कार्यकर्ताओं को संस्कारित करने का केन्द्र है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा दिल्ली एवं हरियाणा के 6 जिला कार्यालयों का डिजिटल उद्घाटन के बाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यह संबोधन दिया। यहां सचदेवा ने उन सभी संगठन के महापुरुषों को याद किया जिन्होंने संगठन को मजबूती देने में अपना पूरा जीवन बिता दिया। प्रदेश के अनुसार कार्यक्रम में मंचासीन राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहनलाल बडोली का दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी मुख्यालय विस्तार में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में दिल्ली एवं हरियाणा के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में दिल्ली भाजपा के महरौली, बाहरी दिल्ली एवं पश्चिमी दिल्ली के जिला कार्यालयों के साथ ही हरियाणा के झज्जर, सिरसा एवं कुरुक्षेत्र के जिला कार्यालयों का डिजिटल उद्घाटन किया।

### हर्ष विहार में नकाबपोश बाइक सवार व्यक्ति की सोने की चेन छीनकर हुए फरार

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात नकाबपोश बदमाश साइकिल से जा रहे एक व्यक्ति की सोने की चेन कथित तौर पर छीनकर फरार हो गए। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर्ष विहार लाल बत्ती के पास शनिवार रात करीब 11:15 बजे जब पीयूष रंजन दास (43) साइकिल से जा रहे थे तब, दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पीछे से उनके पास आए। दास ने कहा कि पीछे बैठे बाइक सवार ने मेरे कंधे पर वार किया। इससे पहले कि मैं कुछ कर पाता उन्होंने मेरी चेन छीन ली और भाग गए। उन्होंने बताया कि चेन सोने की थी और इसका वजन लगभग 15 से 20 ग्राम था। घटना के समय इलाके में काफी रोशनी थी, लेकिन अपेक्षाकृत यह सुनसान था। दास ने बताया कि दोनों संदिग्धों ने कथित तौर पर नकाब पहना हुआ था, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल है। पुलिस ने बताया कि घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने सुभाष प्लेस थाने में मामले की सूचना दी। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की प्रासंगिक धाराओं के तहत ई-प्राथमिकी दर्ज की गई है और जांच जारी है।

### दिल्ली के कई हिस्सों में हुई बारिश

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार वीकेंड रविवार की सुबह का स्वागत हल्की बारिश ने किया। हालांकि मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया था, लेकिन बारिश कम हुई। बारिश का असर दक्षिण, पश्चिम व बाहरी दिल्ली के कई क्षेत्रों में देखने को मिली। बावजूद इसके दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में बादलों की चादर बिछी रही। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच राजधानी में सबसे ज्यादा बारिश बाहरी दिल्ली के नजफगढ़ में 19 मिमी दर्ज की गई। जबकि सफदरजंग वेधशाला में 0.8 मिमी बारिश देखने को मिली। वहीं लोधी रोड 1.5 मिमी, राजघाट में 0.1 मिमी और मुंगेशपुर में 0.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने सोमवार के लिए ताजा अनुमान व्यक्त करते हुए येलो अलर्ट जारी करते हुए संभावना जताई है कि आसमान में बादल छाए रहेंगे, हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज, बिजली चमक सकती है। वहीं मंगलवार से शनिवार के लिए ग्रीन अलर्ट जारी करते हुए आईएमडी ने कहा कि आसमान में बादल छाए रहेंगे, हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज, बिजली चमक सकती है।

### पिछले 11 दिनों से लगातार दिल्ली की हवा रही साफ, एक्यूआई संतोषजनक दर्ज

# पिछले दो दिनों में लैंडफिल साइट्स से 32 हजार 551 मीट्रिक टन कचरे का किया गया निपटान : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पिछले दो दिनों से लैंडफिल साइटों से 32 हजार 551 मीट्रिक टन कचरे का निपटान किया गया। इसमें सबसे ज्यादा भलस्वा लैंडफिल साइट से 16 हजार 153 मीट्रिक टन कचरे का निपटान किया गया वहीं ओखला लैंडफिल साइट से 5 हजार 787 मीट्रिक टन और गाजीपुर लैंडफिल साइट से 10 हजार 611 मीट्रिक टन कचरे का निपटान किया गया। इस बात की जानकारी रविवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है। मंत्री सिरसा ने प्रोसेस किए गए कचरे का ब्योरा देते हुए बताया क दिल्ली में इनर्ट वेस्ट 26 हजार 671 मीट्रिक टन, निर्माण और डेमोलिशन वेस्ट 3 हजार 125 मीट्रिक टन और रिफ्यूज़ डिराइव्ड फ्यूल (आरडीएफ)2 हजार 756 मीट्रिक टन कचरे का निपटान किया गया। वहीं मंत्री सिरसा ने बताया कि पिछले दो दिनों 5 और 6 जुलाई में 10 हजार 970 मीट्रिक टन कचरे की सफाई की गई। 9 हजार 199 किलोमीटर सड़कों की सफाई मशीन से की गई। वहीं 1,276 किलोमीटर सड़कों पर 720 किलोलीटर एसटीपी ट्रीटेड पानी का छिड़काव किया गया। वहीं 2,231 मीट्रिक टन निर्माण और डेमोलिशन वेस्ट उठाया गया। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने रविवार को बताया कि पिछले 11 दिनों से दिल्ली की हवा साफ दर्ज की गई। पर्यावरण विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, रविवार का औसत एक्यूआई 75 दर्ज किया गया।

बवाना सबसे कम 61 एक्यूआई दर्ज किया गया जबकि विवेक विहार और पंजाबी बाग क्रमशः 73 और 64 एक्यूआई दर्ज किया गया। मंत्री ने कहा कि आमतौर पर जून और जुलाई को दिल्ली में वायु प्रदूषण के लिहाज़ से साफ़ महीनों में नहीं गिना जाता था जबकि सितंबर–अक्टूबर ही वो समय होते थे जब हवा बेहतर होती थी। लेकिन इस साल साफ हवा के दिन दो महीने पहले आ गए हैं, जो कि एक दशक में सबसे बेहतरीन मिड-ईयर एयर क्वालिटी प्रदर्शन है। यह बदलाव फील्ड एक्शन, लैंडफिल प्रबंधन और ज़मीनी स्तर की तालमेल वाली कार्यवाही का नतीजा है। मंत्री सिरसा ने कहा कि दिल्ली में बदलाव का दौर शुरू हो चुका है। देश की राजधानी अब पहले से बेहतर और ज़्यादा साफ हवा में सांस ले रही है। पहले साफ हवा आमतौर पर सितंबर–अक्टूबर में आती थी, लेकिन इस बार यह बदलाव जून-जुलाई में ही देखने को मिला।

## खबर संक्षेप

### पुलिस की पाठशाला का आयोजन

**फरीदाबाद।** सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत पाखल गांव में



पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने नशे के दुष्परिणामों के साथ-साथ अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी स्थानीय लोगों को जागरूक किया। इसके अलावा टीम ने पाखल गांव में डोर टू डोर सर्वे का कार्य भी किया।

### अवैध हथियार रखने वालों पर प्रहार, 2 को दबोचा

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।



इसी क्रम में फरीदाबाद पुलिस की क्राईम ब्रांच की टीमों ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार टीम ने तन्नू मित्तल निवासी एसजीएम नगर फरीदाबाद को एक देसी कट्टा सहित सेक्टर 48 एरिया से गिरफ्तार किया है।

### ऑटो चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** आटो चुराने के मामले में पुलिस ने आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से आटो को बरामद



कर लिया है। थाना पल्ला में अखिलेश निवासी सूर्या विहार पार्ट-2 फरीदाबाद ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया की 18 जून को उसका ऑटो उसके प्लॉट से किसी नामपता नामालुम व्यक्ति ने चोरी कर लिया था जिस संबंध में थाना पल्ला में चोरी से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। फरीदाबाद को ऑटो सहित सूर्या विहार पार्ट-3 से गिरफ्तार किया है।

# राजनगर एक्सटेंशन में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा ने बिखेरा भक्ति का प्रकाश

## रथ यात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद





राजनगर एक्सटेंशन में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा रविवार को निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन इस्कॉन टेंपल के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्य अतिथि थे। यह रथ यात्रा स्थानीय शिव मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे राजनगर एक्सटेंशन में भ्रमण करते हुए पुनः वहीं संपन्न हुई। हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और भक्ति संगीत पर नृत्य कर भगवान के प्रति प्रेम व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान दामोदर लीला प्रभु जी (वरिष्ठ भक्त, इस्कॉन) ने इस्कॉन के कुमाऊं एवं उत्तराखंड के ज़ोनल सुपरवाइज़र आदि करता प्रभु जी का स्मृति चिन्ह, पुष्प माला और फूलों से भव्य स्वागत किया। महोत्सव की शोभा बढ़ाने के लिए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भगवान की झांकियों का मनोहारी प्रस्तुतीकरण किया। इस्कॉन के ब्रह्मचारियों द्वारा संकीर्तन पर किया गया नृत्य तथा आधुनिक रॉक बैंड के साथ कीर्तन ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। आयोजकों का कहना है कि आयोजन का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के बीच प्रेम, एकता और भगवान के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना। श्रीकृष्ण और श्रीजगन्नाथ जी की लीलाओं और उपदेशों को जन-जन तक पहुँचाया जाए। गाज़ियाबाद विकास मंच के संयोजक अभिषेक शर्मा व उनकी पूरी टीम एवं वरिष्ठ समाजसेवी निखिल त्यागी व उनकी टीम ने प्रसाद वितरण, यात्रा प्रचार-प्रसार और जन-जागरण जैसे विभिन्न कार्यों में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

## आरपीएस पाल्म ड्राइव के निवासियों ने की थी सड़क बनाने की मांग

# मंत्री नागर ने अधिकारियों को शिकायत मिलते ही दिया सड़क एस्टीमेट बनाने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गांव टिकावली के ग्रामीणों की बिजली की समस्या को भी दूर करने के तुरंत दिए निर्देश

मंत्री नागर के निवास पर लोगों ने समस्याओं से अवगत कराया था



प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर के निवास भतोला पर रविवार को फिर खुला दरबार लगा जिसमें लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। इनमें सेक्टर 88 स्थित आरपीएस पाल्म ड्राइव सोसाइटी के लोगों ने कच्ची खेड़ी रोड को बनाने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि बरसात का मौसम है और सड़क टूटी होने से उन्हें दिक्कत हो सकती है। उन्होंने बताया कि सड़क के लिए वह निगम पार्षद के पास भी गए थे लेकिन यह सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग बनाएगा। जिस पर मंत्री राजेश नागर ने जल्द से जल्द एस्टीमेट बनाने के पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सड़क बनाने के साथ-साथ इस पर भरपूर रोशनी की व्यवस्था भी की जाए। इसके बारे में जल्द ही मौका मुआयना कर अधिकारी एस्टीमेट बना लेंगे और उसका निर्माण प्रारंभ हो जाएगा। इसी प्रकार गांव टिकावली के लोगों ने उनके यहां बिजली की ओवरलोड की समस्या बताई जिसके कारण बार-बार फाल्ट होने से विद्युत आपूर्ति में दिक्कत आती है।

मंत्री नागर ने बिजली अधिकारियों को फोन कर यह समस्या दूर करने के लिए व्यवस्था बनाने की आदेश दिया। उन्होंने कहा कि बिजली की डिमांड और सप्लाई में अगर अंतर है तो उसकी व्यवस्था करें और बिजली के तार ट्रांसफार्मर आदि को बाईफर्केट करने का काम करें।

**हर रविवार को मंत्री नागर के निवास पर दरबार लगता है**

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि हर रविवार को मेरे निवास पर खुला दरबार लगता है जिसमें कोई भी आकर अपनी शिकायत अथवा सुझाव मुझे दे सकता है। मेरा प्रयास रहता है कि अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया जाए लेकिन यदि कोई समस्या बड़ी होती है तो उसके लिए समय दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार जनहित में काम कर रही है। इसमें शासन प्रशासन मिलकर जनता के हित में निर्णय कर रहे हैं।

## 877 बूथों पर मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

# पीएम मोदी ने धारा 370 तोड़कर डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी के अखंड भारत के सपने को किया साकारः अध्यक्ष रामपाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं देश की एकता-अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक विद्वान, बुद्धिजीवी और महान देशभक्तथे। डॉ. मुखर्जी ने कहा था कि एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे।

इसी अदम्य संकल्प के लिए उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनके अथक प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में लागू परमिट प्रथा समाप्त हुई और देश की एकता को मजबूती मिली।

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर हम उन्हें कोटि-कोटि नमन करते है। जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल कमल जिला कार्यालय पर उनकी जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावांजलि दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, मनोज वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष वज़ीर सिंह डागर, भारती भाकुनी, लक्ष्मण तंवर, जिला मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता, शोभित अरोड़ा, सीमा भारद्वाज, कार्यालय सह सचिव सचिन गुप्ता, अजीत नंबरदार, गिर्राज त्यागी, मनीष छोंकर, विक्रम सिंह अरुआ, अरुणिमा सिंह, योगेश लाठर, अनिल मलिक, नीरज मित्तल, अश्वनी गुलाटी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पंकज पूजन रामपाल ने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा सरकार के राजस्व मंत्री विपुल गोयल, खाद्य मंत्री राजेश नागर, विधायक धनेश अदलखा और मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ व महापौर प्रवीण जोशी सहित भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल और बूथ स्तर के पदाधिकारियों ने अपने-अपने बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में डॉ मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# छह साल के बच्चे का किडनेप करने पर महिला सहित दो गिरफ्तार, अपहृत बच्चा सकुशल बरामद

## अमीर दंपती को बेचने के लिए किया बच्चे का अपहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-40 एरिया से छह साल के बच्चे का अपहरण करने के मामले में पुलिस ने अपहृत बच्चे को यूपी के आगरा से बरामद कर महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी किसी अमीर निसंतान दंपती को बच्चे को बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया है। दरअसल, बीती 23 जून को सेक्टर-40 थाना पुलिस में एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि गांव कन्हैई सेक्टर-45, गुरुग्राम से उसके छह साल के बच्चे का किसी ने किडनेप कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। मामले में मानव तस्करी विरोधी शाखा, गुरुग्राम के प्रभारी एएसआई कुलदीप व गुरुग्राम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहृत बच्चे को यूपी के आगरा से सकुशल बरामद करते हुए महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान यूपी के आगरा निवासी शिवम व उसकी मां मनोज के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जा से अपहरण करने की वारदात को अंजाम देने में प्रयोग की गई एक स्कूटी बरामद की है। अमीर दंपत्ति को बेचने के लिए किया बच्चे का किडनेपः पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शिवम ने बच्चे सचिन को टॉफी देने के बहाने बुलाया और उसका अपहरण करके आगरा ले गया।

वहां उसने बच्चे को अपनी मां मनोज के पास रखा। ये बच्चे को बेचने के लिए किसी ऐसे दम्पति की तलाश में थे जो इन्हें बच्चे के बदले अच्छी रकम दे सके। बच्चा बेचने से पहले आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

# प्राईवेट बस ड्राईवर ने रोडवेज कर्मचारियों से मारपीट की

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ बस डिपो में रविवार सुबह बड़ा हंगामा हो गया जब एक प्राइवेट बस संचालक ने हरियाणा रोडवेज के ड्राइवर और कंडक्टर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

इस घटना के विरोध में रोडवेज कर्मचारियों ने एकजुट होकर बस डिपो पर चक्का जाम कर दिया और सड़क पर बसें खड़ी कर धरने पर बैठ गए। बस सेवा पूरी तरह से ठप हो गई, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई लोग बिना यात्रा किए ही लौटते नजर आए। रोडवेज बस के ड्राइवर हेमंत ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे वे मथुरा, आगरा रूट के लिए सवारी चढ़ा रहे थे, तभी एक प्राइवेट बस आकर उनकी बस के सामने खड़ी हो गई। प्राइवेट बस संचालक ने उनकी बस में बैठे यात्रियों को उतारकर अपनी बस में बैठने को कहा। जब ड्राइवर हेमंत ने इसका विरोध किया।

# ऑटो-कार की टक्कर में बच्ची समेत 4 घायल, गाड़ी के एयरबैग खुलने से बची जान

**फरीदाबाद।** रविवार दोपहर एक ऑटो और कार की टक्कर हो गई। इस हादसे में ऑटो में सवार 3 से 4 लोग घायल हो गए, जिनमें एक बच्ची भी शामिल है। घायलों को तुरंत नजदीकी सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। हादसा फरीदाबाद से गुजरने वाले आगरा-मथुरा-दिल्ली हाईवे के बड़खल फ्लाईओवर के ऊपर दिल्ली की तरफ जाने वाले रास्ते पर हुआ। घटना की जानकारी वहां से गुजरने वाले अन्य वाहन चालकों ने डायल 112 पर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। एएसआई छत्रपाल ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने के बाद वह तुरंत टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को दूसरी गाडियों की मदद से अस्पताल भिजवाया। पुलिस जांच में सामने आया है कि ऑटो बल्लभगढ़ की ओर से आ रहा था और उसमें करीब 6-7 सवारी सवार थीं, जिनमें एक बच्ची भी थी। जैसे ही ऑटो फ्लाईओवर पर पहुंचा, ऑटो ड्राइवर जय सिंह ने वाहन को अचानक लेफ्ट साइड मोड़ दिया। उसी समय पीछे से आ रही दिल्ली नंबर की एक कार ऑटो में राइट साइड से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो बीच सडक़ पर पलट गया। हादसे में एक सात से आठ साल की बच्ची सहित चार लोगों को हल्की चोटें आई हैं। वहीं कार में चार लोग सवार थे लेकिन कार के एयरबैग खुल जाने के कारण उन्हें कोई चोट नहीं आई। हादसे के बाद कार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने ऑटो और कार को हाईवे से हटवाकर ट्रैफिक को सामान्य किया।

## सरकार कर्मचारियों का उत्पीड़न कर नए-नए कानून ला रही

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे रिटायर्ड कर्मचारीः प्रदेश प्रवक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढ़कर नियमित कर्मचारियों का सहयोग करेगा। रविवार को गुरुग्राम में एक बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य प्रदेश प्रवक्ता कुलभूषण शर्मा ने संगठन की ओर से इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार कर्मचारियों का उत्पीड़न कर नए-नए कानून ला रही है, जिसके तहत कर्मचारियों व रिटायर्ड कर्मियों के अधिकारों पर कुठाराघात किया जा रहा है।

बार-बार अनुरोध करने के बावजूद सरकार कर्मचारियों का न केवल उत्पीड़न कर रही है बल्कि उन्हें मिलने वाली सुविधाओं पर कैंची चला रही है। इसे सहन नहीं किया जाएगा। राज्य कोषाध्यक्ष जय प्रकाश ने कहा के मुख्यमंत्री को संगठन की ओर से कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन दिया जा चुका है, उन्हें बातचीत तक के लिए भी आमंत्रित नहीं किया गया। कुलभूषण शर्मा ने बताया कि 2016 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों के लिए मेजर नोटिफिकेशन करना और कम्युटेड पेंशन को 15 साल में रिकवर करने संबंधित पत्र जारी किए गए हैं, इससे किसी भी कर्मचारी को कोई लाभ नहीं होने वाला है। कम्युटेड पेंशन के लिए हमने सरकार से 10 वर्ष 8 महीने में पेंशन रिकवर करने की मांग की है, जबकि सरकार 15 साल पर अड़ी हुई है। कैशलेस मेडिकल सुविधा को भी बार-बार लटकाया जा रहा है, जिससे रिटायर्ड कर्मियों में सरकार के प्रति भारी रोष है। 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में रिटायर्ड कर्मचारी भी अपना पूरा सहयोग देंगे। बैठक में गुरुग्राम जिला प्रधान कृपाल सिंह, सचिव भूप सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र, समय सिंह, श्याम वीर, महेंद्र, धर्मवीर, वीरपाल, जगबीर देशराज, विजेंद्र, नफे राम, हरिचंद, दूनी चंद, विजय, कश्मीरी, चंदन, सुभाष, मलखान, राजसिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हथियार बरामद करने बदमाशों को ले जा रही थी पुलिस, जवाबी कार्रवाई से दोनों बदमाश लंगड़े

# युवक पर कातिलाना हमला करने वाले बदमाशों ने पुलिस से सर्विस रिवाल्वर छीनकर चलाई गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



थाना लिंक रोड के अमित किशोर जैन पर गोली चलाकर हत्या का प्रयास करने वाले दो बदमाशों ने पुलिस के सिपाही की सर्विस रिवॉल्वर छीनकर गोलियां चला दी। पुलिस ने भी जवाब में गोलियां चलाई, जिसमें दोनों बदमाश लंगड़े हो गए। यह घटना उस समय हुई जब पुलिस हत्या में प्रयुक्त रिवॉल्वर बरामद करने के लिए बदमाशों को अपने साथ ले जा रही थी।

एसीपी श्वेता कुमार यादव ने बताया कि थाना लिंक रोड पर 18जून को अमित किशोर जैन पर वीरेन्द्र किशोर जैन की हत्या के प्रयास आरोप में अश्वनी उर्फ दिलावर निवासी अंबेडकर नगर भूड , थाना कोतवाली नगर जनपद बुलंदशहर एवं अमित यादव निवासी शाहपुर बम्हैटा के नाम प्रकाश में आए,दोनों को हिरासत में लिया गया। दोनों से मोटर साइकिल व मोबाइल फोन के बारे पूछताछ की गई तो उन्होंने घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन की बरामदगी को मौके पर जाकर बरामद कराने को कहा। बरामदगी के दौरान आरोपी ने अमित यादव ने मोटर साइकिल की बरामदगी के समय कौशाम्बी बस अड्डे के पीछे खाली जगह पर थाना लिंक रोड पुलिस टीम के एक जवान की सर्विस रिवाल्वर को छीनकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया ।

आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में अमित यादव के पैर में गोली लग गई जिससे अभियुक्त घायल हो गया। इसी क्रम में आरोपी अश्वनी उर्फ दिलावर के बताए अनुसार बरामदगी स्थल ब्रजविहार रेलवे फाटक के पास पड़े खाली मैदान के पास झाड़ियों से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद करते समय मौके का फायदा उठाकर वहां पर पूर्व से रखे अवैध हथियार को निकालकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से सीधा फायर कर दिया । पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश घायल हो गया। जिनके कब्जे से दो तमंचे व घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल व 01 मोबाइल फोन बरामद हुए। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल भेज दिया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### गैस एजेंसी कार्यालय में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**फरीदाबाद।** बीती रात एन.एच. एक में केडी इंटरप्राइजेज गैस एजेंसी के कार्यालय में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। आग तब लगी जब ऑफिस बंद हो चुका था और वहां कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। एजेंसी के संचालक गौरव कुमार ने बताया कि शाम के समय इलाके में बिजली चली गई थी और काफी देर तक नहीं आई। उसी दौरान ऑफिस बंद कर सभी कर्मचारी अपने-अपने घर चले गए। आशंका जताई जा रही है कि ऑफिस बंद करते समय एसी को बंद नहीं किया गया था। जब रात में बिजली आई, तो अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और एसी में आग लग गई। आग लगने के कुछ देर बाद ही आसपास के लोगों ने ऑफिस से धुआं निकलते देखा और तुरंत पुलिस व फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी।

## पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया

# युवक की गला रेतकर हत्या कर शव पहाड़ी में फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सोहना एरिया में 22 वर्षीय युवक की गला रेतकर हत्या करने का मामला सामने आया है। युवक का शव अंसल की पहाड़ियों में मिला है। जिसके हाथ-मुंह चुन्नी से बंधे हैं और समीप ही चाकू वह चूड़ियां पड़ी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरु कर दी है। समाचार लिखे जाने तक मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। दरअसल, सोहना एरिया के अंसल की पहाड़ी पर अंसल में तैनात गार्ड सतीश ने रविवार की सुबह एक युवक का शव देखा। जिसके बाद पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और सीन ऑफ क्राइम टीम व फोरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना किया। मृतक की उम्र 22 साल के करीब बताई जा रही है। जिसकी गर्दन रेती हुई थी। निक्कर और टी शर्ट डाले मृतक युवक के हाथ और मुंह चुन्नी से बंधे हुए थे। वहीं पुलिस को शव के पास है एक चाकू और चूड़िया भी मिली। आशंका जताई जा रही है कि मामला किसी महिला से जुड़ा हो सकता है। पुलिस वहां मौजूद गार्ड व अन्यों से पूछताछ कर रही है। मामले में एसीपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

## पेज एक का शेष

### अत्यधिक गरीबी भी...

**गरीबी दर घटकर हुई 2.3 प्रतिशत :** वर्ल्ड बैंक की स्प्रिंग 2025 गरीबी और समानता ब्रीफ के अनुसार 2011 से 2023 के बीच 171 मिलियन (17.1 करोड़) भारतीयों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया। प्रतिदिन 2.15 अमेरिकी डॉलर से कम पर जीवन यापन करने वाले लोगों की हिस्सेदारी, जो जून 2025 तक अत्यधिक गरीबी के लिए वैश्विक सीमा थी। 2011-12 में 16.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में केवल 2.3 प्रतिशत रह गई। सरकारी योजनाओं ने इस बदलाव में अहम भूमिका निभाई है। इन योजनाओं का उद्देश्य वित्तीय पहुंच में सुधार करना, कल्याणकारी लाभ प्रदान करना और कमोजर वर्ग का समर्थन करना है। पीएम जनधन योजना, वित्तीय समावेशन भारत के सामाजिक समानता अभियान का केंद्र रहा है। 25 जून, 2025 तक 55.69 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं। आधार और डिजिटल पहचान, इसने नागरिकों के लिए एक अद्वितीय डिजिटल पहचान बनाने में सक्षम बनाया है। 3 जुलाई, 2025 तक, 142 करोड़ से अधिक आधार कार्ड जारी किए जा चुके हैं। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), प्रणाली ने कल्याणकारी भुगतानों को सुव्यवस्थित किया है। मार्च 2023 तक डीबीटी के जरिए सरकार ने करीब 3.48 लाख करोड़ की बचत की है। आयुष्मान भारत योजना, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच। इसके तहत 5 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य बीमा सुविधा दी जा रही है और अब तक 41.34 करोड़ से अधिक कार्ड जारी किए जा चुके हैं। स्टैंड-अप इंडिया, इसका उद्देश्य है समावेशी उद्यमिता को बढ़ावा देना। 3 जुलाई, 2025 तक, 2.75 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी कुल निधि 62,807.46 करोड़ है। यह पहल वंचित समुदायों के व्यक्तियों को अपनी शर्तों पर आर्थिक विकास में भाग लेने का अधिकार देती है। पीएम विश्वकर्मा योजना, पारंपरिक कारीगर और शिल्पकार भारत के आर्थिक और सांस्कृतिक ताने-बाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, खाद्य सुरक्षा सामाजिक सुरक्षा का एक स्तंभ बनी हुई है। दिसंबर 2024 तक, यह योजना 80.67 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंच चुकी है।

### आर्थिक प्रगति देश ...

असमानता को दर्शाता है। गिनी इंडेक्स जितना अधिक होगा, देश उतना ही असमान होगा। भारत मध्यम रूप से कम असमानता श्रेणी में आता है, जिसमें 25 से 30 के बीच गिनी स्कोर शामिल है, और यह कम असमानता समूह में शामिल होने से बस थोड़ा सा दूर है। भारत का स्कोर उन सभी 167 देशों से बेहतर है, जिनके लिए विश्व बैंक ने डेटा जारी किया है।

### केवल 30 देश ....

विकास अपेक्षाकृत अधिक समान रूप से वितरित हुआ है। इस मानक के अनुसार भारत ने चीन (35.7), अमेरिका (41.8) सहित सभी जी7 और जी 20 देशों को पीछे छोड़ दिया है।

### अमेरिका पार्टी बनाई...

रहते हैं, लोकतंत्र में नहीं। 'अमेरिका पार्टी' आपको आपकी आज़ादी वापस दिलाने के लिए बनाई गई है। डोनाल्ड ट्रंप को मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने में मदद की थी। लेकिन, वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट को लेकर विवाद हो गया। यह बिल टैक्स कटौती और बढ़े हुए खर्च से होने वाली आय के नुकसान की भरपाई के लिए यह कुछ कल्याणकारी उपायों और सब्सिडी में कटौती करता है। बिल लोन सीमा भी बढ़ाता है। मस्क की समस्या इस बढ़ी हुई लोन सीमा के बारे में है, जिसे वे वित्तीय रूप से गैर-जिम्मेदाराना कहते हैं। ग्रीन एनर्जी जैसे कुछ क्षेत्रों को सब्सिडी में कटौती के साथ इस बिल का सीधा असर उनके इलेकक्ट्रिक कार व्यवसाय टेस्ला पर पड़ेगा।**दो-पक्षीय प्रणाली तोड़ना मुश्किल :** अमेरिका की राजनीतिक संरचना दो-पक्षीय प्रणाली का पक्षधर है और नए लोगों के लिए इसे तोड़ना मुश्किल है। ग्रीन पार्टी, लिबर्टेरियन पार्टी आदि जैसे कई लोगों ने कोशिश की है। राष्ट्रीय स्तर के चुनाव लड़ने के लिए, किसी नई पार्टी को संघीय चुनाव आयोग में रजिस्ट्रेशन कराना होता है, जिसके बाद ही वह चुनाव गतिविधियों पर एक निश्चित सीमा से अधिक धन खर्च कर सकती है। मस्क की पार्टी को अभी रजिस्ट्रेशन कराना बाकी है।

### भाजपा के राष्ट्रीय ....

कार्यकाल फिर से बढ़ा दिया गया है, जिससे उन्हें फिलहाल पद पर बने रहने की अनुमति मिल गई है। भाजपा ने अब तक 26 राज्यों के लिए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की है, जिससे नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। संभवतः 10 तारीख तक इस बारे में कोई फैसला हो सकता है। इस पद के लिए जिन नामों पर विचार किया जा रहा है, उनमें शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव, सुनील बंसल, विनोद तावड़े और धर्मेंद्र प्रधान सहित पार्टी के कई नेता और केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। भाजपा अपना अगला अध्यक्ष चुनते समय तीन प्रमुख कारकों पर विचार कर रही है- संगठनात्मक अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन और जातिगत समीकरण। पार्टी जल्द ही नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया की देखरेख के लिए एक केंद्रीय चुनाव समिति का गठन कर सकती है। यह समिति नामांकन, जांच और मतदान का सुचारू संचालन सुनिश्चित करेगी, वह भी जरूरत पड़ने पर।

### चंद्रचूड़ ने रिटायर ....

में रिटायर हुए थे, लेकिन अब तक वहीं रह रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक जुलाई को केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा है कि देश के पूर्व मुख्य न्यायधीश चंद्रचूड़ तय समय से ज्यादा दिन बंगले में रह रहे हैं। नियम के मुताबिक रिटायरमेंट के बाद पूर्व मुख्य न्यायधीश को छह महीने तक टाइप-सात बंगले में रह सकते हैं। लेकिन चंद्रचूड़ टाइप-आठ बंगले में आठ महीने से रह रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। इस मुद्दे पर चंद्रचूड़ ने कहा कि यह देरी उनके पारिवारिक कारणों की वजह से हुई। उन्होंने बताया कि उनकी दो बेटियों को विशेष देखभाल की जरूरत है और उनके लिए उपयुक्त घर ढूंढना आसान नहीं था। सरकार ने उन्हें किराए पर दूसरा घर दिया है, जिसकी मरम्मत चल रही है। मरम्मत पूरी होते ही वह शिफ्ट हो जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद दो मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और वर्तमान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला लेने से इनकार कर दिया। दोनों ने अपने पुराने आवास में ही रहना पसंद किया। इसी वजह से चंद्रचूड़ को बंगले में अतिरिक्त समय मिलने में आसानी हुई।

### पीएम मोदी ने ब्रिक्स में...

**बीसवीं सदी के टाइपराइटर से नहीं चलेंगी :** पीएम मोदी ने यह भी कहा कि आज जब हर सप्ताह नई तकनीकें आ रही हैं, ऐसे में 80 साल से एक जैसी बनी वैश्विक व्यवस्थाएं अब काम की नहीं रहीं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र का नाम लिए बिना कहा कि 21वीं सदी के सॉफ्यवेयर को बीसवीं सदी के टाइपराइटर से नहीं चलाया जा सकता। यह सीधा तंज उन देशों पर था जो इन संस्थानों में बदलाव को रोकते हैं।

### दुनिया को एक नई ...

*नहीं मिला है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में अहम योगदान देने वाले देशों को निर्णय लेने वाली मेज पर जगह नहीं दी गई है। यह केवल प्रतिनिधित्व का सवाल नहीं है, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है। ग्लोबल साउथ के बिना ये संस्थाएं सिम कार्ड वाले मोबाइल की तरह लगती हैं, लेकिन नेटवर्क नहीं।*

### प्लेटफॉर्म के वेटिंग ...

घंटे के लिए 10 रुपए देना होगा। वहीं, यात्री बच्चा है तो पांच रुपए लिए जाएंगे। नई व्यवस्था 15 जुलाई से लागू होगी। इससे पहले कोलकाता व रामपुर हाट के अलावा हावड़ा रेल मंडल में यह व्यवस्था पहले से है। अब मालदा रेल मंडल के भागलपुर, सुल्तानगंज व जमालपुर में यह व्यवस्था लागू करने जा रहा है। मालदा रेल मंडल के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अंजन ने बताया कि एक ग्रेड स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाई गई है। प्रतीक्षालय में चाय-कापी, पेयपदार्थ, समोसा जैसे खानपान का सामान प्रिंट रेट पर उपलब्ध होगा।

### नेटग्रिड बढ़ाएगा पुलिस...

पीयूष गोयल ने सभी राज्यों के पुलिस प्रमुखों को लिखे पत्र में अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने बलों में नैटग्रिड के उपयोग को बढ़ाएं, ताकि सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि हो सके तथा उन्हें समाधान का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। पत्र में विशेष रूप से जिला पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को अपराध नियंत्रण और कानून प्रवर्तन पहलों में नैटग्रिड डेटाबेस के व्यापक उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया है। गोयल ने पत्र में कहा, कृपया समय-समय पर अपनी बैठकों में इसकी समीक्षा करें। नैटग्रिड समाधान में और अधिक सुविधाएं/कार्यक्षमताएं जोड़ने का काम जारी रखे हुए है तथा नियमित प्रशिक्षण/प्रतिक्रिया सत्र आयोजित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नैटग्रिड, जहां भी आवश्यक हो, पुलिस अधिकारियों के लिए समर्पित प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित कर सकता है। पत्र में कहा गया है कि सहयोगात्मक प्रयासों से कई नए उपयोगकर्ताओं ने सक्रिय रूप से इस प्रणाली का उपयोग करना शुरू कर दिया है। नैटग्रिड समाधान के उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**इन राज्यों की सराहना :** नैटग्रिड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीयूष गोयल ने पत्र में कहा, मैं आंध्र प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र और असम द्वारा नैटग्रिड समाधान के निरंतर उपयोग को रेखांकित और उसकी सराहना करना चाहूंगा, जो जनवरी-जून 2025 की अवधि के लिए शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्य हैं।उन्होंने इन राज्यों के अलावा तमिलनाडु द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की, जिसने जून में ''एक महीने में कम से कम एक जानकारी प्राप्त करने की अर्जी देने वाले सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या' में चार गुना वृद्धि की।

**26/11 आतंकवादी हमलों के बाद नैटग्रिड :** मुंबई के 26/11 आतंकवादी हमलों के बाद नैटग्रिड की परिकल्पना की गई। यह अन्य एजेंसियों के अलावा खुफिया ब्यूरो, रिसर्च एंड एनलिसिस (रॉ), सीबीआई, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी), राजस्व आसूचना निदेशालय और प्रवर्तन निदेशालय को सूचना साझा करता है। इसमें रेलवे, बैंक, विमानन, क्रेडिट कार्ड कंपनियां और आव्रजन जैसी 20 से अधिक श्रेणियों में आंकड़े दर्ज हैं। अधिकारियों ने बताया कि 2019 में अमित शाह के केंद्रीय गृह मंत्री बनने के बाद राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड (नैटग्रिड) की योजना तेजी से आगे बढ़ी।

### जेएनयू दिसंबर में शुरू ...

ऐसे अनुरोधों पर मानवीय आधार पर तथा मामला-दर-मामला आधार पर विचार किया जाएगा। इस बीच जेएनयू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने सभी पीएचडी कार्यक्रमों के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (जेएनयूईई) को बहाल करने की मांग को लेकर लगातार दसवें दिन भी अपनी भूख हड़ताल जारी रखी। छात्र संगठन ने जून 2025 यूजीसी-नेट में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को बाहर करने के विश्वविद्यालय के निर्णय की निंदा की, जिनमें से कई हाल ही में स्नातकोत्तर पूरा किए हैं।

### लुधियाना में वर्ष...

हस्तियों से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री लुधियाना स्थित वर्धमान टैक्सटाइल और दीपक फास्टनर जैसे प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे। ये यात्रा उत्पादन प्रक्रियाओं, तकनीकी दक्षता और प्रबंधन प्रणाली की समझ को गहरा करने के साथ-साथ इन समूहों के साथ संभावित निवेश के बिंदुओं पर चर्चा का अवसर भी प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री उद्योगों की कार्य संस्कृति और नवाचार क्षमताओं को जानने के साथ मध्यप्रदेश में व्यवहारिक सहयोग के रास्ते भी तलाशेंगे।

### दिल्ली से गुरुग्राम...

है, लेकिन यह टनल बन जाने के बाद दोनों के बीच की दूरी 15 मिनट में तय कर सकेंगे।

### 362 अंकों के साथ सीए...

**बड़ी बहन ने भी सफलता हासिल की :** वृंदा की बड़ी बहन तुलसी ने इस बार सीए इंटर की परीक्षा दी थी। पिता नितिन अग्रवाल ने बताया कि उनकी बेटी तुलसी ने इसमें जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। तुलसी ने बीते साल 12वीं कामर्स में 98 फीसदी से अधिक अक हासिल किए थे। दोनों बेटियों की सफलता पर पिता और अन्य परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं है।

**इनका भी रहा दबदबा :** सीए फाइल में जिले की नैना चोपड़ा ने ऑल इंडिया में आठवीं व पलक गुप्ता ने 49वीं रैंक हासिल की। सीए विभोर जिंदल ने बताया कि गाजियाबाद के ही तुषार अग्रवाल, उमंग गर्ग, भवांश, अक्षित, कलिस्ट सिंहल, ललित त्यागी, प्रीत गोयल, शिप्रा अग्रवाल, विभोर मित्तल, विभु अग्रवाल, विदुषी आदि ने भी सीए फाइनल में कामयाबी हासिल की। एसोसिएशन की तरफ से जल्द ही समारोह आयोजित कर इनको सम्मानित किया जाएगा।

## नव संकल्प महासभा की रैली में

# 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का चिराग ने किया ऐलान

एजेंसी ▶▶ छपरा

बिहार चुनाव की तैयारियों में जुटे एनडीए के सहयोगी और लोजपा आर के अध्यक्ष चिराग पासवान के मन में आखिर क्या चल रहा है। ये सवाल इसलिए खड़ा रहा है, रविवार को छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में नव संकल्प महासभा की रैली में चिराग ने बड़ी घोषणा की। सारण की इस पावन धरती से ऐलान करता हूं कि मैं चुनाव लड़ूंगा। चिराग पासवान सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। चिराग ने कहा कि मैं चुनाव लड़ूंगा बिहारियों के लिए, अपने भाइयों के लिए, अपनी माताओं के लिए, अपनी बहनों के लिए और बिहार में एक ऐसी व्यवस्था तैयार करेंगे।

## अयोध्याः राम मंदिर में होगा ध्वजारोहण समारोह, पीएम मोदी सहित हजारों विशेष मेहमान होंगे शामिल

**अयोध्या।** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की ऐतिहासिक गूंज अभी भी जनमानस में ताजा है। राम मंदिर ट्रस्ट अब एक और भव्य अध्याय जोड़ने जा रहा है। नवंबर में प्रस्तावित ध्वजारोहण समारोह को लेकर तैयारियों ने गति पकड़ ली है। इस पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन एक बार फिर अयोध्या को भक्तिभाव, वैदिक अनुष्ठानों और विश्व भर से जुटने वाले श्रद्धालुओं से सराबोर कर देगा।

## रांची से पकड़े गए 7 चीनी साइबर एजेंट

**रांची।** यहां होटल से चीनी साइबर अपराधियों के 7 एजेंटों को सीआईडी के साइबर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया। सीआईडी ने इस मामले में साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। 4 जुलाई को सूचना मिली थी कि होटल में संगठित साइबर अपराधियों का गिरोह डिजिटल अरेस्ट और इंवेस्टमेंट के नाम पर ठगी की गतिविधियों को अंजाम देता है।




**RUKMINI DEVI**
**Institute of Advanced Studies**
Rohini, Delhi-110085


Dated: 07.07.2025

**Admission under Management Quota Seats**

Institute offers management quota seats for BBA (G), B. Com. (H) and MBA Programmes as per norms of University/ State Government for the academic session 2025-26. Candidates who have qualified the entrance test (CET-2025/ CUET-2025 as per domain specific subjects mentioned in GGSIPU Admission Brochure for BBA and B. Com. (H) programme & CAT-2024/ CMAT-2025/ CET-2025/ CUET PG-2025 as per domain specific subjects mentioned in GGSIPU Admission Brochure for MBA programme) may submit duly filled prescribed Application Form available at the Reception/ Website of the Institute from July 08, 2025 to July 25, 2024 till 5.00 PM. The detailed schedule of counseling is available at www.rdias.ac.in. For further necessary updates, regarding admission under Management Quota seats candidates are required to visit institute website regularly. Details of the management quota seats are as follows:

| S. No. | Programme | Shift | Intake | Management Quota Seats Available | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Gen | SC | ST | Def | PWD | Total |
| 1 | BBA (G) | I[st] | 180 | 12 | 3 | 1 | 1 | 1 | 18 |
| 2 | BBA (G) | 2[nd] | 180 | 12 | 3 | 1 | 1 | 1 | 18 |
| 3 | B. Com. (H) | I[st] | 60 | 04 | 1 | 1 | 0 | 0 | 06 |
| 4 | MBA | I[st] | 120 | 08 | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 5 | MBA | 2[nd] | 60 | 04 | 1 | 1 | 0 | 0 | 06 |

Director




# तन्वी द ग्रेट को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में मिला स्टैंडिंग ओवेशन

**मुंबई।** अनुपम खेर अपनी अपकमिंग फिल्म तन्वी द ग्रेट की रिलीज को लेकर तैयार हैं। इससे पहले इस फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं। इस फिल्म की पुणे के 'राष्ट्रीय रक्षा अकादमी' में स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। फिल्म को 25,00 कैडेट्स और अधिकारियों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया। यह देखकर अनुपम खेर भावुक हो गए। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा 'ये मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में तन्वी द ग्रेट को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। एक अभिनेता/ कलाकार के रूप में मेरे 40 साल के करियर में यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है! भारत में यह तन्वी द ग्रेट की पहली स्क्रीनिंग है।

**लाइफ Style**



# जरीन

## किसी सपने के सच होने जैसा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने पुराने पलों को याद करते हुए काफी इमोशनल हो गई हैं। हाल ही में उन्होंने एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया जिसमें वो कैटरीना कैफ से ऑटोग्राफ लेते हुए नजर आ रही हैं।

ये वीडियो फिल्म 'रेस' की प्रीमियर नाइट का है, जब जरीन इंडस्ट्री का हिस्सा भी नहीं थीं। वीडियो के साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है जिसने उनके फैंस को भी इमोशनल कर दिया। वीडियो में जरीन को कैटरीना कैफ से मिलते हुए देखा जा सकता है। वो बेहद खुश नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर एक मासूम सी मुस्कान है। पोस्ट में जरीन ने लिखा कि वो उस वक्त बस एक आम लड़की थीं, जो बॉलीवुड की चमक-दमक से प्रभावित थीं और उन्हें ये भी नहीं पता था कि एक दिन वह खुद भी इसी इंडस्ट्री का हिस्सा बनेंगी। उन्होंने लिखा कि उस समय उनके एक दोस्त की बदौलत उन्हें प्रीमियर में जाने का मौका मिला और वही लम्हा आज भी उनके दिल में बसा हुआ है। जरीन ने लिखा कि उस वक्त वो कैटरीना कैफ की दीवानी थीं और उन्हें देखकर उनकी आंखों में एक अलग ही चमक थी। उन्होंने कहा कि उन्हें आज भी वो पल याद है जब उन्होंने पहली बार कैटरीना को सामने से देखा था – वो पल उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। ज़रीन ने अपने पोस्ट में यह भी माना कि उस समय कैटरीना को देखकर उन्हें खुद में आत्मविश्वास आया और एक सपना जन्मा।

**हॉलीवुड मसाला**



# रिचर्ड ने दलाई लामा का हाथ चूमा

**मुंबई।** इन दिनों दलाई लामा का 90वां जन्मदिन समारोह धर्मशाला में चल रहा है। इस मौके पर अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े नामी लोग समारोह में शामिल हो रहे हैं। हॉलीवुड एक्टर रिचर्ड गेरे भी इस खास आयोजन में शामिल हुए। वीडियो में रिचर्ड गेरे दलाई लामा को देखकर खुश और भावुक नजर आए। वह दलाई लामा के करीब जाते हैं और उनका हाथ थामकर चूमते हैं। दलाई लामा भी रिचर्ड को आशीर्वाद देते हैं। थोड़ी देर दोनों बातचीत करते हैं।




# जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ को मिला वीकएंड का फायदा

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' ने भारत में अच्छी शुरुआत की है। ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने नौ करोड़ रुपए का कारोबार किया था। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा हुआ। फिल्म ने शनिवार को 13 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। फिल्म ने अब तक 22.01 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म है। चार जुलाई को रिलीज हुई यह फिल्म आपको डायनासोर की दुनिया की सैर कराती है। वहीं, हॉलीवुड की फिल्म 'एफ 1' भारत के बॉक्स ऑफिस पर पकड़ बनाए हुए है। 27 जून को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 5.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।



# विदेश में भी दिखीं फैंस की दीवानगी


**मुंबई।** रश्मिका मंदाना के भारतीय फैंस उन्हें नेशनल क्रश मानते हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक की चर्चित फिल्मों में काम कर चुकीं रश्मिका हाल ही में पेरिस में नजर आईं। एक्ट्रेस का पेरिस ट्रिप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें फैंस रश्मिका को लेकर अपनी दीवानगी दिखा रहे हैं। सोशल मीडिया पर रश्मिका का जो वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें रश्मिका के कुछ फैंस उनकी फोटो ले रहे हैं। एक्ट्रेस के नाम का ले रहे हैं। कई फैंस- 'लव यू रश्मिका' भी कहते थे। इस प्यार को देखकर रश्मिका का चेहरा भी खिल उठा। वायरल वीडियो में फैंस की दीवानगी देखकर रश्मिका ने भी उन पर प्यार लुटाया। हाथों से हार्ट साइन बनाया। वह फैंस से मिले प्यार, अपनेपन के लिए शुक्रिया कहती भी दिखीं।



# रणबीर सिंह के लुक के दीवाने हुए फैंस

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर का टीजर धमाका कर रहा है। एक्टर को इस लुक और अंदाज में देख कर फैंस पसंद कर रहे हैं। फिल्म में रणवीर को काला कुर्ता पहने हुए गुंडों की पिटाई करते हुए देखा जा रहा है। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को असली कहानी से इंस्पायर्ड बताया गया है। धुरंधर में संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल जैसे और भी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस फिल्म की पहली झलक को शानदार रिएक्शन मिल रहा है। रणवीर सिंह ने धुरंधर का टीजर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। एक्टर के बर्थडे पर आया ये टीजर फैंस के साथ इंडस्ट्री के लोगों के लिए ट्रीट है। मौनी रॉय, अपारशक्ति खुराना, आयुष्मान खुराना, रणवीर इलाहाबादिया समेत कई सेलेब्रिटीज ने रिएक्शन दिया है।

**टीवी मसाला**



# डांस कॉम्पिटिशन में अनुपमा का साथ देने को तैयार हुईं चॉल की महिलाएं...

**नई दिल्ली।** रुपाली गांगुली अभिनीत सीरियल 'अनुपमा' में मौजूदा ट्रैक कई तरह के उतार-चढ़ावों से भरा है। सीरियल की लीड कैरेक्टर अनुपमा एक डांस कॉम्पिटिशन जीतना चाहती है। इसके लिए उसने मुंबई की चॉल में रहने वाली महिलाओं को भी राजी कर लिया। मगर, डांस कॉम्पिटिशन की प्रैक्टिस के दौरान अनुपमा के सामने एक बड़ी समस्या आकर खड़ी हो गई। स्टारप्लस के इंस्टाग्राम पेज पर सीरियल 'अनुपमा' का एक प्रोमो साझा किया गया है। इस प्रोमो में अनुपमा का साथ देने के लिए चॉल की महिला राजी हो जाती हैं। मगर जब वह डांस प्रैक्टिस करती हैं, तो उन्हें यह काम मुश्किल लगता है। एक महिला कहती है, 'शायद उनसे डांस नहीं हो पाएगा?' इस पर अनुपमा सबका हौसला बढ़ाती है, सब्र से काम लेने को कहती है। आगे प्रोमो में अनुपमा एक महिला के बारे में पूछती है कि वह क्यों डांस कॉम्पिटिशन में नहीं आई? इस पर अन्य चॉल की महिलाएं बताती हैं कि उस महिला की सास बहुत कठोर है, उसको सताती है। साथ ही उसका पति से उसे परेशान करता है। ऐसे में अनुपमा उस परेशान महिला के घर उससे मिलने जाती है। जब अनुपमा उस महिला के घर पहुंचती है तो देखती है कि उसके हाथ में चोट के निशान हैं। इस पर अनुपमा उसे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कहती है।

## कपिल ने घटाया वजन, लोगों को नहीं आया पसंद

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा इन दिनों काफी बदले-बदले से नजर आ रहे हैं। इस कॉमेडियन ने अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दिया है। काफी वजन भी कपिल शर्मा कम कर चुके हैं। मग,र सोशल मीडिया यूजर्स को कपिल का बदला हुआ लुक पसंद नहीं आया है। कपिल के कम हुए वजन पर कई यूजर्स तंज कस रहे हैं। कपिल को वेट लॉस के लिए ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में कपिल शर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वह काफी पतले नजर आए। इसी वीडियो को देखकर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर लिखता है, 'ये तो बीमार लग रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'ओजेम्पिक का कमाल है (वजन कम करने वाली दवा)।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'भाई तो कमजोर हो गया है।'इसी तरह के कमेंट कपिल के वेट लॉस को लेकर यूजर्स ने किए हैं। कपिल शर्मा ने काफी मेहनत से अपना वजन कम किया है। वह लगभग 10 किलो वजन घटा चुके हैं। अपने इंस्टाग्राम पेज पर अक्सर ही कपिल, रनिंग की वीडियो शेयर करते थे।



# शापित कहलाती थी ये हॉरर फिल्म! ट्रेलर था सिनेमाघरों में बैन

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्में महज तीन घंटे का एंटरटेनमेंट नहीं होता। कई बार फिल्म का खौफ दर्शकों के थ्रिल चढ़ कर बोलने लगता है। कई हॉरर फिल्मों से जुड़े ऐसे किस्से हैं जिसमें दर्शक कई दिनों तक डरे और सहमे रहे. कुछ को थेरेपी तक की जरूरत पड़ गई। ऐसी ही एक फिल्म है जिसे शापित मूवी तक कह दिया गया था। ऐसी ही हॉरर फिल्मों की बात करें तो द एग्जोरसिस्ट का नाम सबसे पहले लिया जाता है। 1973 में रिलीज हुई इस फिल्म को अब भी सबसे डरावनी फिल्मों में गिना जाता है। लेकिन, इस फिल्म की डरावनी कहानी के साथ ही इसके पीछे भी कई खौफनाक किस्से जुड़े हुए हैं।



***डरावना था ट्रेलर*** : इस फिल्म का ओरिजिनल टीजर ट्रेलर भी किसी फिल्म से कम डरावना नहीं था। ट्रेलर में सिर्फ एक सफेद चेहरे वाला भूत अंधेरे में झलकता था। ट्रेलर में कोई कहानी नहीं दिखाई गई, बस अंधेरे और भूत की झलक भर दिखाई गई थी, जो लोगों के रोंगटे खड़े कर देती थी। यही वजह थी कि कई सिनेमाघरों ने इस ट्रेलर को बहुत ज्यादा डरावना मानते हुए बैन कर दिया था।


***एक्ट्रेस को मिली थीं जान से मारने की धमकियां*** : इस फिल्म में लिंडा ब्लेयर ने मुख्य किरदार निभाया था। लेकिन, फिल्म के रिलीज होने के बाद उनके लिए मुश्किलें बढ़ गईं। धार्मिक कट्टरपंथियों ने फिल्म पर शैतान की महिमा गान करने का आरोप लगाया और लिंडा ब्लेयर को जान से मारने की धमकियां मिलने लगीं। हालात इतने बिगड़ गए कि वार्नर ब्रदर्स को लिंडा के लिए छह महीने तक बॉडीगार्ड्स रखने पड़े।

### *इस वजह से भी 'शापित' कहलाती है ये फिल्म*

*फिल्म के साथ एक और डरावनी कहानी जुड़ी है। फिल्म में एक छोटे से सीन में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन का किरदार निभाने वाले पॉल बेटसन को फिल्म रिलीज के 6 साल बाद हत्या के मामले में दोषी पाया गया। उसने एक फिल्म रिपोर्टर की हत्या कर दी थी। इसके बाद फिल्म को लेकर अफवाहें और तेज हो गईं कि द एग्जोरसिस्ट एक शापित फिल्म है। कई ऐसे किस्से भी सामने आए कि फिल्म से जुड़े लोग अजीब हादसों का शिकार हुए, जिससे इसकी शापित फिल्म वाली छवि और गहरी होती गई।*

# दो बीघा जमीन को मिला था पहला फिल्मफेयर अवार्ड, 1953 में हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** आज हम आपको उस फिल्म के बारे में बता रहे हैं जिसने पहला फिल्मफेयर अवार्ड जीता। ये फिल्म साल 1953 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का नाम है दो बीघा जमीन। दो बीघा जमीन को बिमल रॉय ने डायरेक्ट किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। आईएमडीबी के मुताबिक, इस फिल्म का बजट करीब 2 लाख था। वहीं, इस फिल्म ने 70 लाख की कमाई की थी। इस फिल्म में बलराज सहानी, निरुपा रॉय, रतन कुमार, जगदीप, मीना कुमारी और रामायण तिवारी जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म को सलिल चौधरी, पॉल महिंद्रा और ऋषिकेश मुखर्जी ने लिखा था। इस फिल्म को बेस्ट फिल्म का पहला फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में इंटरनेशनल प्राइज भी जीता था। फिल्म के लिए बिमल रॉय को बेस्ट डारेक्टर का फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। बिमल रॉय को नेशनल अवार्ड भी मिला था। दो बीघा जमीन की आईएमडीबी रेटिंग की बात करें तो इसकी रेटिंग 8.3 है। इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर देख सकते हैं।



## बॉलीवुड में ऐसी धारणा है कि बिना मेल लीड एक्टर्स के नहीं चलती हैं फिल्में

# बिना हीरो के हिट हो गईं थीं ये 7 हिंदी फिल्में, कभी कहानी तो कभी एक्ट्रेस ने जीता दिल

***नई दिल्ली।** बॉलीवुड में ऐसी धारणा है कि बिना मेल लीड एक्टर्स के फिल्में नहीं चलती हैं। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी रही है जिन्होंने इस धारणा को तोड़ा है और बिना किसी लीड हीरो के फिल्म सुपरहिट रही है।*



**क्वीन :** कंगना रनौत की यह फिल्म उनकी एक्टिंग और दमदार स्क्रिप्ट के चलते हिट रही थी। फिल्म ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। कहानी है एक ऐसी लड़की की जिसकी शादी हनीमून से पहले ही टूट जाती है और फिर वह अकेली ही यूरोप घूमकर आती है, इस दौरान उसे कई नए अहसास होते हैं और उसकी सोच बदल जाती है।




**राजी :** साल 2018 में आई इस फिल्म में आलिया भट्ट ने लीड रोल प्ले किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। कहानी एक ऐसी लड़की की है जो पाकिस्तान में इसलिए शादी करती है ताकि वहां रहकर अपने देश के लिए जासूसी कर सके।




**पिकु :** दीपिका पादुकोण की इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और इरफान खान भी थे, लेकिन दीपिका के अपोजिट कोई लीड हीरो नहीं था, लेकिन फिर भी कहानी के दम पर यह फिल्म सुपरहिट रही।



**लिपस्टिक अंडर माय बुर्का :** रत्ना पाठक, कोंकणा सेन शर्मा और अहाना कुमरा जैसे सितारों से सजी यह फिल्म विवादों में रही थी, लेकिन रिलीज हुई तो इसे जनता ने खूब प्यार दिया। इस फिल्म में भी कोई लीड हीरो नहीं था।



**शेरनी :** फिर एक बार विद्या बालन ने साबित कर दिया कि वह अपने दम पर फिल्म हिट करा सकती हैं। फिल्म की कहानी एक फॉरेस्ट ऑफिसर की है जिसकी लड़ाई नैतिकता की है।



**कहानी :** विद्या बालन अकेली अपने दम पर फिल्म चला देने के लिए जानी जाती हैं। साल 2012 में आई उनकी फिल्म 'कहानी' में कोई लीड हीरो नहीं था, लेकिन यह फिल्म सुपरहिट रही थी। कहानी एक प्रेग्नेंट औरत की है, जो अपने पति की तलाश में कोलकाता आती है।



**तुम्हारी सुलु :** विद्या बालन ने इस फिल्म में लीड रोल प्ले किया था। कहानी है एक हाउसवाइफ की जो पहले टिफिन सप्लाई शुरू करती है, लेकिन फिर रेडियो जॉकी बन जाती है।


## शहडोल जिले के संकदी और निपानिया शासकीय स्कूल का मामला, खर्च बताया 3.38 लाख


# दो स्कूलों में 24 लीटर पेंट लगाने में लगे 656 वर्कर्स मंत्री बोले: दोषियों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के शहडोल जिले में यहां दो स्कूलों में पुताई को लेकर घोटाला सामने आने के बाद मामले में स्कूल शिक्षा विभाग हरकत में आया है। मामले में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शहडोल जिले के ब्यौहारी के सकंदी सरकारी हाई स्कूल में शाला की मरम्मत के मामले में अनियमितता का प्रकरण सामने आने पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि किसी भी तरह की अनियमितता या गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और आयुक्त लोक शिक्षण को प्रकरण की तत्काल जांच करने के निर्देश दिए हैं। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।


सुधाकर कांस्ट्रक्शन


सुधाकर कांस्ट्रक्शन

### स्कूल शिक्षा मंत्री ने शहडोल के स्कूल में हुई अनियमितताओं की जांच के दिए निर्देश

### एक ही तारीख में एक ही ठेकेदार के बिल

*दरअसल, दोनों स्कूल के बिल सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए हैं। इनके अनुसार, हाई स्कूल सकन्दी में सिर्फ 4 लीटर ऑयल पेंट की खरीद की गई थी, जिसकी कीमत 784 रुपए बताई गई है यानी 196 रुपए प्रति लीटर, लेकिन इस पेंट को दीवार में लगाने के लिए 168 मजदूरों और 65 मिस्त्रियों को काम पर लगाया गया। इनको 1,06,984 रुपए का भुगतान किया गया। वहीं दूसरा मामले में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निपानिया में 20 लीटर पेंट खरीदा गया। इस पेंट को पोतने के लिए 275 मजदूरों और 150 मिस्त्रियों को काम पर लगाया गया। सभी को 2,31,650 रुपए का भुगतान भी किया गया। इस खर्च में खिड़कियों और दरवाजों की रंगाई का भी खर्च शामिल है, जो 20 लीटर पेंट के मुकाबले कहीं ज्यादा हैं। इन दोनों मामलों में एक ही ठेकेदार सुधाकर कंस्ट्रक्शन का नाम सामने आया है और खास बात तो यह है कि दोनों बिल मई की 5 तारीख में बने हैं। इधर मामले में डीईओ स्तर पर भी जांच शुरू हो गई है।*

## खबर संक्षेप

### रेलवे कर्मचारियों ने कोच फैक्ट्री में दिया धरना

**भोपाल।** सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ के आह्वान पर भारतीय मजदूर संघ(इटर) एवं भारतीय रेलवे मजदूर संघर्ष के बैनर तले पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना (कोच फैक्ट्री भोपाल) पर विशाल धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर कोच फैक्ट्री भोपाल पर पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद के कार्यकतार्ओं बड़ी संख्या में शामिल हुए। रेलवे कर्मचारियों ने 8वें वेतन आयोग की कमेटी का शीघ्र गठन किया जाने से सहित अन्य मांगों को लेकर यह धरना प्रदर्शन किया।

### तय समयसीमा अंतर्गत पदोन्नति की मांग

**भोपाल।** राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ ने राज्य सरकार से बिना विलंब अविवादित रूप से महाअभियान चलाकर तय समय सीमांतर्गत पदोन्नति आदेश जारी कराए जाने की मांग की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शील प्रताप सिंह पुंढीर, महामंत्री व्यास मुनि चौबे, डॉ. देवी सिंह सनोदीया, भगवानसिंह ठाकुर, कृष्णकांत मिश्रा, सुग्रीव सिंह आदि प्रदेश समिति पदाधिकारियों ने बताया कि नौ वर्षों से बंद पदोन्नतियों को प्रारंभ के लिए जारी अधिसूचना के बाद प्रारंभ पदोन्नति कार्रवाई में गठित कमेटी उदासीनतापूर्ण ढुलमुल रवैए अपनाएं हुए है। संघ ने प्राथमिकता पूर्वक आदेश जारी कार्य जाने की मांग की है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर को दी 265.56 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

# अब बीहड़ की बिजली से जगमगाएंगा मप्र-उप्र ग्वालियर-चंबल क्षेत्र बनेगा विकास का नया केंद्र

### सीएम डॉ. मोहन ने आईएसबीटी परिसर में विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र शीघ्र ही राज्य का सबसे विकसित क्षेत्र बनेगा। उन्होंने क्षेत्रीय किसानों से अपील की कि वे अपनी जमीन बेचने की कतई न सोंचे, क्योंकि इस क्षेत्र में शीघ्र ही रोजगार के नए अवसर और विकास की नई धाराएं बहने वाली हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्वालियर के आईएसबीटी परिसर में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां 265.56 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नदियों को जोड़ने का अभियान चल रहा है।


सीएम ने शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ किए वितरित

#### बीहड़ों को अब बेहतर तरीके से विकसित किया जा रहा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस क्षेत्र के बीहड़ों को अब बेहतर तरीके से विकसित किया जा रहा है। बीहड़ों में जल्द ही केंद्र सरकार के सहयोग से 2000 मेगावाट क्षमता का एक बड़ा सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। यह मप्र और उत्तरप्रदेश की संयुक्त परियोजना होगी। इस परियोजना से दोनों ही प्रदेशों को ऊर्जा आपूर्ति होगी। मप्र और उप्र 6-6 माह बराबरी से इस परियोजना से उत्पादित बिजली का उपभोग करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि आगरा से ग्वालियर के बीच बन रहे नए सिक्स-लेन नेशनल हाई-वे के चलते बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने इस क्षेत्र में बड़ा निवेश करने में अपनी रुचि दिखाई है।*

#### आज ग्वालियर के लिए गौरवशाली दिन: मंत्री तोमर

*ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि आज ग्वालियर के लिए गौरवशाली दिन है। ग्वालियर के हजीरा अस्पताल को पहला स्थान मिला है। इसे जिला अस्पताल के समकक्ष बनाया जाए। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में अब मरीजों की बायपास सर्जरी की व्यवस्था भी की जाए। ग्वालियर में बड़े उद्योगों की स्थापना की जाए। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्रीनारायण सिंह कुशवाहा, विधायक मोहन सिंह राठौर सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।*

#### अतिभव्य आईएसबीटी लोकार्पित हुआ



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर के गौरवशाली अतीत का स्मरण करते हुए कहा कि यह भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि और राजमाता विजयाराजे सिंधिया की कर्मभूमि रही है। प्रदेश की धरती से भारत के विकास का दीपक अटलजी के रूप में प्रज्ज्वलित हुआ था। भारत मानवता के लिए जीता है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने तीन-तीन देशों से लड़ाई लड़ी। सर्जिकल स्टाइक में पाकिस्तान को माकूल जवाब देने के लिए हमारे सुखोई विमान ग्वालियर से ही उड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण के लिए सरकार ने शुक्रवार को ही 94 हजार से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए राशि दी है। उन्होंने ग्वालियर की जनता को बधाई देते हुए कहा कि वाकई यहां अतिभव्य आईएसबीटी लोकार्पित हुआ है।

#### ग्वालियर का हजीरा अस्पताल प्रदेश में नंबर-1 आया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर का हजीरा अस्पताल प्रदेश में नंबर-1 आया है। चंबल के नौजवान सेना की ताकत बढ़ा रहे हैं। ग्वालियर में 6 लेन हाई-वे का निर्माण प्रारंभ होने से आगरा के बड़े व्यापारी अपने उद्योग-धंधे स्थापित करने के लिए ग्वालियर आ रहे हैं। ग्वालियर के विकास की बात पर हम सबके साथ हैं, जो भी मांगा है, उसे क्रमबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा।

#### प्रदेश की जनता के लिए औद्योगिक क्रांति की शुरुआत

*केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मप्र विकास की नई इबारत लिख रहा है। दिन-रात एक कर प्रदेश की जनता के लिए औद्योगिक क्रांति की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री शगुन का लिफाफा लेकर ग्वालियर आए हैं। हमारी मांग थी कि ग्वालियर-चंबल संभाग में डॉ. अंबेडकर धाम की स्थापना हो, जो बाबा साहेब की विचारधारा का मंथन केंद्र बने। ग्वालियर जिले के डबरा के जौरासी गांव में 8 करोड़ रुपए की लागत से डॉ. अंबेडकर धाम बन रहा है।*

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कृषि मंत्री को लिखा पत्र

# मूंग उत्पादन की 40% खरीदी का लक्ष्य निर्धारित करने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से किसानों के हित में मूंग के कुल उत्पादन का 40 प्रतिशत समर्थन मूल्य पर क्रय करने का लक्ष्य निर्धारित करने का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विपणन वर्ष 2025-26 में ग्रीष्मकालीन मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8,682 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। प्रदेश में इस वर्ष मोबाइल ऐप के माध्यम से की गई गिरदावरी में ग्रीष्मकालीन मूंग के क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में होगा आयोजन

# डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर प्रदेश भर में होंगे रचनात्मक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को प्रदेश भर में मनाई जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सुबह 7:30 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सहित पार्टी पदाधिकारी 6 जुलाई को सुबह 9:30 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय के सामने स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। प्रदेश भर में कार्यकर्ता डॉ. मुखर्जी का पुण्य स्मरण कर उनके चित्र पर माल्यार्पण करेंगे। साथ ही रचनात्मक कार्यक्रम, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित संगोष्ठियों का आयोजन होगा।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद प्रतिमा पर करेंगे माल्यार्पण**

## बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य पर काम कर रही सरकार

# नेता प्रतिपक्ष कटारे ने पोषण बजट को लेकर किया भ्रामक ट्वीट: अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे द्वारा पोषण बजट को लेकर किए गए ट्वीट पर उन्हें घेरा है। अग्रवाल ने कहा कि भ्रामक ट्वीट, झूठे आंकड़े, कटारे किस एजेंडे पर काम कर रहे हैं? 5 जुलाई 2025 को नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने पोषण बजट को लेकर भ्रामक ट्वीट किया। कटारे ने 4895 करोड़ रुपए का हवाला दिया, जबकि 2024-25 में पूरक पोषण आहार के लिए वास्तविक बजट 1154.83 करोड़ है, जो भारत सरकार के मानकों के अनुसार खर्च हो रहा है। एनएफएचएस आंकड़े कहते हैं कि कम वजन 60 प्रतिशत से घटकर 33 प्रतिशत, ठगनापन 50 प्रतिशत से 35 प्रतिशत, दुबलापन 35 प्रतिशत से 19 प्रतिशत। नेता प्रतिपक्ष कटारे ने जिस पोषण ट्रैकर के आंकड़े का जिक्र किया, वे अप्रैल 2025 के हैं, जो फील्ड डेटा पर आधारित हैं। मानवीय त्रुटि संभव है, पर सरकार निरंतर प्रशिक्षण व मॉनिटरिंग कर रही है। मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम और एम्स भोपाल के सहयोग से बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर गंभीर काम हो रहा है। कुपोषण घट रहा है, कांग्रेस का प्रपंच बढ़ रहा है।

## प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह इटारसी में 13 को

**भोपाल।** चौरिया कुर्मी महासभा और पटेल समाज द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 13 जुलाई को इटारसी में किया जाएगा। इस आयोजन में उप्र के कैबिनेट मंत्री और आशीष पटेल मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 170 होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन साई कृष्णा रिसोर्ट, पेट्रोल पंप के पास (खेड़ा),में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में चौरिया कुर्मी महासभा के अध्यक्ष नवीन पटेल, अपना दल (एस) राष्ट्रीय महासचिव 'युवा मंच' डॉ. अखिलेश पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं प्रदेशभर से अपना दल (एस) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के भी इस कार्यक्रम में पहुँचने की उम्मीद की जा रही है।

# 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए कांग्रेस सदन से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ेगी। इसको लेकर प्रदेशभर में आंदोलन-प्रदर्शन किए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने शनिवार को संयुक्त रूप से पीसीसी में प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से यह बात कही।

नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार ने ओबीसी समाज के साथ धोखाधड़ी, विश्वासघात की सारी हदें पार कर दी हैं। ओबीसी वर्ग को अपना हक न मिले, इसलिए सरकार संविधान के मूल ढांचे से खिलवाड़ कर रही है।

#### हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद वंचित ओबीसी

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संविधान में स्पष्ट है कि विधायिका से बने कानून का कार्यपालिका को अक्षरशः पालन करना होगा। हाईकोर्ट भी स्पष्ट निर्देश दे चुका है, लेकिन सरकार ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण के संवैधानिक हक से वंचित कर रखा है। इस मामले को लेकर कांग्रेस 2 दिन के अंदर पूरी प्लानिंग के साथ ओबीसी आरक्षण को लागू करने के लिए ब्लॉक स्तर, जिला स्तर और प्रदेश स्तर पर चरण बद्ध आंदोलन करेगी। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि 26 फरवरी 2025 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा था कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने पर कोई कानूनी रोक नहीं है। 7 अप्रैल 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने 'यूथ फॉर इक्वलिटी' की याचिका को खारिज करते हुए दोहराया कि इस कानून पर कोई अड़चन नहीं है।

## कोरबा के कटघोरा-अम्बिकापुर नेशनल हाइवे पर दर्दनाक हादसा

# तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कटघोरा-अम्बिकापुर नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। घायल को डायल 112 की टीम ने कटघोरा अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज शुरू किया गया।

उसकी हालत को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाकारित पिकअप वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि बाइक पर तीन लोग सवार थे। ढेलवाडीह निवासी 37 वर्षीय अजय यादव और 26 वर्षीय सुमित गुप्ता और एक अन्य साथी था। तीनों एक ही गांव के रहने वाले थे और किसी काम से बाहर गए हुए थे। देर रात अपने घर वापस लौट रहे थे। हादसे में अजय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई समीर की इलाज के दौरान मौत हुई। वहीं, तीसरा जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन की रफ्तार तेज थी और सड़क पर मवेशी बैठा था। इस वजह से पिकअप वाहन अनियंत्रित हुआ।



स्थानीय लोगों की माने तो पिकअप वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। बारिश भी हो रही थी, बीच सड़क पर मवेशी भी बैठा हुआ था। जिसे बचाने के फेर में बाइक सवार को चपेट में ले लिया और अनियंत्रित होकर वाहन पलट गया। इस हादसे में बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही पिकअप चालक को मामूली चोटे आई है। इस हादसे के बाद 112 को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंच घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए मृतकों और घायल को को कटघोरा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहीं, इसकी सूचना कटघोरा थाना पुलिस को दी गई। कटघोरा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पिकअप वाहन को जब्त कर लिया गया है और चालक को गिरफ्तार किया गया है।

## अंबिकापुर से कुसमी जा रहा था ट्रक

# किराना सामान से भरा ट्रक गागर नदी में गिरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर रामनुजगंज

इन दिनों लगातार हो रही बारिश से पूरे जिले के नदी नाले उफान पर हैं। रविवार की सुबह करीब सात बजे जिले के राजपुर-अंबिकापुर एनएच 343 में किराना सामान से भरी ट्रक गागर नदी में जा गिरी। गनीमत रही कि चालक और परिचालक किसी तरह से जान बचाने में सफल रहे। बताया जा रहा है कि, राजपुर थाना क्षेत्र के एनएच 343 अंबिकापुर-रामानुजगंज मुख्यमार्ग सड़क खराब होने के की वजह से चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते ट्रक नदी में जा गिरी। ट्रक अंबिकापुर से किराना समान लेकर कुसमी जा रही थी।

## गाड़ी की उम्र 2 लाख किमी, यहां 4 लाख किमी के बाद भी दौड़ रहीं

# इमरजेंसी सेवा डायल-112 की गाड़ियों का निकला दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोगों की जान बचाने और इमरजेंसी में सेवा देने वाली गाड़ियां ही दम तोड़ रही हैं। परिवहन विभाग के नियमानुसार इन गाड़ियों की लाइफ समाप्त हो चुकी है, फिर भी ये सड़कों पर दौड़ रही हैं। इसके चलते इमरजेंसी में ये गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। गाड़ियों का इंजन तो जवाब दे ही रहा है, लेकिन चक्के भी सड़क पर फिसल रहे हैं। इसके चलते इमरजेंसी सेवा में चल रहे कर्मचारी भी हादसे का शिकार हो रहे हैं।

प्रदेश में इमरजेंसी सर्विस देने के लिए साल 2018 में प्रदेश के 11 जिलों में डायल-112 की शुरुआत की गई थी। डायल-112 एक तरह से ऐसी इमरजेंसी सर्विस है, जिससे आपातकालीन स्थिति में पुलिस, स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं दी जाती है। इसके लिए 2017 में गाड़ियों 252 गाड़ियों की खरीदी हुई थी।

8 साल पहले खरीदी गई यही गाड़ियां अब भी सड़कों पर दौड़ रही हैं। इनमें से अधिकांश गाड़ियां 3 लाख किमी से ज्यादा चल चुकी है। कई गाड़ियों ने तो 4 लाख किलोमीटर का सफर पूरा कर लिया है। इसके बाद भी इन गाड़ियों को हटाया नहीं गया और आज भी ये इमरजेंसी सेवाओं में तैनात हैं।



#### भिलाई में निकला पहिया

भिलाई में घटना की सूचना पर जा रही डायल-112 की गाड़ी का पहिया ही निकल गया। घटना में पुलिस स्टाफ व ड्राइवर घायल हो गए। उनकी मदद के लिए दूसरी इमरजेंसी सेवा की गाड़ी बुलानी पड़ी।

#### पेट्रोलिंग के दौरान बंद हो गई गाड़ी

*शहर के सबसे महत्वपूर्ण थाना सिविल लाइन की गाड़ी रात में पेट्रोलिंग के दौरान बंद हो गई। गाड़ी को रास्ते में खड़ी की गई। उसे दूसरे दिन बनाने के लिए भेजा गया। प्रभारी को दूसरी गाड़ी के लिए चक्कर काटना पड़ा। इसी खरोरा से आरोपियों को कोर्ट लाते समय गाड़ी बंद हो गई।*

#### हर थाने में एक पेट्रोलिंग गाड़ी

*रायपुर के हर थाने में एक पेट्रोलिंग गाड़ी है। हर थाने को दो डायल-112 की गाड़ियां दी गई है। थाना प्रभारियों को निजी गाड़ी भी दी गई। रायपुर में 40 गाड़ियां थाने में चल रही है। जबकि डायल-112 की 52 गाड़ियां है। पेट्रोलिंग और डायल-112 के लिए मौजूद गाड़ियों की स्थिति खराब है।*

#### संजीवनी को चाहिए जड़ी-बूटी

*संजीवनी 108 योजना में गाड़ी चलाने का ठेका जय अंबे कंपनी को दिया गया है। जबकि महतारी एक्सप्रेस 102 और मुक्ताजंली शव 1099 का ठेका कैंपस को दिया गया है। कई एंबुलेंस की स्थिति खराब है। रास्ते में बंद हो रही है। मरीज को आधे रास्ते में दूसरे गाड़ियों में शिफ्ट कर लाया जा रहा है।*

#### आरटीओ का ये है नियम

*परिवहन विभाग के नियमानुसार एक गाड़ी की सामान्य लाइफ 1.80 लाख से 2 लाख किलोमीटर या फिर 15 साल की होती है। इसके बाद गाड़ी को कंडम मान लिया जाता है। लेकिन आरटीओ की सख्ती सिर्फ आम आदमी के लिए है। सरकारी तंत्र में उनका यह नियम लागू ही नहीं होता है।*

## प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश

# अगले दो दिन तक प्रदेश में जमकर होती रहेगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ में इन दिनों झमाझम बारिश हो रही है। अब बारिश की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। अगले तीन दिनों तक प्रदेश के एक-दो जगह पर भारी बारिश से बहुत भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। वहीं छह और सात जुलाई को बारिश की गतिविधि में और वृद्धि होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, मानसून की द्रोणिका समुद्र तल से अब श्रीगंगानगर, भिवानी, आगरा और कोलकाता से होकर पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। द्रोणिका अब उत्तर-पूर्व अरब सागर से गंगिया पश्चिम बंगाल के उत्तरी भागों और आसपास के क्षेत्र में उपरोक्त चक्रवर्ती परिसंचरण तक उत्तर गुजरात, उत्तर मध्य प्रदेश, दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और झारखंड से होकर समुद्र तल से 1.3 किमी और 5.8 किमी ऊपर दक्षिण की ओर झुका हुआ है। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि एक दो जगह पर भारी से बहुत भारी बारिश होने और मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। राजधानी रायपुर में रविवार सुबह से ही बादल छाए हुए थे और बारिश हो होती रही। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के विभिन्न इलाकों में झमाझम बारिश हुई। वहीं कोरिया और बस्तर जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई है।

## चिंतन

# ट्रंप से अदावत में अरबपति मस्क का राजनीतिक उदय

दोस्ती की बुनियाद अगर स्वार्थ और अहं पर टिकी हो तो इसे अदावत में बदलते देर नहीं लगती है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप और एलॉन मस्क की दोस्ती भी कुछ ऐसी ही साबित हुई है, जो अब टकराव में बदल गई है। राष्ट्रपति ट्रंप के बर्ताव व फैसले से खिन्न एलॉन मस्क सियासी पिच पर कूद गए हैं। उन्होंने अमेरिका में नई राजनीतिक पार्टी 'अमेरिका पार्टी' की घोषणा की है। मस्क ने अपनी पार्टी के उद्देश्य को लेकर कहा है कि दो-दलीय व्यवस्था को खत्म कर जनता की आवाज़ को मजबूती देना है। अमेरिका में अरबपति व्यवसायी एलॉन मस्क का यह राजनीतिक उदय है। पिछले राष्ट्रपति चुनाव में जब ट्रंप अपना राजनीतिक अभियान चला रहे थे तो मशहूर एलॉन मस्क ट्रंप के सारथी की भूमिका निभा रहे थे। ट्रंप ने अपने चुनावी कैंपेन में मस्क का भरपूर सहयोग लिया, साधन से भी और धन से भी। राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने रिटर्न गिफ्ट के तौर पर मस्क को अमेरिकी सरकार में शामिल भी किया और सरकारी दक्षता विभाग का प्रमुख बना कर प्रशासनिक सुधार जैसी अहम जिम्मेदारी भी दी। मस्क की दिक्कत है कि वे एक अच्छे बिजनेसमैन हैं, स्टेट्समैन नहीं हैं। इसलिए उनके लिए ट्रंप के सभी फैसलों को राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में समझना आसान नहीं है। ट्रंप के महत्वाकांक्षी बिग ब्यूटीफुल बिल पर मस्क इतने खफा हुए कि वे ट्रंप सरकार से बाहर हो गए। बहरहाल, मस्क ने नई पार्टी बना कर अमेरिकी राजनीति में एक नए विकल्प का द्वार खोल दिया है। सवाल यह भी है कि दो दलीय अमेरिकी राजनीति में क्या किसी तीसरे दल की स्वीकार्यता होगी? अमेरिका के संविधान के अनुच्छेद II, खंड 1 के मुताबिक, अमेरिका में जन्म लेने वाले नागरिक ही अमेरिका के राष्ट्रपति बन सकते हैं। मस्क ने खुद सार्वजनिक रूप से बयां की है कि उनका जन्म अमेरिका में नहीं, वरन दक्षिण अफ्रीका में हुआ है। इस नियम के अनुसार वे खुद राष्ट्रपति तो नहीं बन सकते हैं, जब तक कि संविधान में संशोधन कर इस प्रावधान में बदलाव न किया जाए। मस्क अपनी किसी पत्नी या संतान या अपने किसी चहेते को राष्ट्रपति बनवा सकते हैं और वे अपनी पार्टी के जरिये ट्रंप की पार्टी की राह जरूर मुश्किल कर सकते हैं। ट्रंप मस्क को उनकी कंपनियों की सब्सिडी बंद करने व दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी भी दे चुके हैं। राजनीति की शुरुआत अगर सकारात्मक मंशा से हो तो उसका परिणाम भी अच्छा होता है, लेकिन अगर शत्रुता या बदले की भावना से हो तो अच्छे परिणाम की उम्मीद कम रहती है। यूं भी अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था में किसी तीसरे दल का भविष्य कभी लंबा नहीं रहा है। अनेक बार नई पार्टी सियासी मैदान में आई है, मगर केंद्रीय सत्ता का अंग नहीं बन सकी है। अमेरिकी जनमानस रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच ही घूमते रहे हैं। अतीत में, लिबरटेरियन, एलायंस, ग्रीन, बुल मूस, रिफॉर्म पार्टी, सोशलिस्ट, किसान-मजदूर, विस्कॉन्सिन प्रोग्रेसिव, कंज़र्वेटिव, पॉपुलिस्ट, नेचुरल लॉ, पीस एंड फ्रीडम, अमेरिकन इंडिपेंडेंट, डिक्सीक्रेट स्टेट्स राइट्स आदि पार्टियां अस्तित्व में आईं, लेकिन कोई भी पार्टी अमेरिकी राजनीति में तीसरा विकल्प नहीं बन सकी। अब मस्क ने अमेरिकी राजनीति को बदलने के वास्ते तीसरा विकल्प बनने के लिए नई पार्टी बनाई है, यह कदम ठहरी हुई अमेरिकी राजनीति में एक कंकड़ जरूर है, लेकिन इस नए दल का राजनीतिक भविष्य अभी भविष्य के गर्त में है। मध्य टर्म और वर्ष 2028 के राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिकन पार्टी की असली परीक्षा होगी।



# हिंदी विरोध के जरिए राष्ट्रीय मानस पर चोट

राजनीति
उमेश चतुर्वेदी

महाराष्ट्र की धरती पर हिंदी भाषियों को अपमानित करने में राजनीति के दो चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। एक तरफ अपमानित करने वाली शिवसेना और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना यानी मनसे है तो दूसरी तरफ राज्य की सत्ता है। हिंदी भाषियों को अपमानित करने वाली राजनीति का मकसद हिंदी विरोध पर मराठी मानुष की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए अपना वोट बैंक मजबूत करना है तो दूसरी तरफ सत्ता और विपक्ष के एक हिस्से की राजनीति है, जो अपमानित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई इस डर से नहीं कर रही कि कहीं इससे मराठी मानुष की धारणा कमजोर ना हो जाए और उसके जरिए उसका अपना समर्थक आधार ना खिसक जाए।

इसे राजनीतिक विद्रूप ही कहेंगे कि हिंदी को राजभाषा बनाने का विचार देने वाली मराठी माटी पर ही हिंदी भाषियों को अपमानित किया जा रहा है। महाराष्ट्र की धरती पर हिंदी भाषियों को अपमानित करने में राजनीति के दो चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। एक तरफ अपमानित करने वाली शिवसेना और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना यानी मनसे है तो दूसरी तरफ राज्य की सत्ता है। हिंदी भाषियों को अपमानित करने वाली राजनीति का मकसद हिंदी विरोध पर मराठी मानुष की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए अपना वोट बैंक मजबूत करना है तो दूसरी तरफ सत्ता और विपक्ष के एक हिस्से की राजनीति है, जो अपमानित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई इस डर से नहीं कर रही कि कहीं इससे मराठी मानुष की धारणा कमजोर ना हो जाए और उसके जरिए उसका अपना समर्थक आधार ना खिसक जाए। राजनीति की इस चक्करघिन्नी में निम्न मध्यवर्गीय या हाशिये वाला हिंदीभाषी समुदाय ही पिस रहा है। उसका अपराध यह है कि वह महाराष्ट्र में रहते हुए मराठी ना बोलकर हिंदी बोल रहा है।

हिंदी बोलने के लिए हिंदी भाषियों को प्रताड़ित करने वाली राजनीति का अतीत भी ऐसा ही रहा है। शिवसेना का उभार पिछली सदी के साठ के आखिरी वर्षों में मुंबई में मलयालम बोलने वालों को खिलाफ आंदोलन के बाद हुआ। मनसे के कार्यकर्ता 2008-09 के दौरान तो केंद्रीय नौकरियों के लिए मुंबई में परीक्षाएं देने आए उत्तर भारतीय विशेषकर उत्तर प्रदेश-बिहार के छात्रों को खुलेआम पिटते रहे। उस समय की राज्य सरकार ने इस बदसलूकी के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने से बचती रही थी और आज की सरकार का भी कुछ वैसा ही रवैया है। मराठी मानुष का बोध महाराष्ट्र में इतना गहरा है कि सरकारें चाहें जिस भी दल की हो, इस मसले पर तकरीबन एक जैसा रुख अपनाने से परहेज नहीं करतीं।

भारत की संपर्क भाषा और राजभाषा के रूप में हिंदी को स्थापित करने का विचार देने में महाराष्ट्र की हस्तियों का बड़ा योगदान रहा है। लोकमान्य तिलक ने बंग-भंग के वक्त 1905 में वाराणसी की यात्रा की थी। वहां उन्होंने नागरी प्रचारिणी सभा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जो कहा था, उसे महाराष्ट्र की हिंदी विरोधी राजनीति को जानना चाहिए। तिलक ने कहा था, 'निःसंदेह हिंदी ही देश की संपर्क और राजभाषा हो सकती है। लोकमान्य अकेले मराठी मानुष नहीं हैं, जिन्होंने हिंदी को लेकर यह विचार दिया। 1960 से पहले आज का गुजरात राज्य भी महाराष्ट्र का ही हिस्सा था। 1880 में गुजराती कवि नर्मदाशंकर दवे उर्फ नर्मद कवि ने लोकमान्य से करीब चौथाई सदी पहले हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में आगे लाने का सुझाव दिया था। हिंदी को स्थापित करने की महात्मा गांधी की कोशिशों से भला कौन इनकार कर सकता है। 1918 में इंदौर के हिंदी साहित्य सम्मेलन को हर हिंदी प्रेमी जानता है, लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि गांधी जी ने 1917 में भरूच में आयोजित गुजरात शैक्षिक सम्मेलन में पहली बार सार्वजनिक तौर पर हिंदी की ताकत को स्वीकार किया था। उन्होंने कहा था, 'भारतीय भाषाओं में केवल हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है जिसे राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाया जा सकता है।' हिंदी के प्रचार को राष्ट्रीय कार्यक्रम मानने वाले काका कालेलकर भी मराठी भाषी



ही थे। सतारा में जन्मे कालेलकर ने 1938 में कहा था, 'राष्ट्रभाषा प्रचार हमारा राष्ट्रीय कर्म है।' रचनात्मक आंदोलनकारी और गांधी जी के शिष्य विनोबा भी ताजिंदगी हिंदी के संघर्षरत रहे। उन्होंने हर भारतीय भाषा को एक-दूसरे के करीब लाने के लिए अनूठा सुझाव दिया था। उन्होंने हर भाषा से नागरी लिपि अपनाने का सुझाव दिया था। सिर्फ राजनीति ही नहीं, पत्रकारिता जगत की मराठी भाषी हस्तियों ने भी हिंदी को स्थापित करने में रचनात्मक भूमिका निभाई है और साहस दिखाया है। हिंदी पत्रकारिता आज जिस मुकाम पर है, उसमें बड़ा योगदान मराठी भाषी पत्रकारों और लेखकों का भी है। माधव राव सप्रे, बाबूराव विष्णुराव पराड़कर, रामकृष्ण खाडिलकर, लक्ष्मण नारायण गर्दे जैसे पत्रकारों ने हिंदी को नई शैली में गढ़ा, उसके शब्द गढ़े, और उसे ऊंचाई दी। हिंदी इन मराठी भाषी महात्मनों की शुक्रगुजार है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से निकले धर्मयुग ने दशकों तक हिंदीभाषी पाठकों के दिलों पर राज किया। ऐसे महाराष्ट्र की धरती पर अगर हिंदी बोलने वालों का अपमान होना दुखद ही कहा जाएगा। हिंदी विरोध की ग्रंथि तमिलनाडु में आजादी के पहले से ही रही है, जिसका संक्रमण कर्नाटक तक पहुंचा है। कर्नाटक रक्षण वेदिके ने 2017 में हिंदी बेड़ा अभियान यानी हिंदी विरोधी अभियान चलाया। साल 2019 में हिंदी दिवस न मनाने के लिए भी राज्य में अभियान चला। शुरू में इन विरोध प्रदर्शनों को बड़ा समर्थन नहीं मिला। राजनीति और मीडिया के हलकों में इसकी सुरसुरी दिखी। ऐसे आंदोलनों का असर बाद में पता चलता है। जब विरोध की वैचारिकी के असर में जमीनी स्तर की सोच बदलने लगती है। एक राष्ट्रीयकृत बैंक की स्थानीय शाखा के प्रबंधक से जबरदस्ती हिंदी बोलने के लिए हुज्जत करने का दृश्य हो या फिर किसी ऑटो वाले का किसी हिंदी भाषी लड़की को थप्पड़ मारना, कर्नाटक में हिंदी विरोधी आंदोलन की जमीनी परिणति ही कहा जाएगा। निजाम का शासन कर्नाटक के उत्तरी हिस्से में रहा। दिल्ली सल्तनत के बादशाह मोहम्मद तुगलक ने 1327 ईस्वी में दिल्ली से महाराष्ट्र के दौलताबाद में अपनी राजधानी लेकर गया था, जिसे आज का महाराष्ट्र देवगिरि के नाम से जानता है। उसके साथ भी हिंदी वहां तक पहुंची थी। महाराष्ट्र का विदर्भ इलाका राज्य पुनर्गठन से पहले मध्य प्रांत और बरार का हिस्सा रहा। इस वजह से विदर्भ भी मोटे तौर पर हिंदी के प्रभाव वाला राज्य है। शायद यही वजह रहा कि महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर विवाद नहीं रहा। विवाद की वजह अब मनसे और शिवसेना की राजनीति बनी है। इसका कारण नई शिक्षा नीति का वह प्रावधान है, जिसके तहत प्राथमिक स्तर पर भारतीय भाषायों के जरिए शिक्षा देने का प्रावधान है। जब प्राथमिक स्तर पर हिंदी में पढ़ाई कराने का आदेश आया तो राज्य की राजनीति में अपनी जगह खोज रहे शिवसेना-उद्धव और मनसे को हिंदी विरोध में ही अपना भविष्य नजर आया। एकनाथ शिंदे के अलग होने के बाद से शिवसेना-उद्धव भी परेशान है और शिवसेना से अलग होने के बाद से मनसे प्रमुख राज ठाकरे अपना राजनीतिक वजूद की खोज में हैं। दिलचस्प यह भी है कि अतीत में सत्ता और उत्तराधिकार के चलते अलग राह चुनने वाले दोनों चचेरे भाई उद्धव और राज एक कश्ती पर सवार होने की तैयारी में हैं और उसके लिए उन्होंने हिंदी विरोध की नाव तैयार की है। हिंदी को संपर्क भाषा इसलिए स्वीकार किया गया, क्योंकि वह देश को जोड़ने की कुव्वत रखती है। जबकि आज की राजनीति अपनी स्थानीय भाषाओं के नाम पर जिस भावना को फैला रही है, उससे देश का मानस बंटेगा..मानस बंटेगा तो देश में विघटन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिल सकता है। राजनीति चाहे जिस पक्ष की हो, उसे इस नजरिए से हिंदी के विरोध को देखना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जाति का मुद्दा
डॉ. चन्द्र त्रिखा



# सनातन की मर्यादा को तोड़ते कथावाचक विवाद

किसी भी विषय को लेकर विवादों का सिलसिला धीरे-धीरे हमारे देश में 'राष्ट्रीय हॉबी' बनता जा रहा है। कई बार ऐसा भी लगता है कि देश के कुछ मीडिया-संस्थान व कुछ 'बैठे ठाले' नेतागण, विवादों का उत्पादन करने में ही व्यस्त रहते हैं। 'विवादों' के सिलसिले धीरे-धीरे एक धंधा बनते जा रहे हैं। नया विवाद कथावाचन पर है। इन दिनों 'कथावाचन' ज्ञान-प्राप्ति का साधन मात्र नहीं रहा। कुछेक कथावाचकों का तो शुल्क ही 12 लाख से 20 लाख रुपये तक तय है। मगर इस शुल्क के साथ जाति का सवाल पहले नहीं था। चलिए थोड़ा सा कथावाचन की परंपरा पर भी दृष्टि डाल लेते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार भारतीय परिवेश में महर्षि वेद व्यास पहले कथावाचक थे। उन्हें ही महाभारत और श्रीमद्भागवत का रचनाकार माना जाता है। मान्यता यही है कि संसार में सबसे पहले गणेश जी ने कथा सुनी थी और उसे लिपिबद्ध भी किया था। उन्हें ब्रह्माजी के आदेश पर महर्षि वेद व्यास ने कथा सुनाई थी। वैसे पौराणिक कला में ऋषि-मुनि अपने आश्रमों में या वनों में अपने शिष्यों को कथा सुनाते थे। तब कथा का उद्देश्य 'लोक कल्याण' होता था। उसके लिए ऋषि-मुनि कोई शुल्क भी नहीं लेते थे। अब कथावाचन 'इवेंट मैनेजमेंट' का एक विषय है। भव्य मंडप सजते हैं। कथावाचकों के शुल्क इन 'इवेंट्स' के बजट का मुख्य भाग होते हैं। इस समय पूर्व राजनीतिज्ञ कुमार विश्वास सबसे महंगे कथावाचक माने जाते हैं। अन्य चर्चित एवं महंगे कथावाचकों में स्वामी अवधेशानन्द जी, बागेश्वर-धाम के बाबा धीरेंद्र कुमार शास्त्री, पंडित देवकीनंदन कुमार, आचार्य अनिरुद्धाचार्य, मोरारी बापू, भोले बाबा उर्फ नारायण साकार, जया किशोरी, बाबा रामदेव, देवी चित्रलेखा, आदि का नाम शामिल है। अब थोड़ी चर्चा 'व्यास पीठ' के बारे में भी। यह पीठ उत्तरप्रदेश के सीतापुर जिले में नैमिषारण्य तीर्थ पर स्थित है। यहीं पर महर्षि वेद व्यास ने महाभारत की रचना की थी। वहीं व्यास को समर्पित एक मंदिर भी है। हाल ही का विवाद कथावाचकों की जाति को लेकर आरंभ हुआ है। इस समय में इटावा के कथावाचकों के मामले में उत्पन्न विवाद मीडिया में भी और राजनीतिक दलों में भी चर्चा एवं आरोपों-प्रत्यारोपों तक जा पहुंचा है। इटावा में यादव जाति से आने वाले आचार्य मुकुट मणि यादव और संत सिंह यादव का आरोप है कि उनके ब्राह्मण यजमान ने जाति के आधार पर उनसे मारपीट की। तब से यह बहस जारी है कि कथावाचन का अधिकार किसे है। काशी की विद्वत परिषद सरीखी संस्था का कहना है कि भागवत कथा सुनने, सुनाने का अधिकार सभी हिन्दुओं को है, जबकि इन दिनों खबरों में छाए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का कहना है कि 'सभी जातियों को कथा सुनाने का अधिकार केवल ब्राह्मणों के पास है मगर किसी भी जाति का व्यक्ति अपनी जाति के लोगों को भागवत कथा सुना सकता है।' अब इस विवाद में समाजवादी पार्टी के नेतागण भी सक्रिय हो गए हैं। राजनीति की रोटियां सेंकने की तैयारी भी पूर्ण है। कुछेक कथावाचक यादव हैं तो कुछेक दलित भी। अधिक छानबीन चली तो हो सकता है एकाध मुस्लिम भी नाम बदलकर इस सूची में शामिल दिखे। मगर यह तो तय है कि कभी कांवड़-यात्रा को लेकर तो कभी धर्म-परिवर्तन को लेकर विवादों के बवंडर उठते रहते हैं। अगले चुनावों में इनमें से कुछ कथावाचकों को चुनाव-प्रचार में उतारने की योजनाएं भी चल रही हैं। कोई बड़ी बात नहीं कि कुछेक कथावाचकों को चुनावी मैदान में प्रत्याशी के रूप में भी उतार दिया जाए। वैसे यह तथ्य भी कम दिलचस्प नहीं कि कुछ कथावाचकों के अपने इलेक्ट्रॉनिक चैनल भी हैं। उन चैनलों पर कथावाचन के लिए प्रायोजक भी मिल जाते हैं और विज्ञापनदाता भी। कुछेक धार्मिक चैनलों को तो कुछ राज्य सरकारें भी संरक्षण व प्रोत्साहन देती हैं। ऐसा भी नहीं कि कथावाचन की परंपरा केवल सनातन धर्म तक ही सीमित है। इस सूची में सभी पंथों के धर्माचार्य शामिल हैं। जैन धर्म, बुद्ध धर्म, ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय, योग, ज्योतिष, तंत्र विद्या आदि से जुड़े कथावाचक भी हैं। पहले पहल साहित्य, कविगोष्ठी, कवि-सम्मेलन आदि के कार्यक्रम एवं 'स्लॉट' भी चले थे, लेकिन ज्यादा भाव नहीं मिल पाया। विवादों की उम्र ज्यादा नहीं होती। इस विवाद को अगले किसी विवाद के लिए स्थान खाली करना होता है। मगर इन विवादों का सबसे बड़ा अनुभव यह रहा है कि सुरूचिपूर्ण धारावाहिकों एवं कला-संगीत आदि से जुड़े कार्यक्रम हाशिए पर सरक चले हैं। सुरूचि का ना तो कोई वोट बैंक है, न उपयोगिता। अब हर तत्व, हर गतिविधि का चलन उपयोगिता से जुड़ चला है। चलिए प्रार्थना करें कि विवादों का धंधा सुरूचिपूर्ण ढंग से तो चले।

(लेखक वरिष्ठ साहियकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित
दर्शन

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।

## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्योधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्योधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मिलावट : मुंह में नहीं, जमीर में घुला जहर

मिलावट अब केवल खाने-पीने तक सीमित नहीं रही, यह हमारे सोच, संबंध और व्यवस्था तक में घुल चुकी है। मूंगफली में पत्थर हो या दूध में डिटर्जेंट, यह मुनाफाखोरी की संस्कृति का विस्तार है। उपभोक्ता की चुप्पी, सरकार की ढील और समाज की 'चलता है' मानसिकता ने इसे स्वीकार्य बना दिया है। मिलावट एक नैतिक संकट है, जो धीरे-धीरे शरीर ही नहीं, आत्मा को भी बीमार कर रहा है। जब तक ईमानदारी को समर्थन और सच्चाई को स्पेस नहीं मिलेगा, तब तक हर दाना शक के दायरे में रहेगा और हर निवाला जहर जैसा लगेगा। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। हर उत्पाद के साथ-साथ संवेदनाएं, ईमानदारी व नैतिकता भी प्रदूषित हो रही हैं।

*- प्रतीक केशरवानी, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### राफेल की बिक्री प्रभावित करने चीन ने किए प्रयास



चीन ने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के बाद फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन के बारे में भ्रम की स्थिति पैदा करने की जिम्मेदारी अपने दूतावासों को दी थी, ताकि इस विमान की प्रतिष्ठा और बिक्री को नुकसान पहुंचाया जा सके। फ्रांसीसी सैन्य और खुफिया अधिकारियों ने यह निष्कर्ष निकाला है। एसोसिएटेड प्रेस द्वारा देखी गई फ्रांसीसी खुफिया सेवा की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के दूतावासों में रक्षा अधिकारियों (डिफेंस अताशे) ने राफेल की बिक्री को प्रभावित करने के लिए अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य उन देशों को राजी करना था, जिन्होंने पहले से ही फ्रांस निर्मित लड़ाकू विमान का ऑर्डर दे दिया है – विशेष रूप से इंडोनेशिया– कि वे राफेल विमान न खरीदें तथा अन्य संभावित खरीदारों को चीन निर्मित विमान चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। फ्रांसीसी सेना के अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए रिपोर्ट एपी के साथ साझा की। सैन्य अधिकारी और शोधकर्ता तब से इस बात का ब्योरा जुटा रहे हैं कि पाकिस्तान के चीन निर्मित सैन्य उपकरण विशेष रूप से युद्धक विमान और मिसाइलें – भारत द्वारा पाकिस्तानी लक्ष्यों को भेदने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियारों, विशेष रूप से फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले कैसा प्रदर्शन कर रहे थे।

## ऑफ बीट

### ऑनलाइन बातचीत में भावनाओं को पहचान सकता है एआई



जब हम किसी दूसरे व्यक्ति को ईमेल या सोशल मीडिया पर कुछ लिखते हैं तो हम सीधे तौर पर कुछ नहीं कहते, लेकिन हमारे शब्द एक छिपे हुए अर्थ को व्यक्त कर सकते हैं। हम अक्सर यह भी उम्मीद करते हैं कि ये भावनाएं पाठकों तक पहुंच जायेंगी। लेकिन क्या होगा यदि दूसरी तरफ कोई कृत्रिम मेधा (एआई) प्रणाली हो, न कि कोई व्यक्ति? क्या एआई हमारे मूलपाठ में छिपे अर्थ को समझ सकता है? और अगर ऐसा है, तो इसका हमारे लिए क्या मतलब है? विषय-वस्तु विश्लेषण अध्ययन का एक क्षेत्र है जो पाठ में अंतर्निहित गहरे अर्थों और भावनाओं को उजागर करने से संबंधित है। उदाहरण के लिए, इस प्रकार का विश्लेषण हमें संचार में मौजूद राजनीतिक झुकाव को समझने में मदद कर सकता है जो शायद सभी के लिए स्पष्ट नहीं है। यह समझना कि किसी की भावनाएं कितनी तीव्र हैं या वे व्यंग्यात्मक हैं, किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, ग्राहक सेवा में सुधार लाने और यहां तक कि राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण हो सकता है। ये तो बस कुछ उदाहरण हैं। हम जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी इसके फायदों की कल्पना कर सकते हैं, जैसे सामाजिक विज्ञान अनुसंधान, नीति-निर्माण और व्यवसाय।

## ट्रेंड


### हार्दिक शुभकामनाएं



मैं 1.4 अरब भारतीयों के साथ मिलकर परम पावन दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। उनके संदेश ने सभी धर्मों के लोगों में सम्मान और प्रशंसा को प्रेरित किया है। हम उनके निरंतर अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### जयंती पर श्रद्धांजलि



एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान, नहीं चलेंगे...यह अखंड भारत के लिए अविराम तप करने वाले महापुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवन-प्रतिज्ञा थी। भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष,श्रद्धेय डॉ. मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि!

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**


### मतदान का अधिकार



निर्वाचन आयोग के सहयोग से भाजपा ने बिहार में करोड़ों लोगों के मतदान का अधिकार छीनने का जो 'मास्टर प्लॉन' बनाया था, उसमें अब भाजपा खुद फंसती नजर आ रही है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### ध्वस्त कानून व्यवस्था



बिहार की ध्वस्त कानून व्यवस्था व बेलगाम भ्रष्टाचार पर भी अगर किसी को गुस्सा नहीं आ रहा तो समझो उस इंसान का न्यायिक चरित्र एवं मानवीय संवेदना मर चुकी है। जात-धर्म के नाम पर सरकार की विफलता व जनभावनाओं को नजरअंदाज करना बिहार और बिहारियों के लिए घातक है।

**-तेजस्वी यादव, राजद नेता**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे सहित 67 सड़कें 'जाम'

## प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से सड़कों के बंद होने का सिलसिला नहीं थमा

उत्तराखंड में कुदरत की मार, लोगों में हाहाकार

एजेंसी ⏭ उत्तरकाशी

यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी के समीप एनएच विभाग की ओर से करीब 24 मीटर लंबे स्पान के बैली ब्रिज का निर्माण कर रहा है। स्यानाचट्टी में सिंचाई विभाग की ओर से यमुना नदी में बनी झील के मुहाने से मलबा हटाने का कार्य जारी है। 28 जून क यमुनोत्री हाईवे का हिस्सा ओजरी में बह गया था। बारिश के बाद मलबा आने से सड़कों का बंद होने का सिलसिला थमा नहीं है। ऋषिकेश-यमुनोत्री-राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 67 सड़के बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रुद्रप्रयाग जिले में चार ग्रामीण सड़कें, उत्तरकाशी में एक एनएच सहित 11 ग्रामीण सड़कें, नैनीताल में 2, चमोली में एक राज्य मार्ग सहित 21 ग्रामीण सड़कें, पिथौरागढ़ में 6ग्रामीण, अल्मोड़ा में 1 राजमार्ग और 1 ग्रामीण, बागेश्वर जिले में 11 ग्रामीण, पौड़ी गढ़वाल में 3ग्रामीण, देहरादून में 2ग्रामीण और टिहरी जिले में 3 ग्रामीण सड़कें बंद हैं।





## मंडी में फिर फटा बादल: कोरतंग में तबाही, 2 शव मिले

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक बार फिर बादल फटने से तबाही मची है। चौहारघाटी सिल्हबुधानी के कोरतंग में देर रात बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है, लेकिन जानमाल को नुकसान नहीं है। तबाही के जख्मों के बीच हिमाचल में रविवार को फिर से भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने मंडी, कांगड़ा और सिरमौर में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट है।

### फ्लाइटें रद्द, 239 सड़कें, 258 ट्रांसफॉर्मर व 289 पेयजल स्कीमें ठप

बारिश के चलते दिल्ली और चंडीगढ़ से कोई भी फ्लाइट गगल एयरपोर्ट नहीं पहुंची। चारों फ्लाइटें रद्द रहीं। इसमें इंडिगो की एक दिल्ली और एक चंडीगढ़ से फ्लाइट। वहीं, स्पाइस जेट की दो फ्लाइटें दिल्ली से नहीं आई। बारिश और भूस्खलन के चलते प्रदेश में अभी 239 सड़कें, 258 ट्रांसफॉर्मर व 289 पेयजल स्कीमें ठप हैं। सर्वाधिक 176 सड़कें मंडी जिले में अवरुद्ध हैं। इनमें सराज में 85 सड़कें बंद हैं।

अब मंडी पहुंचीं कंगना

## अब तक सारी मदद केंद्र ने दी, हम लोगों के साथ खड़े

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के मंडी के सिराज घाटी में बादल फटने की घटना से हुए नुकसान और मृतकों के परिवारों को संवेदना जताने मंडी की भाजपा सांसद कंगना रनौत पहुंची हैं। रनौत ने राज्य सरकार पर सवाल उठाते कहा कि अब तक सारी मदद केंद्र सरकार के तरफ से ही आई है। मैं जो काम कर रही हूं वो मैं जानती हूं लेकिन ये जो काम कर रहे हैं इसके बाद मुझे नहीं लगता कि कांग्रेस की सरकार वापस आएगी। लोगों ने जो दुख उन्होंने झेले हैं, अपने परिवार खोएं हैं, उनके साथ खड़े हैं।

## खबर संक्षेप

### यूबीटी के कई सांसद विधायक पार्टी छोड़ेंगे

मुंबई। महाराष्ट्र के वरिष्ठ भाजपा नेता और मंत्री गिरीश महाजन ने दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) के कई सांसद और विधायक उनके संपर्क में हैं, क्योंकि लोगों को अब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व पर भरोसा नहीं रह गया है। महाजन ने त्रिभाषा नीति पर विवाद के बीच उद्धव ठाकरे को 'पलटीबहादुर' बताते हुए उन पर अपरिपक्व व्यवहार का आरोप लगाया।



### रोहतांग के समीप कार खाई में गिरी, 4 की मौत

रोहतांग। सड़क मार्ग पर राहनीनाला के समीप एक ऑल्टो कार नंबर एचपी 01 के -7850 गहरी खाई में गिरने से 4लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि एक की हालत गंभीर है।बताया जा रहा होटल का स्टाफ रोहतांग दर्रे की तरफ जा रहा था, लेकिन राहनीनाला के पास सभी हादसे का शिकार हो गए। मनाली थाना की पुलिस मौके रवाना हो गई है।



### राजस्थान में सड़क दुर्घटना में 4 की गई जान

कोटा (राजस्थान)। राजस्थान के बारां जिले में कोटा-शिवपुरी राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर एक कार के खड़ पिकअप वाहन से टकरा जाने के कारण चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शनिवार रात हुआ। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान सभी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



### अदालतें अग्रिम जमानत असाधारण मामलों में ही दें

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि अग्रिम जमानत देने का अधिकार एक असाधारण शक्ति है और इसका प्रयोग केवल असाधारण मामलों में ही किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने आशीष कुमार को अग्रिम जमानत देने से इनकार करयह टिप्पणी की। कुमार पर चचेरे भाई पर हमला का आरोप है।



### अब तेलंगाना में 10 घंटे की शिफ्ट, हफ्ते में 48 घंटे काम

हैदराबाद। देश में सप्ताह में काम के घंटों को लेकर जारी बहस के बीच तेलंगाना सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने कॉमर्शियल इकाइयों के लिए हर रोज 10 घंटे तक काम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पूरे सप्ताह में 48 घंटे काम करना होगा। सरकार ने 5 जुलाई कोआदेश जारी किया है। दुकानों और मॉल्स को इससे अलग रखा गया है।



### बिहार चुनाव से पहले आयोग ने वोटरों को दी सहूलियत

# लोग मतदाता सूची पुनरीक्षण में बिना दस्तावेज के जमा करा सकेंगे अपना गणना आवेदन

## विशेष सर्वेक्षण अभियान चलाकर दस्तावेज लेने की प्रक्रिया होगी पूरी



बिहार के नए CEO

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/ पटना


बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बिना दस्तावेज के भी गणना फॉर्म जमा हो सकेगा। ऐसा करने वाले मतदाताओं का नाम भी मतदाता सूची के प्रारूप (ड्रॉफ्ट रोल) में शामिल कर लिया जाएगा। हालांकि, सत्यापन के दौरान जरूरी दस्तावेज बीएलओ के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। 26 जुलाई तक ऑनलाइन या ऑफलाइन ये गणना फॉर्म हर हाल में मतदाताओं को भरकर जमा करना अनिवार्य है। आयोग ने ताजा फैसले से मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को बड़ी राहत दी है। शनिवार को बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि मतदाता तत्काल केवल गणना फॉर्म ही भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल हो जाएगा । 2003 के बाद मतदाता बनने वाले गणना फॉर्म को सही-सही भरकर, अपनी तस्वीर चिपका कर और अपना हस्ताक्षर कर बीएलओ के पास तय समय में जमा करा दें।

**26** जुलाई तक ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा करने की दी छूट

**4.96** करोड़ वोटर सत्यापित

गणना फॉर्म प्राप्त कर बीएलओ तत्काल उसे ऑनलाइन अपलोड कराएं। अब राज्य के 2003 के मतदाता सूची में अंकित कुल 7.90 करोड़ मतदाताओं में 4.96 करोड़ को पहले से ही कोई दस्तावेज देने की बाध्यता नहीं है।

### 3 करोड़ मतदाताओं को मिलेगी राहत





गणना फॉर्म प्राप्त कर बीएलओ तत्काल उसे ऑनलाइन अपलोड कराएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य के 2003 के मतदाता सूची में अंकित कुल 7.90 करोड़ मतदाताओं में 4.96 करोड़ को पहले से ही कोई भी दस्तावेज देने की बाध्यता नहीं है। शेष करीब 3 करोड़ मतदाताओं से ही दावा-आपत्ति के दौरान विशेष सर्वेक्षण अभियान चलाकर दस्तावेज लेने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### मतदाता तत्काल केवल गणना फॉर्म भरेंगे

बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) गुंजियाल ने कहा कि मतदाता तत्काल केवल गणना फॉर्म ही भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल हो जाएगा। 2003 के बाद मतदाता बनने वाले गणना फॉर्म को सही-सही भरकर, अपनी तस्वीर चिपका कर और अपना हस्ताक्षर कर बीएलओ के पास तय समय में जमा करें।

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य सुचारु चल रहा

निर्वाचन आयोग ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य उसके आदेशानुसार किया जा रहा है और सुचारू रुप से चल रहा है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं महुआ



बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ अब तृणमूल कांग्रेस की नेता और सांसद महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। मोइत्रा ने भारत निर्वाचन आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु ने कहा

### बंगाल में भी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराए ईसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का रविवार को स्वागत करते हुए कहा कि इसी तरह की कवायद बंगाल में भी करनी चाहिए।

### खेमका की हत्या पर राहुल ने साधा निशाना

## भाजपा-नीतीश ने बिहार को भारत की 'क्राइम कैपिटल' बना दिया

नई दिल्ली। पटना में बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के बाद बिहार की कानून व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया है कि नीतीश कुमार और भाजपा की गठबंधन सरकार ने बिहार को भारत की क्राइम कैपिटल बना दिया है। इससे पहले तेजस्वी यादव ने खेमका की हत्या पर सरकार को निशाने पर लेते हुए बिहार में जंगलराज होने का आरोप लगा दिया था। राहुल ने लिखा कि आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां नया नॉर्मल बन चुका है और सरकार पूरी तरह नाकाम। बिहार के भाइयों और बहनों, यह अन्याय अब और नहीं सहा जा सकता। जो सरकार आपके बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकती, वह आपके भविष्य की जिम्मेदारी भी नहीं ले सकती। उन्होंने लिखा कि 'हर हत्या, हर लूट, हर गोली - एक चीख है बदलाव की। अब वक्त है एक नए बिहार का, जहां डर नहीं, तरक्की हो। इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है।



### विश्व बैंक की गरीबी रिपोर्ट

# जयराम का केंद्र सरकार पर हमला आंकड़ों में हेरफेर का आरोप लगाया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव (संचार) और सांसद जयराम रमेश ने विश्व बैंक की अप्रैल महीने में जारी 'पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। रमेश ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार इस रिपोर्ट के आंकड़ों को तोड़-मरोड़कर यह भ्रामक दावा कर रही है कि भारत दुनिया के सबसे समानता वाले समाजों में से एक है। उन्होंने सरकार की नीतियों को गरीबी और असमानता को छिपाने वाली और डेटा में हेरफेर करने वाली करार दिया। यह बयान देश में आर्थिक असमानता, सामाजिक कल्याण योजनाओं की स्थिति और सरकारी आंकड़ों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाता है।

### विश्व बैंक की रिपोर्ट

उपलब्धियां और चेतावनियांविश्व बैंक की अप्रैल 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा (2.15 डॉलर प्रति दिन) के आधार पर भारत में हाल के वर्षों में गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई है और यह अब काफी निम्न स्तर पर पहुंच गई है। जयराम रमेश ने इस उपलब्धि को भारत की विकास गाथा का हिस्सा बताया, जिसकी शुरुआत जून 1991 में आर्थिक उदारीकरण से हुई थी।

उन्होंने विशेष रूप से 2004-2014 के बीच डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार द्वारा शुरू की गई सामाजिक कल्याण योजनाओं, जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) 2005 और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013, का उल्लेख किया। मनरेगा ने ग्रामीण परिवारों को न्यूनतम आय का सुरक्षा जाल प्रदान किया, जिससे करोड़ों लोग गरीबी रेखा से ऊपर बने रहे। वहीं, खाद्य सुरक्षा अधिनियम ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसे कार्यक्रमों के लिए आधार तैयार किया, जिसने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। जयराम रमेश ने इन योजनाओं को भारत की गरीबी उन्मूलन यात्रा में महत्वपूर्ण कदम बताया। हालांकि, इसके साथ विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कई गंभीर चेतावनियां भी दी हैं।

### स्पष्टता और पारदर्शिता का अभाव

सरकार पर डेटा हेरफेर का आरोपजयराम रमेश ने अपने बयान में केंद्र सरकार की नीतियों को आर्थिक असमानता को बढ़ाने वाला और डेटा में हेरफेर करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2014 में रंगराजन समिति की सिफारिशों के बाद कोई नई गरीबी रेखा तय नहीं की, जिससे गरीबी की स्थिति को लेकर स्पष्टता और पारदर्शिता का अभाव है। 2017-18 के उपभोग व्यय सर्वेक्षण को खारिज करना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। रमेश ने आरोप लगाया कि जब भी आर्थिक आंकड़े सरकार के दावों के विपरीत जाते हैं, वह डेटा को तोड़-मरोड़कर या दबाकर अपनी छवि चमकाने की कोशिश करती है।

### कांग्रेस पार्टी की ओर से जयराम रमेश ने कुछ मांगें तो कुछ सुझाव केंद्र को दिए

- सामाजिक कल्याण योजनाओं को मजबूत करें: मनरेगा की मजदूरी बढ़ाई जाए, खाद्य सुरक्षा अधिनियम के दायरे में 10 करोड़ अतिरिक्त लोगों को शामिल किया जाए, और 2027 में प्रस्तावित जनगणना को जल्द से जल्द कराया जाए। ये योजनाएं कमजोर वर्गों को आर्थिक झटकों से बचाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।
- पारदर्शी गरीबी रेखा: 2014 की रंगराजन समिति की सिफारिशों के बाद कोई नई गरीबी रेखा तय नहीं की गई। सरकार को तत्काल एक अपडेटेड गरीबी रेखा निर्धारित करनी चाहिए।
- डेटा की विश्वसनीयता: डेटा की गुणवत्ता, स्थिरता और विश्वसनीयता को प्राथमिकता दी जाए। सरकार का हालिया रिकॉर्ड, विशेष रूप से 2017-18 के सर्वेक्षण को दबाना, इस मोर्चे पर विश्वास को कमजोर करता है।
- असमानता पर अंकुश: जीएसटी प्रणाली में सुधार कर इसके नकारात्मक प्रभावों को कम किया जाए। साथ ही, टैक्स टेररिज्म को समाप्त कर निजी कॉर्पोरेट निवेश को प्रोत्साहन दिया जाए, कॉर्पोरेट पक्षपात पर रोक लगे, और आम परिवारों की आय व बचत को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन दिए जाएं।

जनजातीय मंत्रालय: ठोस वैज्ञानिक सबूत दें

# पर्यावरण मंत्रालय: आदिवासी समुदायों को वन अधिकार देने से जंगलों का नुकसान

### केंद्रीय मंत्रालयों में आदिवासी, वन मामले में आपस में ठनी, 150 संगठनों ने विरोध जताते हुए पीएम मोदी को लिखा पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

जनजातीय मामलों के मंत्रालय और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बीच वन अधिकार कानून (एफआरए) 2006 को लेकर तनातनी बढ़ती जा रही है। यह विवाद तब शुरू हुआ, जब जनजातीय मंत्रालय ने पर्यावरण मंत्रालय से ठोस वैज्ञानिक सबूत मांगे, जो यह साबित करें कि वनवासी जनजातीय समुदायों को वन अधिकार देने से जंगलों का नुकसान हो रहा है। यह मांग 2 जुलाई को जनजातीय मंत्रालय द्वारा जारी एक कार्यालय ज्ञापन के बाद सामने आई, जिसमें भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 के कुछ दावों पर सवाल उठाए गए हैं।

### विवाद का केंद्र आईएसएफआर 2023

आईएसएफआर 2023 में पर्यावरण मंत्रालय ने दावा किया था कि एफआरए के तहत लाभार्थियों को दिए गए भूमि अधिकार जंगल और वृक्ष आवरण में नकारात्मक बदलाव का एक प्रमुख कारण हैं। इस दावे को जनजातीय मंत्रालय ने आधारहीन और भ्रामक करार दिया। मंत्रालय ने कहा कि इससे राज्य, जिला और वन प्रशासनों में गलत धारणाएं बन सकती हैं। इससे न केवल वनवासियों के अधिकारों का हनन हो सकता है, बल्कि एफआरए के प्रभावी कार्यान्वयन में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है। मंत्रालय ने यह भी तर्क दिया कि वनवासी समुदायों को उनके पारंपरिक वन अधिकार देना जंगल संरक्षण के लिए लाभकारी हो सकता है, क्योंकि ये समुदाय पीढ़ियों से जंगलों के साथ सह-अस्तित्व में रहते आए हैं। मंत्रालय ने पर्यावरण मंत्रालय से इस मुद्दे पर स्पष्टता और ठोस आंकड़े पेश करने की मांग की है।

### पर्यावरण मंत्रालय ने कहा बयान को गलत तरीके से लिया गया

पर्यावरण मंत्रालय ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि उनके दावों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। मंत्रालय ने 'एक्स' पर अपनी स्थिति स्पष्ट की। कहा गया कि मंत्रालय वन प्रबंधन में जनजातीय समुदायों के अधिकारों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।4 जुलाई को मंत्रालय ने यह भी कहा कि वह लगभग 150 संगठनों द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे गए एक पत्र का जवाब दे रहा है, जिसमें एफआरए के कथित दुरुपयोग का जिक्र था। वन अधिकार कार्यकर्ताओं ने कानून को कमजोर करने का आरोप लगाया है।

### पटना सनातन महाकुंभ में बोले पं. धीरेंद्र

# भारत हिंदू राष्ट्र बना तो देश का पहला राज्य बिहार होगा



एजेंसी ⏭ पटना

बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में सनातन महाकुंभ 2025 का भव्य आयोजन शुरू हो चुका है। इस सनातन महाकुंभ में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने बड़ा बयान दिया है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि कुछ लोग तिरंगे पर चांद चाहते हैं, लेकिन ऐसा कभी होने वाला नहीं है। हमारे धर्म पर घात हुआ तो हमलोग प्रतिघात करेंगे।

### हमारा एक ही सपना भगवा-ए-हिंद बनाना

पंडित शास्त्री ने कहा कि बहुत सी ताकतें देश को गजवा-ए-हिंद बनाना चाहती हैं, लेकिन हमारा एक ही सपना है भगवा-ए-हिंद। धीरेंद्र शास्त्री यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा कि हमारे धर्म पर घात हुआ तो प्रतिघात करूंगा। हमें मुसलमान, ईसाई से कोई दिक्कत नहीं। जातियों के नाम पर लड़ाने वाले हिंदुओं से दिक्कत। धीरेंद्र शास्त्री ने आगे कहा कि अगर भारत हिंदू राष्ट्र होगा तो पहला राज्य बिहार होगा।

### केंद्रीय मंत्री शाह ने सहकारिता क्षेत्र के नेताओं से की अपील

# प्रौद्योगिकी,जनहित को 'कार्य संस्कृति' का अटूट अंग बनाएं

## सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस पर अमूल डेयरी के परिसर में बोले

एजेंसी ⏭ आणंद

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को सहकारिता क्षेत्र के नेताओं से अपील की कि वे सफलता प्राप्त करने के लिए पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी का उपयोग और सहकारी संगठनों के सदस्यों के हितों को अपनी कार्य संस्कृत में सर्वोच्च स्थान दें। सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर शाह ने यहां अमूल डेयरी के परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी और सदस्यों (सहकारी क्षेत्र के किसानों और समितियों) को साथ रखना अहम है। शाह ने कहा कि प्रौद्योगिकी के बिना सहकारी समितियां समृद्ध नहीं हो सकतीं।



### 2 लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियां

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र में दो लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसी) का पंजीकरण, त्रिभुवन, पहले राष्ट्रीय सहकारिता विश्वविद्यालय की नींव रखी गई है और डेयरी क्षेत्र में 3 नई राष्ट्रीय सहकारी समितियों का निर्माण किया गया है। शाह ने इस क्षेत्र से 5 'पी' - 'पीपुल्स' (जनता), 'पीएसी', 'प्लेटफॉर्म' (मंच), 'पॉलिसी' (नीति) और 'प्रोस्पेरिटी' (समृद्धि) पर ध्यान देने का आग्रह किया।

### 3 सिद्धांतों को कामकाज में शामिल करें

शाह ने सहकारी समितियों से 3 सिद्धांतों को अपनी कार्य संस्कृति में शामिल करते हुए जम्मू-कश्मीर से लेकर 'कामाख्या' और देश के हर गांव में इनका प्रचार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुजरात में नमक सहकारी समिति की शुरुआत सहित कार्यक्रम के दौरान शुरू की गई दस पहलों से अमूल की तरह एक मजबूत ब्रांड का निर्माण होगा।

### 4 साल पहले रखी गई इसकी नींव

शाह ने कहा कि 4 साल पहले मोदी ने 'सहकारिता से समृद्धि' के मंत्र के साथ सहकारिता मंत्रालय की नींव रखी थी, जिससे सहकारी व्यवस्था में नई जान आई। उन्होंने कहा कि दुग्ध सहकारी संस्था अमूल का वार्षिक कारोबार अगले साल 80,000 करोड़ से बढ़कर एक लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। शाह ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

# रुपए पर तस्वीर के लिए टैगोर समेत कई नामों पर हुआ था विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रुपये पर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर लगाने के लिए रबीन्द्रनाथ टैगोर, मदर टेरेसा समेत कई नामों पर विचार किया गया था लेकिन सहमति महात्मा गांधी के नाम पर बनी थी। उसी आम सहमति का नतीजा है कि नोट पर गांधी की तस्वीर लंबे समय से बनी हुई है।

- महात्मा गांधी पर ही बनी थी सहमति

आरबीआई के कामकाज पर बने एक वृत्तचित्र में यह कहा गया है। आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को लोगों के सामने लाने के लिए हाल में जारी वृत्तचित्र के जरिये यह भी बताया है कि वह प्रिंटिंग प्रेस से देश के हर कोने में रुपये को पहुंचाने के लिए ट्रेन, जलमार्ग, हवाई जहाज समेत बड़ी परिवहन प्रणालियों का उपयोग करता है।

## आरबीआई के कामकाज पर बने वृत्तचित्र में कहा गया

### बैंक नोट देश की तस्वीर बयां करती है

यह पहली बार है जब आरबीआई के कार्यों को वृत्तचित्र के रूप में लाया गया है। 'आरबीआई अनलॉक्ड: बियॉन्ड द रुपी' शीर्षक से जारी पांच भागों वाली यह श्रृंखला जियो हॉटस्टार के साथ मिलकर पेश की गयी है। इसमें कहा गया है, "बैंक नोट न केवल लेन-देन का साधन है, बल्कि देश की ताकत बयां करने के साथ संचार का प्रमुख जरिया भी है।

*लंबे समय से गांधी की तस्वीर नोट पर लगी है : आरबीआई के अनुसार, "उसी आम सहमति का नतीजा है कि लंबे समय से रुपये पर गांधी जी की तस्वीर लगी है...जब महात्मा गांधी श्रृंखला पर नोट पेश किये गये, यह पहली श्रृंखला थी जिसका डिजाइन पूरी तरह से केंद्रीय बैंक की टीम ने किया था।" पहली बार 1969 में महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी के अवसर पर 100 रुपये का स्मारक नोट जारी किया था।*



*आजादी से पहले जीव जंतुओं की तस्वीर होती थी*
*आजादी से पहले ब्रिटिश भारत में रुपये पर उपनिवेशवाद और उससे जुड़े ऐतिहासिक और राजनीतिक संदर्भों का जिक्र होता था। इसमें वनस्पति और जीव-जन्तुओं (बाघ, हिरण) की तस्वीर होती थी...। रुपये पर ब्रिटिश साम्राज्य की भव्यता को 'सजावटी हाथियों' और राजा के अलंकृत चित्रों के माध्यम से दर्शाया जाता था।*

### शुरू में अशोक स्तंभ की तस्वीर चर्चित हुई थी

आरबीआई के अनुसार, "लेकिन जब भारत आजाद हुआ, धीरे-धीरे रुपये में छपी तस्वीरों में भी बदलाव आया। शुरू में रुपये पर अशोक स्तंभ के शेर के प्रतीक चिन्ह, चर्चित स्थलों आदि का उपयोग हुआ। धीरे-धीरे भारत के विकास और प्रगति के साथ रुपये ने चित्रों के माध्यम से विकास की कहानी को बयां करना शुरू किया।"

### प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर से नोट पहचानना आसान होता है

देश में विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति और हरित क्रांति की उपलब्धियों को नोट पर आर्यभट्ट और खेती करते किसानों आदि की तस्वीरों के जरिये बखूबी उकेरा गया। केंद्रीय बैंक ने कहा, ''बाद में यह महसूस किया गया कि अगर बैंक नोट पर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर हो तो उसे पहचानना आसान हो जाता है। नकली नोट का अगर डिजाइन ठीक नहीं है तो प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर से लोगों के लिए असली और नकली नोट की पहचान करना सरल हो जाता है।''

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कर्ज आवंटन में वृद्धि




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में उसका कर्ज आवंटन 15.36 प्रतिशत बढ़कर 2.41 लाख करोड़ रुपये रहा। बीओएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की इसी तिमाही में कर्ज वितरण 2.09 लाख करोड़ रुपये था।

### गोदरेज कैपिटल का एयूएम को दोगुना करने का लक्ष्य




**मुंबई।** गैर-बैंक ऋणदाता गोदरेज कैपिटल के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) बढ़कर करीब 18,000 करोड़ रुपये हो गई हैं। कंपनी का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक अपने एयूएम को 25,000 करोड़ रुपये से अधिक पर पहुंचाना है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही है।

### पूंजीकरण में अधिक नुकसान में एचडीएफसी बैंक रही




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 70,325.5 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 626.01 अंक या 0.74 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

## समूह मुंद्रा में 10 लाख टन सालाना क्षमता का संयंत्र लगा रहा

# गुजरात में पीवीसी संयंत्र लगाएगा अदाणी पेट्रोरसायन क्षेत्र में रिलायंस से प्रतिस्पर्धा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी का समूह गुजरात के मुंद्रा में 10 लाख टन सालाना क्षमता का पीवीसी संयंत्र लगाने जा रहा है। इसके साथ समूह पेट्रोरसायन क्षेत्र में उतर जाएगा। इस क्षेत्र में अभी तक रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे बड़ी कंपनी है।

इसके साथ अदाणी समूह पीवीसी क्षेत्र भी रिलायंस के साथ प्रतिस्पर्धा करेगांपीवीसी या पॉलिविनाइल क्लोराइड एक सिंथेटिक प्लास्टिक पॉलिमर है जिसका पाइप और फिटिंग से लेकर खिड़की और दरवाजे के फ्रेम, केबल इंसुलेशन, विनाइल फ्लोरिंग और वॉल कवरिंग, क्रेडिट कार्ड और खिलौने जैसे कई उत्पादों को बनाने के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है।

### घरेलू उत्पादन क्षमता 15.9 लाख टन

भारत की सालाना पीवीसी की मांग लगभग 40 लाख टन है, जबकि घरेलू उत्पादन क्षमता लगभग 15.9 लाख टन है। घरेलू क्षमता में आधी रिलायंस के पास है। पीवीसी की मांग सालाना आठ-10 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। इस मामले से अवगत दो सूत्रों ने बताया कि अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज मुंद्रा मे एक पेट्रोरसायन संकुल बना रही है।

**इस संयंत्र के साथ ही अदाणी पेट्रोरसायन क्षेत्र में उतर रहे**

**इस क्षेत्र में अब तक रिलायंस ही सबसे बड़ी कंपनी है**

**भारत की सालाना पीवीसी की मांग 40 लाख टन है**



### रिलायंस की क्षमता 7,50,000 टन सालाना है

यह परियोजना समूह को रिलायंस के खिलाफ खड़ा करेगी, जो वर्तमान में भारत की सबसे बड़ा पीवीसी उत्पादक है। रिलायंस की अनुमानित पीवीसी क्षमता लगभग 7,50,000 टन सालाना की है। रिलायंस के गुजरात में हजीरा, दहेज और वडोदरा में पीवीसी संयंत्र हैं। रिलायंस 2027 तक अपनी क्षमता को दोगुना करने की योजना बना रही है।

### संयंत्र 2027-28 तक चालू होगा

कंपनी वहां 10 लाख टन सालाना क्षमता का पीवीसी विनिर्माण संयंत्र लगा रही है। यह संयंत्र वित्त वर्ष 2027-28 तक चालू होगा। पीवीसी परियोजना में पीवीसी, क्लोर-अल्कली, कैल्शियम कार्बाइड और एसिटिलीन इकाइयों के निर्माण की क्षमताएं शामिल होने की उम्मीद है।

*आयात निर्भरता घटाने में मदद मिलेगी : अदाणी समूह एसिटिलीन और कार्बाइड आधारित पीवीसी उत्पादन प्रक्रिया को लागू करना चाहता है। इसके लिए पर्यावरणीय मंजूरी और परियोजना स्थापित करने की सहमति पहले ही मिल चुकी है। भारत में पीवीसी की मौजूदा उच्च मांग और कम आपूर्ति को देखते हुए अदाणी की परियोजना से आपूर्ति के अंतर को कम करने और आयात निर्भरता घटाने में मदद मिलेगी।*

### दोनों एक-दूसरे के क्षेत्र से अलग काम करते रहे

अदाणी समूह समूह और मुकेश अंबानी की रिलायंस लंबे समय तक एक-दूसरे से अलग क्षेत्रों में काम करते रहे हैं। लेकिन पहले स्वच्छ ऊर्जा और अब पेट्रोरसायन ऐसे क्षेत्र होंगे, जहां वे एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि मांग में वृद्धि के आधार पर भविष्य में अदाणी के मुंद्रा संयंत्र की क्षमता 20 लाख टन सालाना तक बढ़ाई जा सकती है।

### परियोजना को वित्तपोषण एसबीआई कर रही

इस परियोजना का वित्तपोषण भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले बैंकों के गठजोड़ द्वारा किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि अदाणी समूह को परियोजना के लिए 'फीडस्टॉक' हासिल करने का भरोसा है, क्योंकि समूह की पोर्टफोलियो कंपनियों के पास घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में व्यापार की विशेषज्ञता है।

# जून में इलेक्ट्रिक कार की बिक्री में बड़ा उछाल: रिपोर्ट



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में जून माह में कई गुना की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि परंपरागत ईंधन वाली यात्री कारों की बिक्री में इस दौरान कमजोर उपभोक्ता मांग के कारण गिरावट आई है। श्रीराम फाइनेंस के मोबिलिटी बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के निष्कर्षों में कहा गया है कि निजी क्षेत्र द्वारा बढ़ती भर्तियों के कारण जून, 2025 में ट्रक किराये में मजबूती बनी रही। इसी के अनुरूप विभिन्न मार्गों पर 18-टन पेलोड के लिए वापसी किराये में वृद्धि हुई, चाहे वह दिल्ली-मुंबई-दिल्ली हो यदिल्ली-हैदराबाद-दिल्ली। सालाना आधार पर, जून, 2025 में ट्रक किराये में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मई, 2025 की तुलना में इसमें 1.3 प्रतिशत वृद्धि हुई। जून, 2025 में इलेक्ट्रिक मोटर कार की बिक्री बढ़कर 9,804 इकाई हो गई, जो जून, 2024 में सिर्फ 717 इकाई थी।

### बिक्री में एक फीसदी की वृद्धि

शनिवार को जारी अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया कि मासिक आधार पर, इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री मई, 2025 में बेची गई 9,693 इकाइयों से मामूली एक प्रतिशत बढ़कर 9,804 इकाई हो गई। श्रीराम फाइनेंस के प्रबंध निदेशक वाई एस चक्रवर्ती ने कहा, "जून, 2025 में विभिन्न परिवहन और वाहन क्षेत्रों में आर्थिक गति में सकारात्मक बदलाव को रेखांकित किया गया है।

### ट्रक किराए में मासिक आधार पर वृद्धि

विनिर्माण गतिविधियां बहाल होने से ट्रक किराये में मासिक आधार पर अच्छी वृद्धि देखी गई। उन्होंने कहा कि ईंधन की खपत और फास्टैग संग्रह में थोड़ी गिरावट आई है, लेकिन सालाना आधार पर इसमें तेज वृद्धि संरचनात्मक सुधार और मौसमी परिवहन के रुझान को दर्शाती है।

# सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव का अनुमान

**नई दिल्ली।** आने वाले सप्ताह में सोने की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, क्योंकि निवेशकों की नजर नौ जुलाई की महत्वपूर्ण शुल्क समयसीमा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित प्रमुख केंद्रीय बैंकों के नीतिगत संकेतों और प्रमुख वैश्विक वृहद आर्थिक आंकड़ों पर है। विश्लेषकों ने यह कहा है। निकट भविष्य में सोने की कीमतों की दिशा को प्रभावित कर सकते हैं।" उन्होंने कहा कि व्यापारियों के किसी भी प्रमुख नीतिगत संकेत या भू-राजनीतिक घटनाक्रम से पहले सतर्क रहने की संभावना है। भारत सहित कई देशों से आयात पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्क पर 90-दिवसीय निलंबन की अवधि नौ जुलाई को समाप्त हो रही है, जिससे अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय सामानों पर 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगने का जोखिम फिर से बढ़ गया है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष (ईबीजी) प्रणव मेर ने कहा, "मुख्य केंद्रीय बैंकों, विशेषकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती, अमेरिका और उसके व्यापारिक साझेदारों के बीच व्यापार वार्ता के परिणाम और आगामी वैश्विक आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी।



- व्यापारियों को शुल्क मुद्दे पर निष्कर्ष की प्रतीक्षा
- निवेशकों की निगाह नौ जुलाई पर टिकी हुई

# अमेरिकी वार्ता के परिणाम पर तय होगी शेयर बाजार की दिशा

- कंपनियों के तिमाही परिणाम भी बाजार पर असर डालेंगे
- जवाबी शुल्क के निलबंन के 90 दिन की अवधि 9 जुलाई को समाप्त हो रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के नतीजों से तय होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित जवाबी शुल्क के निलंबन की 90 दिन की अवधि नौ जुलाई को समाप्त हो रही है। ऐसे में यदि वार्ता के नतीजे सकारात्मक रहते हैं, तो बाजार की धारणा को बल मिल सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उनका कहना है कि इसके अलावा आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे और विदेशी कोषों का प्रवाह भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इस सप्ताह नौ जुलाई को भारत सहित दर्जनों देशों पर अमेरिकी प्रशासन द्वारा लगाए गए जवाबी शुल्क के निलंबन की 90 दिन की अवधि समाप्त हो रही है।




*कच्चे तेल व डॉलर की भी होगी भूमिका : घरेलू स्तर पर निवेशकों की निगाह आईटी कंपनी टीसीएस और खुदरा क्षेत्र की दिग्गज एवेन्यू सुपरमार्ट्स के तिमाही नतीजों पर रहेगी। इसके अलावा कई अन्य कंपनियों के भी चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजे आएंगे। साथ ही ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी।*

## इंडिगो अंतरराष्ट्रीय विस्तार को लेकर उत्साहित: सीईओ

**एम्सटर्डम।** अंतरराष्ट्रीय विस्तार पर जोर देते हुए एयरलाइन इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा कि एम्सटर्डम यूरोप और उत्तरी अमेरिका के बाकी हिस्सों को जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान होगा। इंडिगो भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है, जिसकी घरेलू बाजार में 64 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह नए मार्गों और साझेदारियों के साथ तेजी से अपनी विदेशी पहुंच को बढ़ा रही है। इंडिगो ने यूरोप में प्रवेश करते हुए इस सप्ताह मुंबई से मैनचेस्टर और एम्सटर्डम के लिए सीधी सेवाएं शुरू कीं। एल्बर्स ने इन पेशकश को एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। एल्बर्स ने कहा, ''मुझे लगता है कि अब यूरोप में प्रवेश करने का वक्त है। यह बदलाव सिर्फ दो नए गंतव्यों से कहीं अधिक गहरा है। यह उत्पाद का बदलाव है। यह कुछ साझेदारियों में बदलाव है।

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 50,000 कर्मियों की करेंगे भर्ती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अपनी बढ़ती कारोबारी जरूरतों और विस्तार के लिए चालू वित्त वर्ष में करीब 50,000 कर्मचारियों की भर्ती करेंगे। विभिन्न बैंकों से जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, कुल नई भर्तियों में से करीब 21,000 अधिकारी होंगे और बाकी लिपिक (क्लर्क) सहित अन्य कर्मचारी होंगे। सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से सबसे बड़ा ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) इस वित्त वर्ष में विशेषज्ञ अधिकारियों सहित करीब 20,000 लोगों की नियुक्त करने जा रहा है। एसबीआई ने देशभर में अपनी शाखाओं में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पहले ही 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर और 13,455 जूनियर एसोसिएट्स की भर्ती कर ली है।

- कुल नई भर्तियों में से करीब 21,000 अधिकारी होंगे

*35 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में होगी नियुक्ति : 13,455 जूनियर एसोसिएट्स की भर्ती 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों को भरने के इरादे से की गई है। मार्च, 2025 तक एसबीआई के कुल कर्मचारियों की संख्या 2,36,226 थी। पिछले वित्त वर्ष के अंत तक बैंक में 1,15,066 अधिकारी कार्यरत थे। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति पूर्णकालिक कर्मचारी औसत भर्ती लागत 40,440.59 रुपये थी। एसबीआई से हर साल दो प्रतिशत से कम कर्मचारी नौकरी छोड़ते हैं।*

**सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 4000 कर्मियों की भर्ती करेगा:** एक अन्य सरकारी बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया चालू वित्त वर्ष के दौरान लगभग 4,000 कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बना रहा है। इस बीच, वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से कहा है कि वे परिचालन को और बढ़ाने के बाद अपनी अनुषंगी कंपनियों में अपने निवेश का शेयर बाजारों में सूचीबद्धता के जरिये मौद्रीकरण करें, ताकि उन्हें अच्छा प्रतिफल मिल सके।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


धारा 82(2)(ii) Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **संजय पुत्रः** राम स्नेही, **पताः** झुग्गी नं. 12सी/314, कबीर नगर, राणा प्रताप बाग, दिल्ली, **FIR No. 168/2020, U/s 392/411 IPC**, थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 168/2020, U/s 392/411 IPC**, थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली दिल्ली के उक्त अभियुक्त **संजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ, एलडी
महानगर दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी—03
कोर्ट नं. 213 (उत्तर), रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8874/NW/2025
(Court Matter)

## शब्द पहेली - 5920




**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -5919 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ला | क | मा | न | | | क | मी | ज | |
| रा | ल | | न | | श | प | थ | | मा | मा |
| म | | | ध | नि | क | | न | | | लि |
| दे | ह | दा | न | | | अ | | ल | ल | क |
| ह | | खि | | बे | शु | मा | र | | ह | |
| | सा | ल | | ल | | न | | सु | र | |
| | हि | | ब | गा | व | त | | र | | हा |
| ज | ल | न | | म | | | अ | भि | मा | नि |
| ग | | | चु | | रा | ज | न | | | का |
| त | र | | ना | ह | क | | ब | | चा | र |
| | ब | हा | व | | | म | न | मो | ह | क |



# जोकोविच के नाम जुड़ा एक और रिकार्ड, विंबलडन में 100वीं जीत दर्ज करने वाले बने दुनिया के तीसरे खिलाड़ी

एजेंसी ⏭ लंदन


नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में 100 जीत दर्ज करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने तीसरे दौर में सर्बिया के हम वतन खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविच पर 6-3, 6-0, 6-4 से जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की। उनसे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे। जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं। उन्होंने शनिवार को केकमानोविच के

- इससे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे



### अगला मुकाबला एलेक्स डी. मिनाउर से होगा

जोकोविच ने कहा, 'मैं अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में जो भी इतिहास बनाऊंगा, उसके लिए मैं आभारी हूं।' अपना 20वां विंबलडन टूर्नामेंट खेल रहे 38 वर्षीय जोकोविच का अगला मुकाबला 11वें नंबर के एलेक्स डी. मिनाउर से होगा। महिला वर्ग में नौ बार विंबलडन एकल चैंपियन रहीं नवरातिलोवा ने 120 एकल जबकि पुरुष वर्ग में आठ बार के चैंपियन फेडरर ने 105 एकल मैच में जीत दर्ज कीं।



### माजचरजाक को हराकर खाचानोव क्वार्टर फाइनल में

**लंदन।** रूस के कारेन खाचानोव ने रविवार को यहां विबलडन के अंतिम 16 दौर के मैच में विश्व रैंकिंग में 109वें स्थान पर काबिज कामिल माजचरजाक को शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सत्रहवीं वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचे माजचरजाक को सीधे सेटों में 6-4, 6-2, 6-3 से हराया। खाचानोव के सामने क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज या जॉर्डन थॉम्पथन की चुनौती होगी।



## खबर संक्षेप



### आयरिश ओपन में दीक्षा संयुक्त 53वें स्थान पर

**किल्डारे (आयरलैंड)।** भारत की दीक्षा डागर तीसरे दौर में पार 73 के स्कोर से लेडीज यूरोपीय टूर के 2025 केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में तीन स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 53वें स्थान पर हैं। दीक्षा ने अब तक तीन दौर में 75, 73 और 73 के स्कोर से कुल दो ओवर का स्कोर बनाया है। लेडीज यूरोपीय टूर की ऑर्डर ऑफ मेरिट में 10वें स्थान पर चल रही दीक्षा ने तीसरे दौर में दो बर्डी की लेकिन दो बोगी भी कर गईं।


### चेबेट ने 5 हजार मीटर दौड़ में बनाया विश्व रिकॉर्ड




**यूजीन।** कीनिया की बीट्राइस चेबेट ने प्रीफॉन्टेन क्लासिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ 13 मिनट 58.06 सेकंड में जीतकर विश्व रिकार्ड बनाया। चेबेट इस स्पर्धा में 14 मिनट से कम समय निकालने वाली पहली महिला एथलीट बन गई है। उन्होंने इथियोपिया की गुडाफ त्सेगे की ओर से बनाए गए 14:00.21 के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। त्सेगे ने 2023 प्रीफोंटेन क्लासिक में यह रिकॉर्ड बनाया था। कीनिया की ही फेथ किपयेगोन ने महिलाओं की 1,500 मीटर दौड़ तीन मिनट 48.68 सेकंड में पूरी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

### जापान के निशिमेटा से हारे श्रीकांत, चुनौती समाप्त

**कैलगरी।** कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत के किदांबी श्रीकांत जापान के केंटा निशिमोटो से 21-19, 14-21, 18-21 से हार गए। उनकी हार के साथ ही कनाडा ओपन में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। श्रीकांत ने पहला गेम 21-19 से जीतकर मुकाबले की मजबूत शुरुआत की थी, लेकिन उनके जापानी प्रतिद्वंद्वी ने अगले दो गेम में कड़ी टक्कर दी और एक घंटे 18 मिनट तक चले गेम को जीत लिया। एक वक्त निर्णायक गेम में स्कोर 18-18 से बराबर हो गया था। हालांकि, इसके बाद निशिमोटो ने कमजोर रिटर्न पर अटैक किया और फिर श्रीकांत ने दो बार शॉट वाइड मारकर मैच जापानी खिलाड़ी के झोली में डाल दिया।



### भुल्लर मोरक्को में संयुक्त 24वें स्थान पर

**रबात (मोरक्को)।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को के तीसरे दौर में दो अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद 12 स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 24वें पायदान पर पहुंच गए। एशियाई टूर पर 11 खिताब जीतने वाले भुल्लर ने तीसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाए।



### बर्मिंघम में ऐतिहासिक जीत, आकाशदीप ने लिए 10 विकेट, गिल ने बनाए 430 रन

# भारत की एजबेस्टन में ऐतिहासिक जीत इंग्लैंड को 336 से हराकर श्रृंखला बराबर की

एजेंसी ⏭ बर्मिंघम

बिहार के सासाराम के आकाश दीप (187 रन देकर 10 विकेट) की शानदार गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन इंग्लैंड को 336 रन से हराकर एजबेस्टन में 58 साल पुराने मिथक को तोड़ते हुए ऐतिहासिक जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट पांच विकेट से जीता था। स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में 28 वर्षीय आकाशदीप ने बड़े मंच पर प्रभावित करते हुए इंग्लैंड की दूसरी पारी में 99 रन देकर छह विकेट झटके जिससे मेजबान टीम 608 रन के असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 271 रन पर सिमट गई। इस जीत के दौरान कप्तान शुभमन गिल (269 रन और 161 रन) के दोनों पारियों में शतक से भारत ने रनों का अंबार लगाया तो वहीं आकाश दीप भी बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर कमाल की गेंदबाजी से बराबर के हकदार हैं।बारिश के कारण पांचवें और अंतिम दिन का खेल एक घंटा 40 मिनट के विलंब से शुरू हुआ जिससे दिन के ओवर घटाकर 80 कर दिए गए। इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 72 रन से आगे खेलना शुरू किया।मोहम्मद सिराज (सात विकेट) ने पहली पारी में गेंदबाजी का नेतृत्व कर इंग्लैंड को 407 रन ही बनाने दिए थे, उन्होंने दूसरी पारी में शानदार कैच लपके।



### सरकारी स्कूल के शिक्षक के बेटे आकाशदीप ने कर दिया कमाल

बिहार के एक छोटे से कस्बे में पर्याप्त मौके नहीं मिलने के कारण सरकारी स्कूल के शिक्षक के बेटे आकाशदीप के लिए यह सफर आसान नहीं रहा। वह टेनिस बॉल क्रिकेट खेलकर मिलने वाली 'पॉकेट मनी' पर गुजारा करते। फिर बंगाल में सात साल पहले 'स्काउट्स' ने उनकी काबिलयत देखकर अपनी टीम में शामिल कर लिया। उन्होंने 2019 में क्रिसमस के दौरान बंगाल के लिए अपना पहला प्रथम श्रेणी मैच खेला। उनकी तेज इनकटर ने जो रूट, बेन डकेट, ओली पोप और हैरी ब्रुक को चकमा दिया और अपने कप्तान को बुमराह की कमी महसूस नहीं होने दी। आकाशदीप की बहन कैंसर से पीड़ित है और हर बार जब वह पिच की ओर दौड़ते हैं तो उनकी बीमार बहन उन्हें दिखती। इंग्लैंड के लिए जैमी स्मिथ (88 रन) अकेले डटे रहे ।

## जायसवाल ने पूरी की अपने दृष्टिबाधित फैन की इच्छा, उपहार में नन्हें रवि को दिया ऑटोग्राफ वाला बल्ला



**बर्मिंघम।** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने एक प्रशंसक दृष्टिबाधित बच्चे रवि को ऑटोग्राफ वाला बल्ला देकर उसकी मुराद पूरी कर दी। यह बच्चा भारतीय बल्लेबाज से मिलने के लिए बेताब था।क्रिकेट प्रशंसक रवि इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच से जायसवाल से मिलने की कोशिश कर रहे थे और शनिवार को यहां चल रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन आखिरकार उनकी यह इच्छा पूरी हो गई। खेल के प्रति रवि के जुनून और उसके प्रति प्रेम से अभिभूत होकर, जायसवाल ने बच्चे को अपने ऑटोग्राफ वाला बल्ला उपहार में दिया, जिस पर संदेश लिखा था, 'रवि को प्यार के साथ शुभकामनाएं।'जायसवाल ने रवि से कहा, 'हैलो रवि, आप कैसे हैं? मैं यशस्वी हूं, आपसे मिलकर खुशी हुई। मैं आपसे मिलने के लिए वास्तव में उत्साहित था क्योंकि मुझे पता है कि आप क्रिकेट के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। मैं नहीं जानता कि मैं आपसे मिलने को लेकर नर्वस क्यों था।' जायसवाल ने कहा, 'मेरे पास आपके लिए एक उपहार है... मेरा बल्ला। मैं चाहूंगा कि आप इसे मेरी याद के रूप में रखें। आपसे मिलकर वास्तव में बहुत अच्छा लगा।' इस पर रवि ने जवाब दिया, 'आपसे मिलकर मुझे भी बहुत खुशी हुई। बहुत-बहुत धन्यवाद। आप शानदार क्रिकेटर है। आप भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं। मुझे क्रिकेट पसंद है, मुझे आपकी बल्लेबाजी देखना पसंद है।'

## विद्या पिल्लई ने राष्ट्रमंडल बिलियर्ड्स टूर्नामेंट में हेबॉल स्पर्धा का स्वर्ण जीता

- मुकाबला 5-5 से बराबरी पर छूटने के बाद शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की

**बालाक्लावा (मॉरीशस), (भाषा)।** अनुभवी भारतीय क्यू (बिलियर्ड्स और स्नूकर) खिलाड़ी विद्या पिल्लई ने रविवार को यहां पहली राष्ट्रमंडल बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में अनुभव और धैर्य का शानदार इस्तेमाल करते हुए हेबॉल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

6-रेड स्नूकर में पूर्व विश्व चैंपियन 47 वर्षीय विद्या ने महिलाओं के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की मरीना जैकब्स के खिलाफ मुकाबला 5-5 से बराबरी पर छूटने के बाद शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की विद्या ने खिताबी मुकाबले में बेहतरीन शुरुआत करते हुए 5-1 की बढ़त हासिल की लेकिन मरीना ने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए स्कोर 5-5 कर दिया। विद्या ने हालांकि शूटआउट में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए शानदार जीत दर्ज की। भारत की चित्रा मगिमाइराज को स्वर्ण पदक के लिए हुए मैच में सिंगापुर की वीनस लिम झिन्यी से हार का सामना करना पड़ा। उन्हें महिलाओं के 10-बॉल पूल में 5-5 से बराबरी करने के बाद शूटआउट (3-4) में हार का सामना करना पड़ा। चित्रा ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की लीन हास को 7-0 से हराया था। अन्य भारतीयों में अनुपमा रामचंद्रन और कीर्तना पांडियन को महिलाओं की 6-रेड स्नूकर स्पर्धा के सेमीफाइनल में हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अनुपमा को इंग्लैंड की रेबेका केना से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा जबकि कीर्तना को सिंगापुर की चुआ पेफेन ऑड्रे से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा।

### क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट : रियाल मैड्रिड ने बोरूसिया डॉर्टमंड को 3-2 से हराया

# रियाल मैड्रिड और पीएसजी का सेमीफाइनल में होगा आमना-सामना

एजेंसी ⏭ ईस्ट रदरफोर्ड

यूरोप के दो चोटी के क्लब रियाल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। रियाल मैड्रिड ने खेले गए मैच में किलियन एमबाप्पे के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बाइसिकल किक से किए गए शानदार गोल की मदद से बोरूसिया डॉर्टमंड को 3-2 से हराया।

- यूरोप के दो चोटी के क्लबों के बीच होगा रोमांचक मुकाबला

गोंजालो गार्सिया और फ्रान गार्सिया ने पहले 20 मिनट में गोल करके मैड्रिड को 2-0 की बढ़त दिला दी। इससे मैड्रिड की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन दूसरे हाफ का इंजरी टाइम घटना प्रधान रहा, जिसमें तीन गोल हुए। डॉर्टमंड के मैक्सिमिलियन बेयर ने इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में गोल किया लेकिन एमबाप्पे ने एक मिनट बाद बाइसिकल किक से खूबसूरत गोल किया, जिससे मैड्रिड ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली।



### क्वार्टर फाइनल में पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को दी मात

*सेरहो गुइरासी ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदल दिया। डॉर्टमंड को डीन हुइजसेन के फाउल करने के कारण यह पेनल्टी मिली थी। रियाल मैड्रिड के खिलाड़ी को रेड कार्ड मिला और वह सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे। इससे पहले एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को 2-0 से हराया। पीएसजी की तरफ से डिजायर डोउ और ओसमाने डेम्बले ने गोल किए। प्रतियोगिता के एक अन्य सेमीफाइनल में यूरोप के क्लब चेल्सी का ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस से मुकाबला होगा।*

### क्रिकेट

## वैभव ने बताया लक्ष्य, कहा- लगाना चाहता हूं डबल सेंचुरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि वह शतक बनाने के बाद शुभमन गिल को बिना किसी दबाव के खेलते हुए देखकर प्रेरित हुए और भविष्य के मैचों में भारतीय टेस्ट कप्तान का अनुकरण करना चाहते हैं।

- वैभव ने कहा-अगली बार मैं पूरे पचास ओवर खेलने की कोशिश करूंगा

सूर्यवंशी ने वॉर्सेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत अंडर-19 की तरफ से चौथे मैच में केवल 78 गेंदों पर 143 रन की शानदार पारी खेली और युवा एकदिवसीय मैचों में शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। सूर्यवंशी ने बीसीसीआई के 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'मुझे उनसे (गिल से) काफी प्रेरणा मिली, क्योंकि मैंने उनका खेल देखा था। 100 और 200 रन बनाने के बाद भी वह सहजता से खेलते रहे।'

गिल ने बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया। उन्होंने पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस दौरान भारत की अंडर-19 टीम भी एजबेस्टन में थी। सूर्यवंशी ने कहा, 'मैं अगले मैच में 200 रन बनाने की कोशिश करूंगा। अगली बार मैं पूरे पचास ओवर खेलने की कोशिश करूंगा। मैं जितने अधिक रन बनाऊंगा, मेरी टीम के लिए उतना ही बेहतर होगा।'



### अपने बनाए गए रिकार्डों के बारे में पता नहीं

सूर्यवंशी ने कहा कि जब तक वह ड्रेसिंग रूम में नहीं लौटे, उन्हें अपने बनाए गए रिकार्डों के बारे में पता नहीं था। उन्होंने युवा वनडे में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि 100 रन बनाने के बाद मैंने रिकॉर्ड बना लिया है। हमारे टीम मैनेजर अंकित सर ने मुझे बताया कि मैंने रिकॉर्ड बना लिया है। सभी ने मुझे बधाई दी।'

### हॉकी

## मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित हुआ दीपिका का गोल



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका को 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सत्र के दौरान दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ किए गए मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकन शुक्रवार को जारी किए गए। विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया जाएगा। मतदान करने की अंतिम तिथि भारतीय समयानुसार 14 जुलाई सुबह 3 बजकर 29 मिनट है। इस पुरस्कार के लिए कुल 3 गोल को नामांकित किया गया है। दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया।



आठवीं पुण्य तिथि
श्री जीत सिंह (जीते पहलवान जी)
1968 - 7 जुलाई 2017
जिनसे हम प्यार करते हैं, वे दूर नहीं जाते, वे हर रोज हमारे साथ चलते हैं। वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय पहलवान जीते (जीत सिंह) की 8 वी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन।
नरेला निवासी : सुपुत्र हन्नी सिंह व समस्त परिवार की तरफ से




# फ्रांसीसी खुफिया रिपोर्ट में दावा: राफेल लड़ाकू विमान को बदनाम करने के लिए 'दुष्प्रचार' कर रहा है चीन

## चीन अपने लड़ाकू विमानों को बेचने के लिए कर रहा गलत प्रचार

एजेंसी ▶▶ पेरिस

भारत-पाकिस्तान संघर्ष की आड़ में चीन फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमानों के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और इस काम में उसके दूतावास विभिन्न देशों को राफेल लड़ाकू विमान न खरीदने और चीनी जेट खरीदने के लिए मनाने में जुटे

फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसियों ने अपनी एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिए फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की क्षमता पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। खासकर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए संघर्ष के बाद इस दुष्प्रचार में तेजी आई है। चीन, राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले अपने लड़ाकू विमानों को बेहतर बनाकर पेश कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के दूतावासों में तैनात डिफेंस अताशे विभिन्न देशों को राफेल लड़ाकू जेट नहीं खरीदने पर जोर दे रहे हैं। खासकर इंडोनेशिया को मनाने की कोशिश हो रही है, जो राफेल जेट खरीदने पर विचार कर रहा है। इतना ही नहीं चीन अपने लड़ाकू विमानों का प्रचार कर रहा है और विभिन्न देशों पर उन्हें खरीदने के लिए जोर डाल रहा है।



### चीन निर्मित हथियारों के प्रदर्शन पर उठे सवाल?

पहलगाम आतंकी हमले के बाद मई में भारत और पाकिस्तान के बीच भीषण संघर्ष हुआ था, जिसमें मिसाइलों और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। सैन्य विशेषज्ञ अब इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि पाकिस्तान के चीन में निर्मित हथियारों खासकर लड़ाकू विमानों ने भारत के फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के खिलाफ कैसा प्रदर्शन किया। पाकिस्तान का दावा है कि उसने भारत के पांच लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल जेट भी शामिल हैं। हालांकि फ्रांस के वायुसेना प्रमुख जनरल जेरोम बेलेंजर ने कहा कि भारत ने संभवतः तीन लड़ाकू विमान खोए, जिनमें एक राफेल, एक सुखोई और एक मिराज 2000 शामिल है।

### सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार

इसके तहत सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल की जा रही हैं, जिनमें फर्जी तस्वीरों के जरिए राफेल के मलबे को दिखाया जा रहा है। साथ ही एआई जेनरेट कंटेंट और वीडियो गेम की क्लिप दिखाकर राफेल को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के बाद एक हजार से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट बनाए गए, जो चीन की सैन्य तकनीक को बेहतर बताने की कोशिश कर रहे हैं।



**भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर फैलाई जा रहीं फर्जी खबरें**

### फ्रांस के रक्षा निर्यात में राफेल अहम

फ्रांस ने अभी तक जितने भी देशों को राफेल लड़ाकू जेट बेचे हैं, उनमें पहली बार राफेल के निशाना बनने की बात सामने आई है। बेलेंजर ने कहा कि लड़ाकू विमान अगर गिरा है, तो इस बारे में उस देश से सवाल पूछा जाना चाहिए। फ्रांस के हथियार निर्यात में बड़ा हिस्सा राफेल और उससे जुड़े उपकरण हैं। यह फ्रांस का विभिन्न देशों से संबंध बेहतर करने का भी प्रमुख जरिया है। खासकर एशिया में, जहां चीन अपना दबदबा बढ़ा रहा है। हालांकि इन दिनों फ्रांस को चीन के दुष्प्रचार से जूझना पड़ रहा है। जिसमें पाकिस्तान और चीन दोनों शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने दलाई लामा को दी जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली।** तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा रविवार को 90 साल के हो गए हैं। उनके जन्मदिन के खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। मोदी ने दलाई लामा को 'प्यार, करुणा, धैर्य और नैतिक अनुशासन' का प्रतीक बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। पीएम मोदी ने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की तरफ से वो दलाई लामा को शुभकामनाएं देते हैं।

### तालिबान को मान्यता देने की जल्दी में नहीं है पाक



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वे फिलहाल अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता देने की जल्दबाजी नहीं कर रहे हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि कोई भी फैसला देश के हितों को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। पाकिस्तान का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब एक दिन पहले ही रूस ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता देने का एलान कर दिया है।

## भारत-अर्जेंटीना के बीच ड्रोन प्रौद्योगिकी साझेदारी पर हुई चर्चा

# वन्यजीवों का संरक्षण और विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन की उपयोगिता एवं संभावनाएं तलाशेंगे दोनों देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्जेंटीना की अपनी ऐतिहासिक यात्रा के दौरान दक्षिण अमेरिकी राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ ड्रोन प्रौद्योगिकी जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की।

दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक के बाद एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कुमारन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और माइली के बीच बातचीत में ड्रोन के उपयोग और विभिन्न उद्देश्यों के लिए उनके उपयोग पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) को 2023 में पीएम मोदी द्वारा लॉन्च किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा नामक सात बड़ी बिल्लियों का संरक्षण करना है, जिसमें संबंधित हितधारकों के बीच सहयोग और तालमेल की सुविधा, दुनिया भर में बड़ी बिल्लियों के संरक्षण को प्राप्त करने के लिए सफल संरक्षण प्रथाओं और विशेषज्ञता का समेकन जैसे उद्देश्य शामिल हैं और यह वैश्विक वन्यजीव संरक्षण के लिए भारत के नेतृत्व और प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### ◆ ड्रोन के उपयोग से हेलीकॉप्टर पर निर्भरता होगी कम

**पीएम मोदी ने अर्जेंटीना को अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस में शामिल होने आमंत्रित किया**



### ब्राजील पहुंचे पीएम मोदी, ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर हुआ स्वागत




पीएम मोदी अर्जेंटीना के बाद अब ब्राजील पहुंच गए हैं। यहां भारतीय समुदाय ने उनका भव्य स्वागत किया। पीएम मोदी के सामने ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर एक नृत्य प्रस्तुत किया गया। पीएम मोदी यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी का ब्राजील की चार दिवसीय यात्रा पर रियो डी जेनेरियो पहुंचे हैं। यहां पर भारतीय समुदाय ने उनका भव्य स्वागत किया। ब्राजील में पीएम मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। वहीं भारतीय प्रवासियों ने रियो डी जेनेरियो में पीएम मोदी के स्वागत में पारंपरिक नृत्य और लोकगीत प्रस्तुत किए। इसमें खास बात यह रही कि पीएम मोदी के सामने ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर आधारित 'ये देश नहीं मिटने दूंगा' गीत पर एक नृत्य प्रस्तुति भी की गई। इस दौरान पीएम मोदी ने भारतीयों से बात भी की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने ब्राजील पहुंचने की जानकारी दी।

### मवेशियों के प्रबंधन में ड्रोन का उपयोग

पी. कुमारन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया, पीएम मोदी और राष्ट्रपति माइली के बीच अवैध, अनियमित और अप्रतिबंधित मछली पकड़ना, विशेष रूप से अर्जेंटीना के विशेष आर्थिक क्षेत्रों में मछुआरों का अतिक्रमण और आईयूयू मछली पकड़ने से निपटने के लिए इसका उपयोग करने के बारे में चर्चा हुई। इसके अलावा, मवेशियों के प्रबंधन के लिए ड्रोन का उपयोग करने, सीमा निगरानी के लिए कृषि उत्पादकता बढ़ाने के बारे में भी चर्चा हुई और अर्जेंटीना पक्ष ने इस बारे में भी बात की कि कैसे ड्रोन पारंपरिक रूप से हेलीकॉप्टरों पर निर्भरता के बजाय ड्रोन का उपयोग करके उच्च तनाव वाली बिजली ट्रांसमिशन लाइनों की निगरानी में मदद कर सकते हैं, जो बहुत अधिक महंगा है। सहयोग के एक अन्य नए क्षेत्र के बारे में, कुमारन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अर्जेंटीना को अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। वहीं, दोनों नेताओं ने भारत द्वारा संचालित एक पहल के तहत सहयोग पर चर्चा की, जिसे अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस कहा जाता है। यह छह चिन्हित बड़ी बिल्लियों- शेर, बाघ, जगुआर आदि के संरक्षण में आईबीसीए के सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा में सेंध

# ट्रंप के गोल्फ कोर्स पर उड़ रहे प्लेन को लड़ाकू विमान ने खदेड़ा



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी वायुसेना ने न्यू जर्सी के बेडमिंस्टर में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गोल्फ कोर्स के ऊपर उड़ रहे एक नागरिक विमान को रोकने के लिए लड़ाकू जेट भेजा। राष्ट्रपति ट्रंप और प्रथम महिला सप्ताहांत के लिए न्यू जर्सी के बेडमिंस्टर में हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फर्स्ट लेडी जब वीकेंड पर न्यू जर्सी के बेडमिंस्टर स्थित निजी गोल्फ कोर्स में मौजूद थे, उसी दौरान उनकी सुरक्षा में बड़ी सेंध लगने से हड़कंप मच गया।

शनिवार 5 जुलाई को एक नागरिक विमान ने अस्थायी उड़ान प्रतिबंध (टीएफआर) का उल्लंघन किया, जिसके बाद उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) के लड़ाकू विमान ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उस विमान को इंटरसेप्ट कर रोक दिया।

### 5 बार नियमों का किया उल्लंघन

बयान में बताया गया कि यह दिन भर में पांचवां टीएफआर उल्लंघन था। इससे पहले तीन और उल्लंघन हो चुके थे जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंता और बढ़ गई। अमेरिकी एयरफोर्स ने सभी पायलटों को एफएए द्वारा जारी नोटिस टू एयर मिशन यानी नोटम पढ़ने और पालन करने की सख्त हिदायत दी है। एयरफोर्स ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, यदि आप बेडमिंस्टर, एनजे के आस-पास उड़ान भरने की सोच रहे हैं, तो नोटम्स 1353, 1358, 2246, और 2247 पर जरूर नजर डालें। ये सुरक्षा के लिए हैं, कोई बहाना नहीं चलेगा! सावधान रहें और प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र से बाहर रहें। एनओआरएडी द्वारा एफटीआरए उल्लंघन की स्थिति में कैसे कार्रवाई की जाती है, इसके लिए उन्होंने एक वीडियो लिंक भी साझा किया है, जो जागरूकता बढ़ाने के लिए है।

### प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में था विमान

एनओआरएडी ने जानकारी दी कि यह घटना दोपहर 2:39 बजे (ईडीटी) हुई जब सामान्य नागरिक विमान ने प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया। एनओआरएडी के फाइटर जेट ने हेडबट रणनीति अपनाते हुए पायलट का ध्यान खींचा और विमान को सुरक्षित रूप से प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर निकाल दिया गया।

## 24 घंटे में गाजा पट्टी में 130 ठिकानों पर हमला



# इजराइल ने किया गाजा पर हवाई हमला, 33 फलस्तीनी मारे गए

एजेंसी ▶▶ तेलअवीव

इजराइली सेना ने कहा कि उसने पिछले दिन संघर्षग्रस्त क्षेत्र में 100 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्ध विराम प्रयासों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से व्हाइट हाउस में वार्ता के लिए वाशिंगटन जाने की तैयारी कर रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुरुआती 60 दिन के युद्ध विराम की योजना पेश की है ।

### गाजा शहर के दो मकानों को भी बनाया गया निशाना

जिसमें गाजा में मानवीय आपूर्ति में वृद्धि के बदले हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की आंशिक रूप से रिहाई शामिल है। प्रस्तावित युद्ध विराम में 21 महीने से जारी युद्ध को पूरी तरह समाप्त करने के लिए वार्ता की बात कही गई है। गाजा शहर में सेवा प्रदान करने वाले शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेलमिया के अनुसार, इजराइली हमलों में गाजा शहर के दो मकानों को निशाना बनाया गया।

# अब जापानी वैज्ञानिकों ने बनाया कृत्रिम रक्त, ब्लड ग्रुप की चिंता किए बिना भी चढ़ सकेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापानी वैज्ञानिकों ने रक्त की इस कमी को दूर करने के लिए कृत्रिम रक्त यानी आर्टिफिशियल तरह का खून विकसित कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे असली रक्त के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। इतना ही नहीं सबसे खास बात ये है कि इसका उपयोग किसी भी ब्लड ग्रुप के लिए किया जा सकता है और इसे बिना रेफ्रिजरेशन के लंबे समय तक सुरक्षित भी रखा जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह आपातकालीन चिकित्सा के दौरान सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौती को दूर करने और लोगों की जान बचाने में काफी मददगार हो सकती है। खबरों के मुताबिक जापान स्थित नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की टीम इस साल एक क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने जा रही है। जिसमें परीक्षण किया जाएगा कि क्या सामान्य रूप से फेंक दिए जाने वाले एक्सपायर हो चुके रक्त को कृत्रिम लाल रक्त कोशिकाओं में बदलकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है?



## 24 सदस्यीय टीम ने की तकनीकी जांच, 915 करोड़ रुपए का है फाइटर जेट

**हाइड्रॉलिक फेल्योर के कारण टेक ऑफ करना संभव नहीं हुआ**

# तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर ब्रिटेन का फाइटर प्लेन एफ-35 बी 22 दिन बाद हैंगर में शिफ्ट किया

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर 22 दिनों से खड़ा ब्रिटिश एफ-35बी स्टील्थ फाइटर जेट आखिरकार रविवार को हटा दिया गया। यह विमान 14 जून को आपातकालीन लैंडिंग के बाद वहां फंसा हुआ था। विमान को ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स के एयरबस ए 400 एम एटलस से आई 24 सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम ने तकनीकी जांच के बाद हैंगर में शिफ्ट किया।

ब्रिटिश एफ-35बी जेट एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर ग्रुप का हिस्सा है और केरल के तट से करीब 100 नॉटिकल मील दूर समुद्री अभ्यास कर रहा था। खराब मौसम और ईंधन की कमी के कारण इसे तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी। भारतीय वायुसेना ने इस लैंडिंग में सहयोग करते हुए ईंधन और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की थी, लेकिन जब विमान को वापस ले जाने की तैयारी हो रही थी।





### हैंगर में शिफ्ट करने को राजी हुई ब्रिटिश टीम

ब्रिटिश नेवी की एक छोटी टीम ने विमान की मरम्मत की कोशिश की, लेकिन तकनीकी जटिलताओं के कारण वे असफल रहे। इसके बाद ब्रिटिश टीम ने एअर इंडिया द्वारा विमान को हैंगर में रखने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

### एफ-35 बी जेट पर बने मीम्स

इस दौरान सोशल मीडिया पर एफ-35 बी जेट मजाक और मीम्स का विषय भी बना। एक्स पर लोगों ने इसे 'आधार कार्ड' से लेकर बॉलीवुड डायलॉग तक में शामिल किया। यहां तक कि केरल टूरिज्म ने भी एक मजेदार पोस्ट के जरिए इस पर चुटकी ली। यह देखना होगा कि ब्रिटिश तकनीकी टीम इसे उड़ान लायक कब बना पाती है और कब यह एचएमएस प्रिंस ऑफ वाल्स में वापस लौटता है।

### सीमित क्षेत्र से भर सकता है उड़ान

एफ-35 बी लाइटनिंग दुनिया का सबसे आधुनिक पांचवीं पीढ़ी का फाइटर जेट है, जिसकी कीमत करीब 110 मिलियन डॉलर (करीब 915 करोड़ रुपए) है। यह एसटीओवीएल यानी शॉर्ट टेक ऑफ एंड वर्टिकल लैंडिंग क्षमता से लैस है और छोटे डेक या सीमित क्षेत्र वाले बेस से उड़ान भरने में सक्षम है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109